सूर्योदय 5:48 सूर्यास्त 7:02

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,598 |
| निफ्टी | 24,631 |

सोना 1,00,023 चांदी 1,14,933

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



हिमाचल से कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में नहीं ला रहा मेडल : अनुराग ठाकुर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 17 अगस्त 2025 | 2 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 229, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### शुभांशु अमेरिका से भारत के लिए रवाना



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में कदम रखने वाले भारत के दूसरे और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला रविवार को भारत आ जाएंगे। वह शनिवार को अमेरिका से भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। शुभांशु शुक्ला ने विमान में बैठने के बाद इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की और अपने अंतरिक्ष सहयात्रियों को याद किया। शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

### चीन के विदेश मंत्री कल आएंगे भारत

**एजेंसी, बीजिंग।** भारत सरकार ने सीमा विवाद के मुद्दे पर चर्चा के लिए चीनी विदेश मंत्री के भारत दौरे की पुष्टि कर दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य और चीनी विदेश मंत्री वांग यी 18-19 अगस्त को भारत दौरे पर आएंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी वांग यी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे। वांग यी के भारत दौरे पर भारत-चीन सीमा के सवाल पर दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच 24वें दौर की बैठक होगी। इस बैठक में चीन की तरफ से विशेष प्रतिनिधि वांग यी और भारत की तरफ से एनएसए अजीत डोभाल शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### मेलबर्न में खालिस्तानियों ने तिरंगा फहराने से रोका

**एजेंसी, कैनेबरा।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर स्वतंत्रता दिवस मना रहे भारतीय नागरिकों को खालिस्तानी समर्थकों ने रोकने की कोशिश की और हंगामा किया। द ऑस्ट्रेलिया टुडे के मुताबिक, भारतीय नागरिक शांतिपूर्वक स्वतंत्रता दिवस मना रहे थे, तभी कुछ खालिस्तानी समर्थकों ने झंडे लहराकर और परेशान करके माहौल खराब किया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें भारतीय समुदाय देशभक्ति गीत गाकर तिरंगा झंडा फहराते दिख रहे हैं। तभी कुछ खालिस्तानी उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश करते है। हालांकि, समारोह में भारत माता की जय और वंदे मातम के नारों के बीच तिरंगा फहराया गया। पुलिस को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- कई चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ रहा हिमाचल: विनय -पेज 2
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही हमारी प्राथमिता : रोहित ठाकुर -पेज 3
- गरीब और किसानों की खुशहाली सर्वोच्च प्राथमिकता: चंद्र -पेज 5
- राजधानी शिमला में 3 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप -पेज 6
- 5 सड़क परियोजनाओं का 59 करोड़ से होगा कार्य : विक्रमादित्य -पेज 12

# मणिमहेश यात्रा : जन्माष्टमी पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उत्तर भारत की पावन मणिमहेश यात्रा आधिकारिक तौर पर शनिवार से शुरू हो गई है। जन्माष्टमी पर छोटे शाही स्नान के साथ आरंभ यह यात्रा राधा अष्टमी यानी 31 अगस्त तक चलेगी। देशभर से मणिमहेश आने वाले भगवान भोले के भक्त इस बार यहां गंदगी नहीं फैला पाएंगे। राज्य सरकार ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए 'डिपोजिट रिफंड' स्कीम शुरू की है। इस स्कीम को शनिवार से ही पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर मणिमहेश यात्रा में पहली बार शुरू किया गया है। इसके तहत प्लास्टिक में पैक्ड खाद्य सामग्री के लिए श्रद्धालुओं को अतिरिक्त रुपए चुकाने होंगे।

फोल्डेबल प्लास्टिक (चिप्स, कुरकुरे, चॉकलेट, नमकीन आदि) के 2 रुपए, पानी की बोतल के 5 रुपए और मेटल की बोतल में पैक्ड सामग्री के 10 रुपए अतिरिक्त चुकाने होंगे। इन खाद्य सामग्री पर 2, 5 व 10 रुपए के स्कैनर लगे होंगे। इनका उपयोग करने के बाद श्रद्धालु खाद्य सामग्री के प्लास्टिक को



डल झील की फाइल फोटो।

वापस कर सकेंगे। इसके लिए 10 कलेक्शन सेंटर खोले गए हैं। जिस दुकान से प्लास्टिक पैक्ड सामग्री खरीदी जाएगी, उस दुकान में भी श्रद्धालु प्लास्टिक को वापस कर सकेंगे। भरमौर प्रशासन के मुताबिक पहले दिन शुभ मुहूर्त पर 20 हजार श्रद्धालुओं ने डल झील में डुबकी लगाई। यात्रा पर हिमाचल के अलावा पंजाब, कश्मीर, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात और मध्य प्रदेश से भी काफी संख्या में भगवान भोले के भक्त पहुंच रहे हैं।

### फिटनेस टेस्ट अनिवार्य, ऑक्सीजन की होती है कमी

**समुद्र** तल से 13385.83 फीट की ऊंचाई पर स्थित मणिमहेश के लिए यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को फिटनेस टेस्ट पास करना अनिवार्य होगा। टेस्ट पास करने वाले श्रद्धालुओं को ही यात्रा पर भेजा जाएगा। जो श्रद्धालु मेडिकल टेस्ट में फिट नहीं पाए जाएंगे, उन्हें यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं होगी, क्योंकि इस यहां के दौरान ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। इससे कई श्रद्धालुओं की मौत भी हो चुकी है।

# युवाओं को रोजगार, जीएसटी में होगा सुधार : पीएम मोदी

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से कीं कई घोषणाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से कई घोषणाएं की हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना लॉन्च की। साथ ही दिवाली तक टैक्स कम करने वाली जीएसटी रिफॉर्म्स स्कीम लाने की बात भी कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज मैं आपके लिए खुशखबरी लेकर आया हूं। 15 अगस्त के दिन मेरे देश के युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू कर रहे हैं। इससे साढ़े 3 करोड़ नौजवानों को रोजगार मिलेगा।' मोदी ने कहा कि इस साल दिवाली में बड़ा तोहफा मिलने वाला है। जीएसटी को आए 8 साल हो चुके हैं। हमने उसका रीव्यू किया। उसका रिफॉर्म कर टैक्सेशन को सरल किया है। हम नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लेकर आ रहे हैं। सामान्य लोगों के लिए टैक्स कम कर देंगे, रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएंगी, लोगों को बहुत फायदा होगा। (अनंत ज्ञान)

**कहा- रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएंगी, लोगों को होगा फायदा**



### आम वस्तुओं पर कम होगा टैक्स

**आम** और महत्वाकांक्षी सामान पर टैक्स कम करने का मतलब है कि रोजमर्रा की जरूरी चीजें (जैसे खाना, कपड़े) और ऐसी चीजें जो लोग खरीदना चाहते हैं (जैसे स्मार्टफोन, टीवी) सस्ती हो जाएंगी। इससे ये सामान ज्यादा लोगों की पहुंच में होंगेऔर बाजार में खपत बढ़ेगी।

### जीएसटी स्लैब 4 से 2 करने का प्रस्ताव

**स्वतंत्रता** दिवस पर पीएम मोदी के इस ऐलान के बाद केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार ने त्रस्ज्ञ दरों के सरलीकरण और सुधारों का प्रस्ताव जीएसटी काउंसिल के मंत्रियों के समूह को भेजा है। इसमें जीएसटी के 4 स्लैब को घटाकर दो करने से लेकर प्रोसेस आसान बनाने जैसे प्रस्ताव है। केंद्र सरकार 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने या वर्तमान में 12 प्रतिशत टैक्स वाले आइटम्स को 5 प्रतिशत स्लैब में ला सकती है। इस रीस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव में मिडिल-क्लास और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स शामिल होंगे। अभी जीएसटी में 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के चार स्लैब हैं।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंडी के सरकाघाट में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# आपदा राहत के लिए 100 करोड़

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** प्रदेश में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंडी जिले के सरकाघाट में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव के कारण प्रदेश में आपदा की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए अतिरिक्त 100 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त आपदा न्यूनीकरण और आजीविका की सुरक्षा के उद्देश्य से 3,000 करोड़ रुपए की परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की।

इस वर्ष आपदाओं में जान गंवाने वाले 222 लोगों और सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में मसेरन बस दुर्घटना के आठ मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि विशेष राहत पैकेज के तहत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजा राशि को 1.3 लाख रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए किया गया है, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजा राशि को 12,500 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया है। सीएम ने कहा कि वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश को 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। केंद्र सरकार द्वारा किए गए आकलन के बावजूद हिमाचल को दो वर्ष के उपरांत क्षतिपूर्ति के रूप में मात्र 1,500 करोड़ रुपए ही मिले।



राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**आपदा न्यूनीकरण एवं आजीविका सुरक्षा प्रोजेक्ट के लिए 3,000 करोड़ रुपए की घोषणा**

### नशा मुक्ति रोकथाम और पुनर्वास बोर्ड के गठन का किया ऐलान

**राज्य** सरकार ने पुलिस भर्ती में चिट्टा परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने एंटी चिट्टा वालंटियर योजना शुरू करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड के गठन की भी घोषणा की। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने घोषणा की कि सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक अब शैक्षणिक सत्र के मध्य में नहीं, बल्कि सत्र के अंत में सेवानिवृत्त होंगे।

## किश्तवाड़ त्रासदी: 65 ने गंवाई जान, 34 शव बरामद

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में 14 अगस्त को बादल फटने से मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 34 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा के पीड़ितों से भी मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक परिजनों को दो लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों के लिए एक लाख, मामूली रूप से घायलों के लिए 50,000 रुपए, पूरी तरह से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए एक लाख रुपए, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए 50,000 रुपए और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए 25,000 रुपए का ऐलान किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## एनसीईआरटी की किताब में जिन्ना कांग्रेस-माउंटबेटन विभाजन के दोषी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एनसीईआरटी की किताब में मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लॉर्ड माउंटबेटन को भारत-पाक बंटवारे का दोषी बताया गया है। एनसीईआरटी ने कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 के लिए भारत-पाक बंटवारे पर 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। ये सामान्य किताबों से अलग हैं। इसमें लिखा है कि बंटवारे की मांग मोहम्मद अली जिन्ना ने की, कांग्रेस ने इसे मान लिया और लॉर्ड माउंटबेटन ने इसे लागू किया। यह जानकारी विभाजन के दोषी नामक हिस्से में दी गई है। मॉड्यूल में पंडित जवाहर लाल नेहरू के भाषण का अंश भी जोड़ा गया है, जिसमें उन्होंने कहा था 'हमें या तो विभाजन स्वीकार करना होगा या फिर लगातार संघर्ष और अराजकता झेलनी होगी।' (अनंत ज्ञान)

### आरएसएस इतिहास का सबसे बड़ा विलेन : कांग्रेस



**एनसीईआरटी** की किताब में मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लॉर्ड माउंटबेटन को भारत-पाक बंटवारे का दोषी बताने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की जुगलबंदी से बंटवारा हुआ है। उन्होंने कहा, 'इतिहास का कोई सबसे बड़ा विलेन है, तो आरएसएस है। पीढ़ियां उनको माफ नहीं करेंगी, जो उन्होंने किया है। आरएसएस ने उस वक्त के 25 साल मुख बंदी और जुगलबंदी करते हुए गुजारे।

## राहुल ने अब 'लापता वोट' का वीडियो किया जारी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है।' वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब...साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है- मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब वोट चोरी हो गया है। मेरा ही नहीं लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है? (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप-पुतिन के बीच 3 घंटे बैठक, नहीं हुई कोई डील

**एजेंसी, वॉशिंगटन**





रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रंप ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वह 18 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी जाकर ट्रंप से मुलाकात करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**दोनों 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना**

**तल्खी** | पालमपुर व नौणी में तैनाती को लेकर टकराव, सीएम और राज्यपाल के अलग-अलग तर्क

# वीसी नियुक्ति पर राजभवन व सरकार आमने-सामने

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार और राजभवन के बीच एक बड़ा टकराव पैदा हो गया है। यह विवाद तब और बढ़ गया जब राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों ने इस मुद्दे पर अलग-अलग बयान दिए, जिससे संवैधानिक शक्तियों के अधिकार क्षेत्र को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मामला अब हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में पहुंच चुका है।


शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शिमला के ऐतिहासिक रिज पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मीडिया से बात की। राज्यपाल ने वाजपेयी को एक दूरदर्शी और नैतिक मूल्यों वाले नेता के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी हिमाचल को अपना घर मानते थे और सार्वजनिक जीवन में हमेशा गरिमा बनाए रखते थे।

### मैंने विश्वविद्यालयों के हित के लिए बिलकुल सही किया : राज्यपाल



**राज्यपाल** ने अपनी ओर से की गई कुलपति नियुक्तियों के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने कहा, 'मैंने विश्वविद्यालयों के हित के लिए जो किया है, वह बिलकुल सही था।' राज्यपाल ने उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले पर लगाई गई रोक पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन यह मामला प्रदेश की जनता पर छोड़ दिया कि वे खुद यह तय करें कि दोनों विश्वविद्यालयों के लिए क्या सही है और क्या गलत। उनका यह बयान साफ तौर पर उनके फैसले के प्रति उनके विश्वास को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सत्ता के लिए कभी भ्रष्टाचार का सहारा नहीं लिया, और उन्हें सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके दिखाए गए ईमानदारी और मूल्य-आधारित राजनीति के मार्ग पर चलें।

### प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देश पर अमल होना चाहिए : मुख्यमंत्री



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्यपाल का सम्मान करते हुए भी उनके फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा में एक बिल भेजा था, जिसमें कुलपति की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से लेकर राज्य सरकार को दिया गया था। उन्होंने कहा, 'सरकार के दिशा-निर्देश पर अमल होना चाहिए। जब कैबिनेट ने राज्यपाल को विज्ञापन वापस लेने के लिए कहा, तो भी राजभवन ने आवेदन की तिथि बढ़ा दी।' मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्यपाल को कई विश्वविद्यालयों में कुलपति की शक्तियां राज्य विधायिका ने दी हैं, जो संवैधानिक नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस पूरे मामले पर उच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया है, जिससे यह कानूनी रूप से और भी जटिल हो गया है।

### मुख्यमंत्री ने बातचीत से जताई समाधान की उम्मीद

**इस** तकरार के बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू ने उम्मीद जताई कि बातचीत के जरिए इस मामले का समाधान निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल हमेशा हिमाचल के हितों की बात करते हैं और उनसे चर्चा करते रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई अन्य महत्वपूर्ण बिल, जैसे सुख आश्रय योजना और भ्रष्टाचार से संबंधित बिल, भी राजभवन में लंबित पड़े हैं, जिन्हें जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह दिखाता है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद के रास्ते अभी भी खुले हैं।



# न्यूज ब्रीफ

## राज राजेश्वरी कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की रही धूम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजराजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर एवं राष्ट्रगान गा कर किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार, कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, कॉलेज कमेटी के सेक्रेटरी कुलबीर सिंह ठाकुर ने तिरंगे को सलामी दी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वो ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन के साथ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस उपलक्ष्य पर कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा देशभक्ति समूह गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक, बीए के छात्र तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ऑर्गेनाइजेशन ने शहीद बत्रा के निवास पर फहराया तिरंगा

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन ने शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के निवास स्थान, सेक्टर 50 में उनके पिता जीएल बत्रा और जुड़वां भाई विशाल बत्रा के साथ तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश दिया। संस्था की चेयरपर्सन आशा जसवाल और अध्यक्ष अमित राणा ने इस अवसर पर सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के पिता जीएल. बत्रा ने कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज भी हमारे सैनिक सीमाओं पर तत्परता से देश की सुरक्षा में तैनात हैं। उनके बलिदान और समर्पण के कारण ही हम आज अपने घरों में गर्व के साथ तिरंगा फहरा पा रहे हैं। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, सुरेश राणा, सचिव राजपाल डोगर, लीगल हेड कृपाल ठाकुर, सोशल मीडिया प्रमुख अंकज डडवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन ने इस अवसर पर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए देशवासियों से राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया।

## परमार्थ स्कूल ने उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर शहर के निकटवर्ती गांव ककड़ियार के परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्हें विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद सैनिकों की कुर्बानियों पर आधारित प्रस्तुतियों से सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सपना देवी और अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को महान स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाओं से प्रेरणा लेने की नसीहत भी दी। समारोह में स्कूल के सभी शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी पर कृष्ण-सुदामा बने विशेष बच्चे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पैशल स्कूल हमीरपुर में दिव्यांग बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसमें बच्चे कृष्ण, राधा, नंद बाबा, यशोदा वासुदेव और देवकी बनकर आए थे। छोटे-छोटे बच्चे कृष्ण और राधा के रूप में ऐसा लग रहा था मानो मथुरा-वृंदावन में स्वयं कृष्ण भगवान नाच रहे हों। पहचान स्कूल द्वारा हर प्रकार के पर्व बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाए जाते हैं और हर पर्व को मनाने का उद्देश्य हमेशा से पहचान स्पेशल स्कूल का यही रहा है कि हम विशेष बच्चों को सामाजिक गतिविधियों में शामिल किया जाता है ताकि बच्चों को यह एहसास हो कि वो भी समाज का एक अहम हिस्सा हैं।

## अश्लील हरकत करने वाले के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं के साथ बरौली जंगल मार्ग पर लगातार अश्लील हरकतें करने और नग्न अवस्था में आकर भय उत्पन्न करने की शर्मनाक घटना अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में आई। बताया जा रहा है कि एक प्रवासी मजदूर पिछले कई दिनों से बड़सर-बरौली के शॉर्टकट मार्ग पर खड़ा होकर कॉलेज की छात्राओं को परेशान कर रहा था और उनके सामने नग्न अवस्था में आकर न केवल उनका अपमान कर रहा था, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से आहत भी कर रहा था। इस गंभीर मामले को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बड़सर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। एबीवीपी कार्यकर्ता दल ने पुलिस अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण भी किया और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की। एबीवीपी के प्रतिनिधियों ने कहा कि कॉलेज की छात्राओं के सम्मान और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि संबंधित आरोपी प्रवासी मजदूर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई भी घृणित और आपराधिक घटना दोबारा न हो। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से यह आग्रह किया कि यदि भविष्य में भी इस तरह की कोई घटना सामने आती है, तो परिषद सड़क से सदन तक संघर्ष करने में पीछे नहीं हटेगी।

## डीएवी आलमपुर में मनाया जन्माष्टमी महोत्सव




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी आलमपुर जिला कांगड़ा द्वारा श्री कृष्ण के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जन्माष्टमी का महान व पवित्र उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने रंग- बिरंगे परिधानों में सजकर श्री कृष्ण भगवान के रूप में अवतरित होकर हर्षोल्लास सहित इस दिन की महत्ता को बढ़ाया। इसके साथ ही डी.वी पब्लिक स्कूल आलमपुर के छात्रों ने 15 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठाकुरद्वारा, आलमपुर में आयोजित जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। चार छात्रों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयसिंहपुर के उपमंडल अधिकारी संजीव ठाकुर थे। उन्होंने डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, आलमपुर के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए। डी. ए. वी.विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह इस समारोह में उपस्थित रहे।

## राणा ने पूर्व सैनिकों, शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित



स्वतंत्रता दिवस पर राजेंद्र राणा ने पूर्व सैनिकों सहित अन्य का सम्मान किया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर,**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लग कड़ियार स्थित अंबेडकर भवन में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

समारोह का आयोजन सुजानपुर टिहरा व बमसन (टौणी देवी) मंडलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले वीर सपूतों के आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि 1965 और 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों, कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के परिजनों, और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभागार देशभक्ति के नारों और तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर बमसन मंडल के अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा, महामंत्री सुरेश ठाकुर, रंजीत सिंह, पूर्व सैन्य अधिकारी कै. ज्योति प्रकाश सेन मेडल मेडल, कैप्टन दिलीप सिंह, कै. देशराज रंगड़ा, कै. अशोक कुमार, कै. रवि कुमार, कै. प्रकाश सिंह, कैप्टन भूप सिंह और गणमान्य उपस्थित थे।

### हमीरपुर में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में विधानसभा उपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

# कई चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ रहा हिमाचल : विनय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को हमीरपुर जिले में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में आयोजित किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ने ध्वजारोहण किया और भव्य परेड की सलामी ली। इस परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड और विभिन्न शिक्षण संस्थानों की एनसीसी, एनएसएस तथा विशेष बच्चों की टुकड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सभी जिला वासियों को बधाई देते हुए विनय कुमार ने कहा कि यह दिवस उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का दिन है, जिनके त्याग और बलिदान के कारण हमने आजादी हासिल की थी।

विस उपाध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद विभिन्न युद्धों एवं सैन्य ऑपरेशनों के दौरान हिमाचल प्रदेश के वीर सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। प्रदेश के वीर सपूतों को 4 परमवीर चक्र, 2 अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र और 24 कीर्ति चक्रों से नवाजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के बाद हिमाचल प्रदेश के समक्ष गरीबी और साधनों की कमी जैसी कई चुनौतियां थीं, लेकिन हिमाचल के मेहनती और ईमानदार लोग बुलंद हौसलों के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में हिमाचल ने गंभीर प्राकृतिक आपदा का सामना किया। इससे उबरने के लिए प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से आपदा राहत पैकेज वितरित किया।



जिला स्तरीय समारोह में विस उपाध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

इस वर्ष भी प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए विशेष राहत पैकेज का प्रावधान किया है, जिसमें राहत राशि को 25 गुणा तक बढ़ाया गया है। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के घोषणा-पत्र के अनुसार सरकार ने अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में 10 में से 6 गारंटियों को पूरा कर लिया है। प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस बहाल की। महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना, सुख सम्मान निधि योजना आरंभ की। लगभग 2.95 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू की गई है। हिमाचल प्रदेश दूध की खरीद पर समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बना है। युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की 'राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना' आरंभ की गई है।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश के मेडिकल कालेजों में पैट स्कैन, रोबोटिक सर्जरी और अन्य अत्याधुनिक सेवाएं आरंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के अंतर्गत देश एवं विदेश में उच्च शिक्षा शिक्षा ग्रहण करने के लिए एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक के ऋण का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश के शैक्षणिक ढांचे में व्यापक सुधार के कारण हिमाचल प्रदेश के बच्चों का पढ़ने का स्तर पूरे देश में सबसे बेहतर आंका गया है। राष्ट्रीय स्तर की समग्र रैंकिंग में हिमाचल को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। वर्ष 2021 में किए गए सर्वेक्षण में हिमाचल को 21वां स्थान मिला था। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिले में 52,933 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है।

हमीरपुर जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना के लिए प्रक्रिया आरंभ की गई है। इनमें से भोरंज के गांव करहा और नादौन के गांव अमलैहड़ में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का कार्य आरंभ भी कर दिया गया है। विधानसभा उपाध्यक्ष ने समारोह में उपस्थित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, आपदा के दौरान बचाव कार्यों में सराहनीय भूमिका निभाने वाले होमगार्ड्स एवं अग्निशमन कर्मचारियों राकेश कुमार, रमेश चंद, मनोज कुमार और अजीत सिंह, ताइक्वांडो की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आकांक्षा को सम्मानित किया। उन्होंने परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

समारोह में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, ओबीसी वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, पूर्व विधायक अनीता वर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, सुमन भारती, डीसी अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर, अन्य अधिकारी, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, भूतपूर्व सैनिक, कांग्रेस एवं इसके सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### जिले में अढ़ाई वर्षों में लिखी विकास की नई गाथा

**विनय** कुमार ने कहा कि अढ़ाई वर्षों के दौरान जिले में विकास की एक नई गाथा लिखी गई है। हमीरपुर में लगभग डेढ़ दशक से लटके बस अड्डे का कार्य आरंभ करवाया गया है, जिस पर लगभग 125 करोड़ रुपए खर्च होंगे। हमीरपुर शहर को नगर निगम का दर्जा दिया गया है। नादौन में ई-बस डिपो के निर्माण के लिए भी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। हमीरपुर के मिनी सचिवालय एवं उपायुक्त कार्यालय परिसर की कायाकल्प करके इसे आम जनता के लिए काफी सुविधाजनक बनाया गया है। इसी परिसर में ओपन एयर जिम, चिल्ड्रन पार्क, कैंटीन और कई अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। हमीरपुर में एचपीपीसीएल की सोलर विंग और भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के मुख्यालय स्थापित किए गए हैं।

### पर्यटन को विकसित करने के लिए की परियोजना मंजूर

**बाबा** बालक नाथ मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए 65 करोड़ रुपए की परियोजना मंजूर की गई है। हमीरपुर के निकट जसकोट, नादौन के कोहला, सुजानपुर के दाड़ला और बड़सर के बुंबलू में 3 हैलिपैड और एक हैलिपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। नाबार्ड के तहत हमीरपुर जिले को लगभग 146 करोड़ रुपए की 25 पेयजल योजनाएं, 19 सिंचाई योजनाएं और 5 बाढ़ नियंत्रण योजनाएं मंजूर की गई हैं। अनुसूचित जाति उपयोजना के माध्यम से भी 14 करोड़ 90 लाख रुपए की 19 पेयजल योजनाएं मंजूर की गई हैं।

## हमीरपुर जिले के सभी न्यायिक परिसरों में किया ध्वजारोहण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर हमीरपुर जिले के सभी न्यायिक परिसरों में भी ध्वजारोहण किया गया। जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायधीश भुवनेश अवस्थी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। उधर, न्यायिक परिसर बड़सर में न्यायिक दंडाधिकारी मनु प्रिंजा और न्यायिक परिसर नादौन में सीनियर सिविल जज अनुज बहल ने तिरंगा फहराया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एलएडीसीएस) के पदाधिकारियों ने राजकीय उच्च पाठशाला पटनौण में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया।

## रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर हेल्पिंग हैंड्स द्वारा सुजानपुर के ऐतिहासिक मैदान के कला मंच में लगाए गए सातवें रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जो पालमपुर अस्पताल की टीम ने एकत्रित किया। हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक गोल्डी राजपूत ने बताया कि रक्तदान शिविर में सभी सदस्य विजय कुमार ,पवन ठाकुर ,सनी ठाकुर ,सतीश ठाकुर, प्रीतम चंद मौजूद रहे रक्तदानियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके लिए सभी रक्तबीर और रक्त वीरांगनाओं का धन्यवाद किया।

## धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** वरिष्ठ भाजपा नेता और हिमाचल प्रदेश के दो बार पूर्व मुख्यमंत्री रहे प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने समीरपुर स्थित अपने आवास पर 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर जिलेभर से भाजपा कार्यकर्ता समीरपुर स्थित उनके निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर प्रो. धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में तिरंगा फहराया, जिन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए



प्रो. धूमल ने कहा कि हमारी आजादी अपार संघर्ष और बलिदान के बाद मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला और पार्टी कार्यकर्ताओं से देशभक्ति व राष्ट्र निर्माण का संदेश जमीनी स्तर पर फैलाने का आग्रह किया। प्रो. धूमल ने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के प्रति पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने का आह्वान किया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर घर में गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। समारोह का समापन कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयों के वितरण के साथ हुआ।

## हिम अकादमी स्कूल का राष्ट्र को नमन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

देशभक्ति से सराबोर दिलों और गर्व से गूंजती आवाजों के साथ, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर ने स्वतंत्रता दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। इस गरिमामयी अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए अध्यक्ष प्रो. आरसी लखनपाल और उपाध्यक्ष सीपी लखनपाल ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया।

परेड कमांडर वैदिक जसवाल के अनुशासित नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत उच्च देश भक्ति भाव के साथ हुई। दिनभर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मधुर समूह गीत, मनमोहक योगाभ्यास और ऊर्जा से भरपूर वाद्य वादन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में विद्यार्थियों का राष्ट्र के प्रति गहरा प्रेम झलक रहा था। समारोह में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए भी विशेष मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पूरा विद्यालय भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वतंत्रता की विरासत को आगे बढ़ाने का प्रण लिया।




हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में छात्रों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध।

## भगेटू में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भगेटू गांव में हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संयोजक एवं हमीरपुर जिला दिव्यांग समीक्षा बैठक के सदस्य राजन कुमार के नेतृत्व में गांव भगेटू में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा आजादी के 79वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की गई, जिसमें गांव के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

यात्रा के दौरान बच्चों ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। राजन कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जागृत करना और नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के महत्व से अवगत कराना है।

## उपमंडल स्तरीय समारोह में एसडीएम राकेश शर्मा ने फहराया झंडा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** स्वतंत्रता दिवस उपमंडल भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डीएवी स्कूल भड़ोली, भगवती स्कूल जलाड़ी, एमवीएम गगाल जलाड़ी, पंचायत भरमोटी, नौंहगी, भदरोल, ग्वालपत्थर, दंगड़ी, रंगस, बड़ा के अलावा मुख्यमंत्री के गृह स्कूल भवड़ां सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों, पंचायतों, महिला मंडलों ,समाजिक संस्थाओं व युवक मंडलों के अलावा अनेक घरों में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने भी अपने निवास पनसाई में तिरंगा फहराया। उपमंडल स्तरीय समारोह पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नादौन में आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम राकेश शर्मा ने तिरंगा फहराया। पुलिस, होम गार्डस, स्काउट एंड गाइड व एनसीसी के कैडस से सलामी दी। एसडीएम ने सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र दिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी, कांग्रेस कमल कम्मी, संतोष संधू, रीना देवी, संदीप जैन व गणमान्य उपस्थित रहे।

## ककरोट गांव के युवक की जहरीली दवाई खाने से मौत

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज थाना के अंतर्गत निशांत शर्मा पुत्र विपिन शर्मा उम्र 24 वर्ष गांव भौर डाकघर ककरोट द्वारा जहरिली दवाई खाने से मौत होने का मामला सामने आया है। भोरंज पुलिस के द्वारा केस दर्ज करके जहरीली दवाई खाने के बारे में जांच शुरू कर दी है। निशांत शर्मा के द्वारा 15 अगस्त को दिन में अपने घर पर किसी जहरीली दवाई सेवन कर लिया, तो परिजनों के द्वारा सिविल अस्पताल भोरंज में लाया गया। सिविल अस्पताल भोरंज से निशांत शर्मा को सिविल अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया गया। सिविल हॉस्पिटल हमीरपुर में डॉक्टर के द्वारा निशांत शर्मा की हालत गंभीर होते हुए उसे एम्स बिलासपुर भेज दिया गया। शनिबार को एम्स बिलासपुर में मृत्यु हो गई द्य सूचना के आधार पर थाना भोरंज की पुलिस टीम मौका पर पंहुची व नियमानुसार कार्रवाई की गई। शव का पोस्टमॉर्टम एम्स बिलासपुर में करवा कर शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह मामले की की पुष्टि की है।

## त्रिशा कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर तिरंगे झंडे को मुख्य अतिथि तथा कॉलेज के प्रशिक्षु अध्यापकों व अध्यापकों द्वारा सलामी दी गई तथा मुख्य अतिथि एनके शर्मा ने झंडे का ध्वजारोहण किया।

एनके शर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापकों को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर बताया कि इस बार के स्वतंत्रता दिवस की थीम नया भारत है। आज के दिन भारत अपना 79 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। देश में हर तरफ स्वतंत्रता दिवस उत्सव की धूम है। सरकार के हर घर तिरंगा अभियान ने सबसे बड़े राष्ट्रीय पर्व की रौनक को और बढ़ा दिया है। हमारा देश भारत 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत से मुक्त हुआ था। यह हर भारतीय के हृदय में उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना से भर देता है। यह दिन उन महान योद्धाओं और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर श्रद्धांजलि देने का भी है। इस उपलक्ष पर बीएड तथा डीएलएड कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्य डॉ पूनम भारद्वाज तथा अन्य अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

वहीं, बीएड चतुर्थ सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत घोषित हुआ।



त्रशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने शिरकत की।

**नुकसान** पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की आर्थिक सहायता की मांग

## अंदारा के अशोक का मकान क्षतिग्रस्त

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** भारी बारिश के चलते नादौन की बड़ा पंचायत के अंदारा गांव के निवासी अशोक कुमार का पुस्तैनी मकान जिसमें वह अपने परिवार के साथ रहता था, गिरकर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया हैं जिससे वर्तमान समय में न केवल उसके सिर से रहने के लिए छत नहीं रही हैं बल्कि उसके मकान के गिरने से उसका लगभग 3 लाख से भी अधिक नुकसान हुआ है।

पीड़ित ने बताया कि वह मजदूरी कर करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। अत: उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आर्थिक सहायता की जोरदार मांग की हैं। वहीं, पंचायत बड़ा के उपप्रधान अशोक कुमार ने बारिश के कारण पंचायत बड़ा के गांव अंदारा के निवासी अशोक कुमार के घर के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि की है तथा बताया कि राजस्व विभाग द्वारा फौरन राहत के रूप में अशोक कुमार को रहने के लिए तरपाल भी प्रदान कर दिया गया है।

इस बारे में हलका पटवारी अनीता कुमारी ने कहा कि उन्होंनेक्षतिग्रस्त घर की रिपोर्ट बना दी है। अतिशीघ्र उसे उच्चधिकारियों को भेज दिया जाएगा ताकि पीड़ित को आर्थिक सहायता मिल सके।



बारिश के कारण हुआ घर क्षतिग्रस्त।

## भोरंज पुलिस ने बुजुर्ग महिला को खाना खिलाया व घर सुरक्षित छोड़ा

**अनंत ज्ञान, जाह**

भोरंज थाना में रात के समय 112 हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गांव रोही में एक अज्ञात वृद्ध महिला रात्रि के समय स्थानीय लोगों के घर के बाहर ठहर गई है और व जाने से इंकार कर रही है। इस सूचना के आधार पर थाना भोरंज से अन्वेषणाधिकारी मुख्य आरक्षी ललित कुमार के नेतृत्व में मामले की जांच के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर शिकायतकर्ता कुमारी काजल से जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त वृद्ध महिला केवल यह बता रही थी कि वह जख्योल गांव की निवासी है परंतु अपना नाम एवं संपर्क विवरण बताने में असमर्थ है। थाना भोरंज की टीम का नेतृत्व कर रहे अन्वेषणाधिकारी ललित कुमार द्वारा वृद्ध महिला से विनम्रतापूर्वक पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वह महिला अकेली रहती है तथा उनका बेटा अपनी पत्नी सहित चंडीगढ़ में रहता है, जिसका मोबाइल नंबर महिला को याद नहीं था। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि समय अधिक होने एवं उचित व्यवस्था के अभाव में महिला को सुरक्षा की दृष्टि से थाना भोरंज लाया गया। वहां उन्हें भोजन उपलब्ध करवाया गया तथा रात्रि विश्राम के लिए भी सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया गया। थाना भोरंज पुलिस टीम द्वारा महिला के परिजनों का पता लगाया गया तथा उन्हें सकुशल उनके घर गांव जख्योल पहुंचाया।

## भोरंज में एसडीएम ने फहराया तिरंगा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** 79वां स्वतंत्रता दिवस का उपमंडल स्तरीय समारोह राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शशिपाल शर्मा ने ध्वजारोहण किया और आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी ली।

इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि भारत मां को गुलामी की जंजीरों से आजाद करवाने के लिए अनेक सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जिसके फलस्वरूप ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। समारोह में तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, डीएसपी लालमन शर्मा, बीएमओ डॉ. ललित कालिया, एसएचओ इंस्पेक्टर प्रशांत शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को नमन कर दी श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर शिमला के रिज मैदान पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वाजपेयी को एक सच्चा और प्रखर राजनीतिज्ञ बताया। उन्होंने कहा कि उनके विचारों की स्पष्टता के लिए सभी उनका सम्मान करते हैं। इस श्रद्धांजलि समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, नगर निगम के पार्षद, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उन्हें सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि दी।

इसके अलावा, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला के ऐतिहासिक रिज पर भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने वाजपेयी को एक दूरदर्शी नेता के रूप में याद किया, जिन्होंने अपने पूरे जीवन में नैतिक मूल्यों को बनाए रखा।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही हमारी प्राथमिकता : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

**स्वतंत्रता** दिवस पर बिलासपुर आए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा सुधारों को लेकर तेजी से कार्य हो रहा है। सरकार की प्राथमिकता अब गुणवत्तापूर्ण, व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा देना है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों, स्कूल समायोजन, शिक्षक भर्तियों और वोकेशनल ट्रेनरों की स्थिति पर भी अनंत ज्ञान से खुलकर बातचीत की। पेश हैं जिला ब्यूरो प्रमुख **अरुण डोगरा रीतू** के साथ हुई उनकी विशेष बातचीत के मुख्यांश :-

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

***सवाल: शिक्षा विभाग की वर्तमान प्राथमिकताएं क्या हैं?***
**जवाब:** हमारी पहली प्राथमिकता शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। सिर्फ स्कूल खोलना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उसमें योग्य शिक्षक, आधुनिक संसाधन और बच्चों के सर्वांगीण विकास की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। हम ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में डिजिटल लर्निंग की सुविधाएं बढ़ा रहे हैं।

***सवाल: प्रदेश में कई स्कूल बंद किए जा रहे हैं, विपक्ष इसे शिक्षा विरोधी कदम बता रहा है। इस पर आप क्या कहेंगे?***
**जवाब :** देखिए, यह फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया है। पिछली सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक लाभ के लिए ऐसे कई स्कूल खोले गए, जहां छात्र संख्या नाममात्र की है, कई स्कूलों में तो केवल 5 या 10 विद्यार्थी हैं। ऐसे में एक पूरी व्यवस्था वहां बनाए रखना शिक्षा गुणवत्ता के साथ अन्याय है। हमने छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है कि ऐसे स्कूलों को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित किया जाए, जहां बेहतर शिक्षक, सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हों। इससे बच्चों को बेहतर शिक्षा वातावरण मिलेगा। विपक्ष को यह मुद्दा नहीं, बल्कि अपनी गलत नीतियों का आत्ममंथन करना चाहिए।

***सवाल: क्या नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की दिशा में कोई प्रगति हुई है?***
**जवाब:** हां, बिल्कुल। हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाले अग्रणी राज्यों में से एक है। हमने पूर्व-प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक कई स्तरों पर संरचनात्मक बदलाव किए हैं। शिक्षकों का प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम में सुधार और संस्कृत, कोडिंग जैसे विषयों को प्राथमिक शिक्षा में शामिल किया जा रहा है।



### अभिभावकों-शिक्षकों के लिए आपका संदेश?

**शिक्षा** एक साझा ज़िम्मेदारी है। हम सरकार के स्तर पर पूर्ण प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभिभावकों और समाज को भी आगे आना होगा। शिक्षकों से मेरा आग्रह है कि वे विद्यार्थियों को सिर्फ पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्य भी सिखाएं और छात्रों से कहना चाहूंगा- सपने देखिए, लेकिन उन्हें साकार करने की मेहनत भी कीजिए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से
**विशेष बातचीत**

***सवाल: शिक्षक भर्ती और रिक्त पदों पर क्या कार्य हो रहा है?***
**जवाब:** राज्य में शिक्षकों के कई पद खाली हैं, जिसे लेकर हमारी सरकार गंभीर है। हमने हाल ही में हजारों शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की है और इसे पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि हर स्कूल में विषय विशेषज्ञ उपलब्ध हों।

***सवाल: निजी स्कूलों की फीस व नियंत्रण को लेकर क्या नीति है?***
**जवाब:** शिक्षा का व्यवसायीकरण किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि निजी स्कूल मनमानी फीस ना वसूलें। इसके लिए राज्य स्तर पर नियामक तंत्र मजबूत किया जा रहा है और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

***सवाल: उच्च शिक्षा में क्या बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे?***
**जवाब:** उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुखी और नवाचार आधारित बनाया जा रहा है। राज्य के कॉलेजों में स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर, वर्चुअल क्लासरूम, और कौशल विकास केंद्र शुरू किए जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य यह है कि छात्र सिर्फ डिग्री न लें, बल्कि उन्हें रोजगार और उद्यमिता के लिए तैयार किया जाए।

***सवाल: वोकेशनल ट्रेनरों की स्थिति को लेकर काफी असमंजस है, सरकार की इस दिशा में क्या नीति है?***
**जवाब:** यह बिल्कुल सही है कि वोकेशनल ट्रेनर हमारे शिक्षा तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, विशेषकर नई शिक्षा नीति के तहत कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। हम इस समय वोकेशनल ट्रेनरों की सेवाओं, मानदेय और कार्य स्थितियों की समीक्षा कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि इन्हें स्थायित्व, सम्मानजनक पारिश्रमिक और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सरकार यह मानती है कि यदि हम विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा देना चाहते हैं, तो ट्रेनरों को भी स्थिर और प्रेरक कार्य वातावरण मिलना चाहिए। इसीलिए एक नई नीति तैयार की जा रही है, जिसमें लंबी अवधि के अनुबंध, ट्रेनिंग अपग्रेडेशन और इंसेंटिव योजनाएं शामिल होंगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला के रिज मैदान पर फहराया झंडा

# युवा, किसान और कर्मचारियों के लिए सरकार ने लिए हैं बड़े फैसले

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने युवाओं, कर्मचारियों और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं और नीतियां लागू की हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान इन पहलों पर विस्तार से बात की, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य सरकार का ध्यान आम जनता की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुधारने पर केंद्रित है।

सरकार ने युवाओं और कर्मचारियों को राहत देने के लिए कई कदम उठाए हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई ई-टैक्सी योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिससे वे अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें। राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़, कृषि और बागवानी क्षेत्र में भी बड़े बदलाव किए गए हैं। हिमाचल दूध पर समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जिससे पशुपालकों को गाय के दूध पर 51 और भैंस के दूध पर 61 प्रति लीटर का लाभ मिल रहा है। सेब उत्पादकों के लिए सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत 153 करोड़ जारी किए हैं और सेब के समर्थन मूल्य में 1.50 प्रति किलोग्राम की वृद्धि की है, जिससे अब यह 12 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। इन फैसलों से किसानों और बागवानों को सीधा आर्थिक लाभ हो रहा है।



डिप्टी सीएम स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर प्रतिभागियों के साथ सामूहिक चित्र में।

इसके साथ सरकार ने स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर भी पूरा ध्यान दिया है। शिमला स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ सुपर स्पेशलिटी में पहली बार रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत हुई है। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए राहत राशि 25 गुना तक बढ़ाई। शिमला में 1734.70 करोड़ की लागत से देश का सबसे लंबा रोपवे बनाने की योजना है। ये सभी महत्वपूर्ण घोषणाएं 15 अगस्त को शिमला के रिज मैदान में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान की गईं। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

## कुलदीप सिंह पठानिया ने दी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने देश और प्रदेश के लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी एक महान पर्व है, जिसे सभी लोग बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। यह त्योहार श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है और यह पूरे भारत में हिंदू धर्म के लोगों के लिए भक्ति, एकता और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक है। इस अवसर पर पठानिया ने सभी के सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की और लोगों से भगवान श्रीकृष्ण द्वारा स्थापित आदर्शों और उत्कृष्ट परंपराओं को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें भगवान कृष्ण के जीवन से सीखने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का अवसर देता है, जो हमें सही और गलत का अंतर सिखाता है।






## नए संस्थान दे नहीं सकते तो पुराने शिफ्ट करना गलत : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** एसवीएम स्कूल में स्वतंत्रता समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को नेरचौक से शिफ्ट करना गलत है। यदि नया संस्थान दे नहीं सकते तो पुराने शिफ्ट करना भी गलत है।

स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय महत्व के दिन नई योजनाओं और विकासात्मक घोषणाओं की उम्मीद रखने वाली जनता को इस बार निराशा हाथ लगी है। जयराम ने इस फैसले को सरकार की संकीर्ण सोच करार दिया और कहा कि सरकार जनता के हित में निर्णय लेने की बजाय संस्थानों को उलझाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी लगभग आठ वर्षों से कार्यरत है और भाजपा सरकार के समय इसका संचालन सुचारु रूप से चल रहा था, लेकिन कांग्रेस सरकार अभी तक यह तय नहीं कर पाई है कि इसके साथ करना क्या है। पहले इसे सुंदरनगर, फिर मंडी और बीच में अपने लोगों को हमीरपुर शिफ्ट करने की योजना बनाते रहे और अब सरकाघाट का नाम सामने आ गया।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को सम्मानित करने के दौरान।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का आधा कार्यकाल बीत चुका है, लेकिन नई परियोजनाएं शुरू करने और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान सरकार सिर्फ चले हुए संस्थान बंद कर रही है। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय विधायक अनिल शर्मा, मेयर वीरेंद्र भट्ट, डिप्टी मेयर माधुरी कपूर, पाल वर्मा, निहाल चंद आदि उपस्थित रहे।










## सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक ने अनिमेष वर्मा के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार ने शनिवार को पीआरएसआई (पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया) शिमला चैप्टर के अध्यक्ष रणवीर वर्मा के पुत्र अनिमेष वर्मा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राजीव ने इस दुखद घड़ी में रणवीर वर्मा और उनके पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अनिमेष का जाना एक बड़ी क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दें। यह खबर सुनते ही सूचना एवं जन संपर्क विभाग ने अनिमेष वर्मा के आकस्मिक निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अनिमेष एक होनहार और मिलनसार व्यक्ति थे। इस कठिन समय में पूरा विभाग रणवीर वर्मा और उनके परिवार के साथ खड़ा है।

## 'केंद्र की सहायता पर जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार की सहायता को लेकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आपदा के समय राज्य की हरसंभव मदद की है।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की यूपीए सरकार की तुलना में मोदी सरकार ने 11 वर्षों में एसडीआरएफ में 3190.39 करोड़ और एनडीआरएफ में 2,684.879 करोड़ रुपए दिए, जबकि यूपीए सरकार के 10 वर्षों में यह राशि क्रमशः 947.408 करोड़ और 553.285 करोड़ रुपए ही थी।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती आपदाओं में केंद्र ने करीब 1300 करोड़ की सहायता दी थी, जिससे 12,000 से अधिक मकान बनाए गए और 93,000 नए मकान भी स्वीकृत हुए। जम्वाल ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार पूर्व में प्राप्त फंड का भी पूर्ण उपयोग नहीं कर पाई है।

**दौरा** आयुष मंत्री गोमा ने किया ढालपुर के आयुर्वेदिक अस्पताल का निरीक्षण

# हालचाल न पूछने पर मरीज हुए नाराज

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** अक्सर जब भी कोई मंत्री या अधिकारी किसी अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हैं तो उपचाराधीन मरीजों से मिलकर उनका हालचाल भी अवश्य जानते ही हैं, लेकिन शनिवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों से बिना मिले ही वापस लौट गए।

हालांकि, निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जिला आयुष अधिकारी के कक्ष में बैठकर अधिकारियों से अस्पताल की कमियों व समस्याओं की जानकारी ली और मंत्री ने बकायदा शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। मंत्री अस्पताल वार्ड में पहुंचे तो जरूर, लेकिन उपचाराधीन मरीजों से सीधे तौर पर बातचीत किए बिना ही बाहर लौट आए। मरीजों का कहना है कि वे उनके आने का इंतजार करते रहे। इसको लेकर कुछ मरीजों और उनके परिजनों ने नाराजगी जताई और कहा कि मंत्री की ओर से मरीजों का हालचाल न पूछना निराशाजनक है।



अस्पताल के वार्ड में अधिकारियों से बात करते आयुष मंत्री यादव्रिंद गोमा।

इसके बाद मंत्री यादविंद्र गोमा ने बजौरा स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल के क्षतिग्रस्त भवन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन के क्षतिग्रस्त हिस्से को विशेषज्ञ एजेंसी की सलाह से सुरक्षित ढंग से हटाकर शेष भाग की मरम्मत की जाए, ताकि भवन को उपयोग योग्य बनाया जा सके। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग व आयुष विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा गोमा ने शनिवार को कुल्लू व कटराईं के राजकीय खंड आयुर्वेदिक अस्पतालों का भी दौरा किया। इस मौके पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी उनके साथ उपस्थित रहे।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

के उपलक्ष्य पर समस्त प्रदेशवासियों को

मणिमहेश यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं



**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

ओ पी शर्मा, संवाददाता, भरमौर, मो. 93181 34100

# खंड चिकित्सा अधिकारी, भरमौर जिला चंबा (हि.प्र.)

**मणिमहेश मेला-2025** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मणिमहेश मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पवित्र यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग भरमौर द्वारा निम्नलिखित स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की जाएँगी तथा चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जाएगा।

**हरसर, धनछो, सुंद्रासी, गौरीकुंड, मणिमहेश झील, भरमाणी माता, जयाल खड्ड (कलाह) वाया होली**

**यात्रा के दौरान निम्नलिखित सावधानियाँ अवश्य बरतें:**

- पीने के लिए साफ, स्वच्छ और सुरक्षित पानी का प्रयोग करें।
- हल्का भोजन ग्रहण करें और अधिक तली हुई चीज़ों से परहेज़ करें।
- एक साथ लंबी यात्रा न करें, बीच-बीच में विश्राम करें।
- शौच के लिए शौचालय का प्रयोग करें।
- चिकित्सीय सहायता हेतु स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाएँ।
- दस्त या उल्टी होने पर ओ.आर.एस. या नमक-चीनी का घोल लें।
- अपने साथ आए यात्रियों को किसी भी स्थिति में अकेला न छोड़ें।
- आपातकालीन स्थिति में एक-दूसरे की सहायता करें और संयम बनाए रखें।

आपकी यात्रा मंगलमय हो।

खंड चिकित्सा अधिकारी, भरमौर जिला चंबा (हिमाचल प्रदेश)

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

के उपलक्ष्य पर समस्त प्रदेशवासियों को

मणिमहेश यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं

## कृषि विभाग की योजनाएं एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम 2024-25

| क्र सं | योजना का नाम | सरकार द्वारा सब्सिडीप्रावधान | |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री खेत संरक्षणयोजना (सौर बिजली करंट / सोलर बाड़ द्वारा बन्दरों, जंगली जानवरों, आवारा पशुओंसे सुरक्षा | सोलर बाड़, व्यक्तिगत किसान/सामूहिक (3 से अधिक किसान मिलकर) | 70% अनुदान |
| | | कंपोजिटबाड़ (नीचे तार का जाला ऊपर सौर करंट की तार) | 70% अनुदान |
| | | कांटेदारतार की बाड़ या तार के जाले की बाड़ | 70% अनुदान |
| 2 | राष्ट्रीयमृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना | मिट्टी कीजाँच, जरूरतनुसार खाद्य व अन्य पोषक तत्वों का उपयोग करने बारे मे प्रेरितकरना | मिट्टी कीनिशुल्क जाँच |
| 3 | कृषिमशीनरी उप मिशन (कृषि यंत्रों का पर्वतीय कृषकों के मध्य बढ़ावा देने हेतुसहायता)/राज्य कृषि यांत्रिकीकरण कार्यक्रम | 8 हार्सपॉवर से कम पॉवर टिलर (पॉवर वीडर) | 50% अनुदानअधिकतम 25 हजार रूपये |
| | | 8 हार्स पॉवर से अधिकपॉवर टिलर (पॉवर वीडर) | 50% अनुदानअधिकतम 85 हजार रूपये |
| | | 8 हार्सपॉवर से 20 हार्स पॉवर तक के छोटे ट्रेक्टर | 50% अनुदानअधिकतम 2.25 लाख रूपये |
| | | 20 हार्स पॉवर से 40 हार्स पॉवर तक केट्रेक्टर | 50% अनुदानअधिकतम 3 लाख रूपये |
| | | रोटावेटर | 50% अनुदानअधिकतम 35 हजार रूपये |
| | | मल्टीक्रॉप थ्रेशर | 50% अनुदानअधिकतम 20 हजार रूपये |
| | | ग्रासस्लेषर/ब्रश कटर | 50% अनुदानअधिकतम 10 हजार रूपये |
| | | टूल कीटस , पर अनुदान | 50% अनुदानअधिकतम 1500 रूपये |
| | | पावर स्प्रेयर्स पर अनुदान | 50% अनुदानअधिकतम 1800 रूपये |
| | | अन्य कृषि औजारों पर अनुदान | 50% अनुदानअधिकतम |
| 4 | अनुसूचित जाति उप योजना, जनजातीय क्षेत्र उप योजना एवं पिछड़ा क्षेत्र उप योजना | पात्र किसानों को उन्नतबीज, पौध संरक्षण दवाईयां, कृषि यंत्र | 50% अनुदान |
| 5 | मुख्यमंत्रीकिसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना | खेती करनेवाले सभी मजदूर और किसान इस योजना मे निशुल्क पात्र हैं यदि कृषि यंत्रों परकारी करते हुए चोट लगने से किसी अंग या जीवन को खो देता है तो सरकार की तरफ सेप्रतिपूर्ति राशी का प्रावधान है | मृत्यु पर 3.00 लाख रूपये,स्थाई रूप से अपंगता/रीढ़ की हड्डी टूटने पर पर 1.00 लाखरूपये,दोनों बाजु/ दोनों टांगे, के पूर्ण रूप से कटने 40 हजार रूपये<br>एक बाजू/एक टांग या चार उँगलियाँ कटने पर 30 हजार रूपये,<br>एक से तीन ऊँगली कट जाने पर 20 हजार रूपये,<br>आंशिक रूप से ऊँगली या अंगूठा काटने पर 10 हजार रूपये |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | प्रधानमंत्रीफसल बीमा योजना | मक्का, धान, गेहूं, जो, टमाटर, शिमला मिर्च एवं अदरक के अंतर्गत फसल नुकसान जोखिम कमकरने हेतु फसल बीमा | कृषकहिस्सा बीमित राशी का अधिकतम 2 प्रतिशत शेष केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आधा-2 वहन |
| 7 | प्रधानमंत्रीकृषि सिंचाई योजना | हर खेत कोपानी तथा प्रत्येक बूंद अधिक फसल उत्पादन हेतु ढांचागत विकास, नमी संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करना | माँगानुसारसामूहिक योजनायें |
| 8 | सौर सिंचाई/PM-KUSUM | व्यक्तिगतकिसान (लघु सीमांत किसान) | 85% अनुदान |
| | | सामूहिक | 85% अनुदान |
| | | मध्यम वर्गके किसान | 80% अनुदान |
| 9 | उठाऊ जल सिंचाई एवं बोर वैल योजना | उठाऊ जलसिंचाई, बहाव सिंचाईएवं बोर वेलस्थापित करने के लिए सहायता | व्यक्तिगत 50% सामूहिक 100% अनुदान |
| 10 | जल से कृषि को बल | सामूहिकटैंक व व्यक्तिगत, भू एवं जल संरक्षण से सम्बंधित कोई भी कार्य | 100% अनुदान एवम व्यक्तिगत 50% |

**विशेष रूप से कृषि विभाग भरमौर व होली सर्कल में किसानों के लिए बैटरी से चलने वाले स्प्रे पम्प 50% अनुदान पर उपलब्ध हैं। सभी किसानों से अनुरोध है कि इस सुविधा का लाभ उठाएँ।**

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने निकटतम कृषि कार्यालय या खंड स्तर पर कृषि विशेषज्ञएवंजिला स्तर पर कृषि उप निदेशक या किसान कॉल सेंटर की निशुल्क सेवा 1800-180-1551पर संपर्क करें। किसान विभाग से सम्बंधित जानकारी विभागीय वेबसाइटwww.agriculture.hp.gov.in से भी प्राप्त कर सकते हैं।

जितेंद्र वर्धन
विषय वाद विशेषज्ञ
भरमौर जिला चंबा हि.प्र.
फोनः- 01895-225235



अधिशासी अभियंता

# हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर

की ओर से

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

के उपलक्ष्य पर समस्त प्रदेशवासियों को

# मणिमहेश यात्रा

की हार्दिक शुभकामनाएं

सब की यात्रा मंगलमय हो।



बीसी ठाकुर
अधिशासी अभियंता भरमौर

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

के उपलक्ष्य पर सभी भक्तों को

# मणिमहेश यात्रा

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## मणिमहेश यात्रा में क्या न करें

- बेस कैंप हड़सर से सुबह 04:00 बजे से पहले और शाम 04:00 बजे के बाद यात्रा न करें।
- अकेले यात्रा न करें, साथियों के साथ ही यात्रा करें। बलपूर्वक न चढ़ें और फिसलन वाले जूते न पहनें, यह घातक हो सकता है।
- खाली प्लास्टिक की बोतलें और रैपर खुले में न फेंके, अपने साथ लाएं और कूड़ेदान में डालें।
- जड़ी-बूटियों और दुर्लभ पौधों से छेड़छाड़ न करें।
- किसी भी प्रकार के मादक द्रव्य, मांस, शराब आदि का सेवन न करें। यह एक धार्मिक यात्रा है, इसकी पवित्रता का ध्यान रखें।
- इस यात्रा को पिकनिक या मौज-मस्ती के रूप में न लें और केवल भक्ति और विश्वास के साथ ही तीर्थ यात्रा करें।
- पवित्र मणिमहेश डल झील के आस-पास स्नान के बाद कचरा, गीले कपड़े और अपने अधोवस्त्र न फेंके, उन्हें पास में लगे कूड़ेदान में फेंके।
- किसी भी तरह के शार्ट कट का इस्तेमाल न करें।
- प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
- ऐसा कोई भी काम न करें जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो और पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे।
- यात्रा के दौरान यदि मौसम खराब हो तो हड़सर और डल झील के बीच धन्छो, सुंदरसी, गौरीकुंड और डल झील के बीच किसी सुरक्षित स्थान पर रुकें। यात्रा तभी शुरू करें जब मौसम अनुकूल हो।



Kulveer Singh
ADM Bharmour



Abhishek Mittal
(SDM)

| जन्माष्टमी पर्व | राधाष्टमी पर्व |
|---|---|
| 15 अगस्त 2025 शाम 11:50 से | 30 अगस्त 2025 शाम 10:50 से |
| 16 अगस्त 2025 शाम 09:38 तक | 31 अगस्त 2025 शाम 12:58 तक |

पुलिस सहायता संपर्क: 100 www.manimaheshyatra.hp.gov.in Email: smmtyatra@gmail.com

श्री मणिमहेश न्यास भरमौर आपके सहयोग के लिए आभारी रहेगा तथा आपकी मंगलमय यात्रा की कामना करता है।

जारीकर्ताः- अध्यक्ष श्री मणिमहेश न्यास-एवं-अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर, जिला चंबा (हि.प्र.)

संपर्क करें:- 94594-80602

# ग्राम पंचायत भरमौर

की तरफ से

# स्थानीय जातर मेला 2025

व

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

के उपलक्ष्य पर समस्त प्रदेशवासियों को

मणिमहेश यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं

1. ग्राम पंचायत भरमौर के द्वारा स्थानीय जातर मेला 2025 में स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित हेतु चार दुकाने अरक्षित रखी गई हैं। जिसका कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।
2. ग्राम पंचायत भरमौर के द्वारा स्थानीय जातर मेला के आयोजन को सुचारू रूप से चलाने के लिए चौरासी परिसर में अग्निशमन यंत्र स्थापित किए गए।
3. ग्राम पंचायत भरमौर के द्वारा 10 परिवारों को PMAY के तहत लाभांवित किया गया।
4. ग्राम पंचायत भरमौर के द्वारा आयोजित स्थानीय जातर मेला दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रथम माली 100000 (एक लाख) व दूसरी माली 81000 (इक्यायी हजार) होगी।



..........................
प्रधान, ग्राम पंचायत भरमौर



पवन कुमार
सचिव, ग्राम पंचायत भरमौर

जारीकर्ताः- ग्राम पंचायत भरमौर, विकास खंड भरमौर, जिला चंबा (हि.प्र)

## न्यूज ब्रीफ

### शहीद विवेक कुमार के माता-पिता सम्मानित



**नरिंद्र शर्मा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर शहीद लांस नायक विवेक कुमार के माता-पिता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी संजीव ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्यातिथि ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों व अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

### विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल अस्पताल की उन्नति और सेवाओं के विस्तार के लिए कार्य करेंगे, बल्कि अपने प्रयासों से राष्ट्र के विकास में भी सक्रिय योगदान देंगे। यह संकल्प इस भावना से प्रेरित था कि स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता, मानवता की सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व ही सच्ची देशभक्ति का प्रतीक हैं।

### शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा की प्रतिमा का अनावरण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर निगम पालमपुर परिसर में विधायक आशीष बुटेल और पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भारत के प्रथम परमवीर चक्र विजेता शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा की भतीजी राधिका शौनिक भी मौजूद रही।

### रोटरी सेवा आश्रम में बच्चों ने बांधा समां



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी सलियाना के (स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन) में स्वतंत्रता दिवस एवं पंडित अनंत राम शर्मा रोटरी सेवा आश्रम का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सीआई के बच्चों व दिव्यांग बच्चों ने दिव्यांग बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में आए सभी लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि बुटेल ने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप 1500, राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए चयनित मास्टर सागर को 1000 और जीएडीबी स्कूल को 2000 रुपए की राशि भेंट की। इस मौके पर रोटरी हेल्पएज फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. अश्वनी कुमार, वाइस चेयरमैन भरत सूद, जनरल सेक्रेटरी डॉ. विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गैलेक्सी स्कूल ने मनाया आजादी का पर्व



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में आजादी का पर्व मनाया गया। स्कूल प्रबंधक डॉक्टर गुलशन कुमार ने इस दिन के महत्व को बताते हुए समझाया कि प्रत्येक भारतीय के लिए आज का दिन एक नई शुरुआत की याद दिलाता है। गैलेक्सी स्कूल के प्रांगण में भी राष्ट्रीय तिरंगे झंडे को लहराया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक किरण लता वैद्य, प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्वेता वैद्य एचपीसीए अकादमी के बच्चे, समस्त अध्यापक वर्ग व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धर्मशाला में 45 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वतंत्रता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान संस्था कांगड़ा सेवियर्स ने जिला प्रशासन कांगड़ा के सहयोग से पुलिस लाइन धर्मशाला में स्वतंत्रता दिवस रक्तदान शिविर धर्मशाला 2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर हिमाचल पुलिस, एनसीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम और धर्मशाला की जनता सहित धर्मशाला के 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने रक्तदान के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। डीसी हेमराज ने कांगड़ा सेवियर्स को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए बधाई दी। कांगड़ा सेवियर्स ने अपने प्रायोजकों एपेक्स पल्स प्वाइंट और राणा एसोसिएट्स धर्मशाला और गुलजार ग्रुप लुधियाना का आभार व्यक्त किया। कांगड़ा सेवियर्स के वीरेंद्र चौधरी, पवन गुप्ता और तरुण तलवार भी उपस्थित थे।

### रोजमेरी स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी किए याद



**अनंत ज्ञान, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में 106 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम के साक्षी सुंकू राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए छात्रों से देश की एकता, ईमानदारी और सेवा भाव बनाए रखने का आग्रह किया। 106 वर्षीय सुंकू राम ने अपने अनुभव साझा किए।

### बैजनाथ में मंदिर और दुकान में सेंधमारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में चोरों का गिरोह फिर सक्रिय हो गया है। शुक्रवार रात चोरों ने बस अड्डे के पास चार जगह पुट्टे चरण मंदिर, गुग्गा छतरी मंदिर और दो खोखों में चोरी की है। मंदिर से दान पात्र और दुकान से उस्तरे तक चुरा ले गए। मंदिर कमेटी के उपप्रधान अनिल चौधरी ने बताया कि दान पात्र में एक माह की राशि जमा थी। डीएसपी बैजनाथ ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है।

# मंद पड़े पर्यटन कारोबार में हल्का उछाल

## वीकेंड पर 25 फीसदी तक पहुंची ऑक्यूपेंसी, कारोबारियों को मिली हल्की राहत

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



तीन छुट्टियों के चलते मैक्लोडगंज के बाजारों में बढ़ी पर्यटकों की रौनक।

**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में बारिशों के चलते मंद पड़े पर्यटन कारोबार में तीन दिन के वीकेंड से हल्का उछाल आया है। वीकेंड से पहले क्षेत्र के होटलों में ऑक्यूपेंसी 5 फीसदी तक सिमट गई थी, जो कि वीकेंड पर 25 फीसदी के लगभग पहुंच गई है। ऐसे में 20 फीसदी की वृद्धि ने पर्यटन कारोबारियों को हल्की राहत जरूर प्रदान की है। वीरवार शाम से पर्यटकों की भीड़ पर्यटन नगरी में जुटना शुरू हो गई थी, दो दिनों तक पर्यटकों से गुलजार रही पर्यटन नगरी में रविवार शाम से फिर चहलकदमी कम हो जाएगी, क्योंकि तीन दिन के वीकेंड के लिए आए पर्यटक वापस प्रस्थान कर जाएंगे। हालांकि, कारोबारियों को लंबे वीकेंड पर 30 से 40 फीसदी ऑक्यूपेंसी की उम्मीद थी, लेकिन बरसात के चलते सड़कों की खस्ताहालत को देखते हुए पर्यटक अपेक्षा अनुरूप नहीं जुटे। ऐसे में अब पर्यटन कारोबारी बरसात के थमने का इंतजार कर रहे हैं, जिससे कि पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ सके। लंबे वीकेंड के चलते मैक्लोडगंज के कई दुकानदारों ने खरीददारी पर 40 से 70 फीसदी तक की छूट का प्रावधान किया गया है, जिसका पर्यटकों ने लाभ भी उठाया। उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान ने बताया कि वीकेंड पर होटलों में ऑक्यूपेंसी 25 फीसदी के लगभग रही। जुलाई के बाद मंद पड़े पर्यटन कारोबार में इस वीकेंड पर कुछ राहत मिली है।

## पहले ही दिन 17806.4 किलोग्राम मछली का शिकार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग झील में दो माह के प्रतिबंध हटते ही शुक्रवार शाम 3200 मछुआरों ने जाल डाले और शनिवार सुबह 15 मत्स्य एकत्रीकरण केंद्रों में 17806.4 किलोग्राम मछली पहुंची। यह पिछले वर्ष से 1405.3 किलो अधिक है। सबसे अधिक मछली सिंगाड़ा प्रजाति की (9834.9 किलोग्राम) रही, जबकि सबसे बड़ी मछली 26.3 किलोग्राम की कतला पाई गई। खटियाड केंद्र पर मछुआरे सरवन कुमार ने 146.5 किलो मछली पकड़ी। मछली शौकीनों में भी उत्साह रहा। मत्स्य विभाग ने चेताया कि अंडरसाइज जाल का प्रयोग प्रतिबंधित है, उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द होगा।

## गौरव कुमार लगातार 13वीं बार प्रधान नियुक्त



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** गौरव कुमार को रामलीला एवं दशहरा कमेटी दाड़ी के प्रधान के तौर पर लगातार 13वीं बार नियुक्त किया गया है। कमेटी की बैठक चेयरमैन सुरजीत कुमार, निर्देशक दीपक राज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गौरव को प्रधान, सुनील कुमार को उपप्रधान, कपिल चौधरी को महासचिव, नसीब कुमार को कोषाध्यक्ष, कमल कुमार को को-ऑर्डिनेटर, जबकि विनोद वालिया को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया।

## पौंग बांध से छोड़े पानी से कई गांव प्रभावित

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग बांध से छोड़े गए पानी के चलते मंड क्षेत्र सहित फतेहपुर व इंदौरा विधानसभा के कई गांव प्रभावित हुए हैं। हालात का जायजा लेने के लिए फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

**▸ विधायक पठानिया ने किया दौरा हरसंभव मदद का दिया आश्वासन**

उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस पूरे मामले को विधानसभा के मानसून सत्र में मजबूती से उठाया जाएगा। विधायक ने बताया कि सरकार की ओर से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में 23 प्रभावित परिवारों को प्रशासन द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया है और राशन वितरित किया गया।

## इक्कू मोड़ पर पिकअप खाई में गिरी, चार श्रद्धालुओं की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पुलिस** थाना धर्मशाला के तहत श्रद्धालुओं से भरी पिकअप के खाई में गिरने से चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार सुबह इक्कू मोड़ पर पेश आया, जब सुबह सात बजे मोगा पंजाब की तहसील निहाल सिंह वाला के श्रद्धालु मां चामुंडा के दरबार में माथा टेकने के बाद बाबा बड़भाग सिंह की ओर जा रहे थे। जदरांगल के पास स्थित निजी होटल के पास पिकअप पलट गई और गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि 3 की टांडा मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। जीप में सवार 21 लोग घायल हुए हैं और 2 सवार सुरक्षित हैं। मृतकों की पहचान जसवीर सिंह पुत्र बरयाम सिंह, परमजीत कौर पत्नी गुरमेल सिंह, किरन पत्नी सुखजिंद्र सिंह और सुखजिंद्र पुत्र प्रकाश के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि चामुंडा से आते समय नीचे गहरी ढलान होने के कारण चालक ने बड़े हादसे से बचने के लिए जीप को लिंक रोड की ओर मोड़ दिया। जीप जैसे ही मुख्य सड़क से संपर्क मार्ग की ओर मुड़ी तो रफ्तार तेज होने के कारण पिकअप सड़क पलट गई और नीचे खाई में जा गिरी। एसएचओ पुलिस थाना धर्मशाला नारायण सिंह ने बताया कि चार लोगों की मौत हो हुई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। उधर, टांडा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मिलाप ने बताया कि 4 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है और गंभीर रूप से घायल एक श्रद्धालु आईसीयू में भर्ती है। अन्य सभी श्रद्धालुओं का उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे दिए हैं।

## चरस सहित तीन गिफ्तार 2 विदेशी नागरिक शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस ने चरस सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने 180 ग्राम से अधिक चरस बरामद की है। चरस रखने के आरोप में गिरफ्तार दो विदेशियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस थाना पंचरुखी के तहत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को दो विदेशी नागरिकों जिनमें एक महिला शामिल है, से 102 ग्राम चरस बरामद की। वाहन नंबर एचपी-21बी-8960 को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। यही नहीं बैजनाथ पुलिस ने भी शुक्रवार रात गश्त के दौरान विशाल कुमार पुत्र निवासी वार्ड नंबर 3 पडोल रोड़ बैजनाथ से 78.30 ग्राम चरस बरामद की है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि दोनों ही मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**▸ दो मामलों में 180 ग्राम से अधिक चरस बरामद**

## इंदौरा में अवैध खनन के दौरान फायरिंग पूर्व सैनिक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा के घनरा गांव में शुक्रवार रात को अवैध खनन के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। रहमत अली ने थाना इंदौरा में शिकायत दर्ज करवाई कि वह जब ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत भर रहा था, तब पूर्व सैनिक रविंद्र कुमार ने उस पर गोली चलाई, जो ट्रैक्टर के टायर में जा लगी। इससे वह डरकर वहां से भागा और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी आशीष पठानिया ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 107 व आर्म्स एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। डीएसपी संजीव यादव ने घटना की पुष्टि की।

## हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा की रिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### बीएड कॉलेज धर्मशाला ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला ने 79वें स्वतंत्रता दिवस मनाया। संस्थान ने प्रशिक्षु अध्यापक जो भूतपूर्व सैनिक की श्रेणी में आते हैं, जिनमें अंकुश, भरत भूषण, कुलदीप कुमार, पंकज कुमार, रवि दत्त शर्मा, साहिल शर्मा और सुशील पांजला को उनकी राष्ट्र के प्रति निष्ठा पूर्ण सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. आरती वर्मा और सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने भूतपूर्व सैनिकों को स्मृति चिह्न भेंट किए, जो उनके योगदान और बलिदान को सम्मानित करता है।

### पूर्व सैनिक संगठन हटवास ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक संगठन हटवास ने स्वतंत्रता दिवस सैनिक भवन हटवास में मनाया, जिसमें कर्नल रमेश वालिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज फराया गया तथा राष्ट्रगान गाया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने पूर्व सैनिकों व वीरनारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

### डीएवी स्कूल आलमपुर में मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर में कक्षा एलकेजी से बारहवीं तक के छात्रों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। नन्हें-मुन्ने छात्रों ने श्री कृष्ण और राधा के रूप में रंग-बिरंगे परिधानों में सजीव झांकियां प्रस्तुत कीं। साथ ही, स्कूल के छात्रों ने 15 अगस्त को ठाकुरद्वारा, आलमपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जन्माष्टमी उत्सव में भाग लिया। चार छात्रों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर ने छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### विधायक केवल ने शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया शनिवार को रुलहेड़ पंचायत के बतूनी गांव पहुंचे, जहां भारी बारिश और पत्थर के नीचे दबने से भेड़पालक संजीव कुमार की मौत हो गई थी। विधायक ने दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और आर्थिक सहायता व मकान पुनर्निर्माण में सहयोग का आश्वासन दिया। संजीव की पत्नी, तीन बेटियों और बेटे के लिए मदद की घोषणा की गई। द्रोणधार में बिजली गिरने से 120 बकरियों के नुकसान पर प्रभावित भेड़पालकों से भी मुलाकात कर पठानिया ने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

### महाकाल मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाद्रपद माह के पहले शनिवार को बारिश के बावजूद महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 4 बजे कपाट खुलते ही सैंकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे। मंदिर अधिकारी रमन ठाकुर व एसडीएम संकल्प गौतम ने बताया कि बेहतर व्यवस्थाएं की गईं। सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही। पहले मेले में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे भाद्रपद माह में चार शनिवार मेले आयोजित किए जाएंगे।

### श्री कुनाल पत्थरी मंदिर में जन्माष्टमी की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के समीप कुनाल पत्थरी मंदिर में शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की धूम रही। मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टी के चलते भजन-कीर्तन चलता रहा। इस दौरान मंदिर में पहुंचे लोग भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर नाचते नजर आए। मंदिर में सुबह से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई थी तथा दोपहर तक लोगों का मंदिर में दर्शनों व श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए आने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर के पुजारी संजीवन गौतम ने बताया भगवान कृष्ण भाद्रपद माह की अष्टमी तिथि को पैदा हुए थे। जन्माष्टमी के दिन भगवान कृष्ण के प्राकटय के साथ उन्हें झूला झुलाया जाता है और उनकी पूजा-अर्चना की जाती है।

### शाहपुर में 5 दिवसीय भगवान शिव कथा 19 से

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से 19 से 23 अगस्त तक अभिनंदन मैरिज पैलेस शाहपुर में पांच दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन किया जाएगा। संस्थापक आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी हरिशनानंद ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक चलेगी। कथा वाचन महात्मा डॉ. सर्वेश करेंगे, जो भगवान शिव के बहुआयामी व्यक्तित्व, करुणा, त्याग और लोककल्याण पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

## विधायक सुधीर शर्मा ने 61 जरूरतमंदों को बांटे चेक



जरूरतमंदों को अपने कार्यालय में आर्थिक सहायता प्रदान करते सुधीर शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने प्राकृतिक आपदा प्रभावित 61 जरूरतमंदों को रक्कड़ स्थित अपने कार्यालय में आर्थिक सहायता प्रदान की।

प्राकृतिक आपदा के कारण प्रभावित परिवारों को आठ लाख 65 हजार रुपए के तौर पर फौरी राहत अपनी ओर से प्रदान की। इसके अलावा नौ परिवारों को नया घर बनाने और 20 परिवारों के घर को सुरक्षित करने के लिए विधायक निधि से 54 लाख रुपए सुरक्षा दीवार के लिए प्रदान किए।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**विधायक** सुधीर ने रक्कड़ स्थित कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा के कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र प्रभारी राजपाल मुख्य रूप से शामिल रहे। प्रभारी राजपाल और विधायक सुधीर शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

## एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को हटाकर गरीबों को मिले असली हक : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि देश में गरीबों की सहायता के नाम पर चल रही आरक्षण व्यवस्था में उसी जाति के कुछ गरीबों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को हटाने संबंधी याचिका को विचारार्थ स्वीकार करने का स्वागत किया है। शांता ने शनिवार को बयान में इस याचिका को दायर करने वाले रामशंकर प्रजापति को बधाई दी और सर्वोच्च न्यायालय का आभार जताया।

शांता ने कहा कि आरक्षित वर्गों में कुछ प्रभावशाली और संपन्न परिवारों ने बार-बार आरक्षण का लाभ उठाया है, जबकि उन्हीं वर्गों के अत्यंत गरीब परिवार अब भी उपेक्षित हैं। कई गांवों में एक ही परिवार से दो-तीन आईएएस अधिकारी बने हैं, जबकि उसी गांव में उसी जाति के अन्य गरीब आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सुप्रीम कोर्ट पहले भी सुझाव दे चुका है कि आरक्षित वर्गों में क्रीमीलेयर को अलग किया जाना चाहिए। भाजपा इस सुझाव के पक्ष में थी, लेकिन अन्य दलों में इन वर्गों के प्रभावशाली नेताओं के विरोध के कारण निर्णय नहीं हो सका। जब हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में उनकी सरकारों ने अंत्योदय योजना शुरू की थी, तब यह सिद्धांत अपने आप लागू हो गया था। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि देश में विकास तो हो रहा है, लेकिन आर्थिक विषमता भी तेजी से बढ़ रही है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन रहा है, फिर भी सबसे अधिक गरीब और भूखे लोग भारत में ही हैं। जब तक विकास में अंत्योदय की भावना नहीं जुड़ती, तब तक यह स्थिति बनी रहेगी। शांता ने सर्वोच्च न्यायालय से अपील की है कि इस बार केवल सुझाव न देकर सरकार को स्पष्ट आदेश दे, जिससे आरक्षित वर्गों के सबसे गरीब लोगों को भी वास्तविक न्याय मिल सके।

## श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में स्वतंत्रता सेनानी किए याद



स्वतंत्रता दिवस पर छात्रों ने गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लूटी वाहवाही।

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**श्री** साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह में ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज, सीएमडी. कंवर तुषार पुंज और वाइस प्रेसिडेंट रिया पुंज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने स्टाफ को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और गांधी जी के विचारों को आज के दौर में प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि हमें देश की समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर छात्रों व स्टाफ ने देशभक्ति भाषण, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मिठाइयां बांटी गईं और देशभक्ति का माहौल छा गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. नवदीप सांवल, पुनीत सवाल, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, डॉ. विपिन गुप्ता सहित अन्य अध्यापक और छात्र उपस्थित रहे।

## आरएस बाली को बनाया पंजाब कांग्रेस का ऑब्जर्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली को पंजाब कांग्रेस का ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इस संबंध में कांग्रेस के महासचिव वेणु गोपाल ने पत्र जारी किया है। देशभर से करीब 29 ऑब्जर्वर विभिन्न राज्यों में नियुक्त किए गए हैं। हिमाचल से एकमात्र पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इससे पहले भी कांग्रेस हाईकमान ने आरएस बाली को संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी है। आरएस बाली पश्चिम बंगाल में भी सहप्रभारी के तौर पर काम कर चुके हैं। हिमाचल तथा नगरोटा के कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरएस बाली को पंजाब का ऑब्जर्वर नियुक्त करने के लिए कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त करते किया है।

### कृषि मंत्री ने धर्मशाला में फहराया तिरंगा

## गरीब और किसानों की खुशहाली हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : चंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रो चंद्र कुमार ने धर्मशाला में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। इससे पहले शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और किसानों की खुशहाली हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, सरकार की विभिन्न योजनाओं के जरिए ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।

इस अवसर उन्होंने मोहिंदर अर्श की ओर से लिखित पुस्तक बिखरे मोती का विमोचन किया। वही, समाजसेविका संतोष कटोच ने रेडक्रॉस सोसाइटी के लिए दस हजार का चेक भी भेंट किया। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के रेफरल ड्रॉ भी निकाले गए।

### नूरपुर में राज्य स्तरीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का किया शुभारंभ

**रविंद्र शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर में शुक्रवार को कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने दो दिवसीय राज्य स्तरीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ किया। शुरुआत शोभायात्रा से हुई, जो चौगान से होते हुए श्री बृजराज स्वामी मंदिर में संपन्न हुई। पारंपरिक पगड़ी पहनकर कृषि मंत्री ने शोभायात्रा की अगुवाई की और मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर विशाल चंबियाल, योगेश महाजन और दीपक भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

## पंचरुखी की आशवी को मिले चार राष्ट्रीय अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी की आशवी धीमान को दिल्ली में 15 अगस्त पर चार राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पहला अवॉर्ड राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर न्यू दिल्ली में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कप्तान करण पाल सिंह व भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त अधिकारी कप्तान रमेश चंद्र त्रिपाठी ने बाय-बाय एस फाउंडेशन संस्था की ओरसे करवाए गए कार्यक्रम में दिया। दूसरा अवॉर्ड भारत रत्न गौरव पुरस्कार 2025 भारतीय सम्मान एवं विकास मंच संस्था द्वारा दिया गया है। तीसरा अवॉर्ड सत्यमेव जयते राष्ट्रीय सम्मान 2025 इंडियन फॉर्म और नेशनल हार्मनी संस्था द्वारा दिया गया है। चौथा अवॉर्ड आशवी को तिरंगा गौरव सम्मान 2025 दिया गया है। यह अवार्ड आशवी को 79 स्वतंत्रता दिवस पर वरथी वेलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा दिया गया।



## सरकारी रोक के बावजूद चक्की दरिया में अवैध खनन जारी



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** भारी बारिश और बाढ़ के कारण चक्की दरिया में हालात गंभीर बने हुए हैं। पठानकोट रेलवे मार्ग खतरे में है और ढांगू पीर माजरा सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बावजूद इसके, खनन माफिया लोधवां के पास पोकलेन मशीन से सरेआम अवैध खनन कर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जबकि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक रिवर बेड से खनन सामग्री उठाने पर सख्त प्रतिबंध है, लेकिन कुछ खनन माफिया के लोग बेखौफ होकर यह कार्य करने में जुटे हुए हैं।

वहीं, प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न करने पर आम जनता में भारी रोष है। जब एसपी नूरपुर अशोक रतन को मामले की सूचना दी गई, तो डमटाल पुलिस को मौके पर भेजा गया, पर खनन माफिया फरार हो चुके थे। माइनिंग ऑफिसर सुरेश ठाकुर ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी और टीम भेजी गई थी, लेकिन माफिया पहले ही भाग गए। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बना देशभक्ति का माहौल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में 79वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा बड़े उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत रहीं, जिन्होंने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल इतिहास को स्मरण करने का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्यों व नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। एनएसएस इकाई ने इस आयोजन को राष्ट्रीय एकता और गौरव को मजबूत करने वाला अवसर बताया।

### स्वतंत्रता दिवस पर शिमला में सैन्य बैंड की प्रस्तुति



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, शिमला के द रिज पर सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय द्वारा एक भव्य सैन्य बैंड प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने और नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए किया गया। इसमें 14 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के बैंड ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाना और युवाओं में अनुशासन व राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देना था। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने बड़ी संख्या में इस देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम में भाग लिया। इस आयोजन में शहीदों के बलिदान को याद किया गया और राष्ट्र की संप्रभुता बनाए रखने के संकल्प को दोहराया गया।

### रामपुर में विकास मारवाह ने किया ध्वजारोहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रामपुर जल विद्युत स्टेशन, दत्तनगर में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख विकास मारवाह ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात सीआईएसएफ व हिमपैस्को के जवानों ने परेड कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। अपने संबोधन में मारवाह ने 'आत्मनिर्भर पंचायत, विकसित भारत की पहचान' थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्थानीय संसाधनों के प्रबंधन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और हरित ऊर्जा में पंचायतों की आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कर्मचारियों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर राष्ट्र, निगम और परियोजना की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया।



### एचडीएफसी ने ई-एंबुलेंस देने का दिया प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ओकओवर में शुनविार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड विनोद शर्मा ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, बैंक अधिकारियों ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत राज्य सरकार को एक ई-एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह राज्य सरकार के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों और ई-वाहनों को बढ़ावा देने की नीति के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह ई-एम्बुलेंस न केवल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगी, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी एक महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर और क्लस्टर हेड शिवेंद्र श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

# राजधानी में 3 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

## बाढ़ में डूबे पंपिंग स्टेशन; बंद हुई पेयजल सप्लाई, गाद ने रोकी पानी की लिफ्टिंग

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश की राजधानी व देश के सबसे मशहूर पर्यटन स्थलों में से एक शिमला में भरी बरसात में जल संकट गहरा गया है। बीते तीन दिनों से शहर में पानी की सप्लाई लगभग ठप है, जिससे बरसात के मौसम में भी लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। भारी बारिश के चलते शहर को पानी सप्लाई करने वाली मुख्य पेयजल योजनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे स्थिति और भी खराब हो गई है।

जानकारी के अनुसार शिमला को पानी मुहैया कराने वाली चाबा, गुम्मा और गिरि जैसी बड़ी परियोजनाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। चाबा परियोजना का पंपिंग स्टेशन पूरी तरह पानी में डूब गया, जबकि गुम्मा योजना से जुड़ी नौटी खड्ड में भी पंपिंग सिस्टम ठप पड़ा है। इस वजह से शहर में पानी की किल्लत बढ़ गई है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गिरि परियोजना में भी भारी मात्रा में गाद (सिल्ट) जमा हो गई है, जिससे पानी को लिफ्ट करना असंभव हो गया है। चिंता की बात यह है कि पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से गाद की मात्रा कम नहीं हो रही है। इस समस्या ने बहाली के काम को और भी मुश्किल बना दिया है।

▶ बरसात के बावजूद बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग ▶ गिरि योजना में गाद जमा होने से लिफ्टिंग प्रक्रिया पूरी तरह हुई बाधित ▶ शहर की सामान्य जरूरत है 40 एमएलडी



### युद्धस्तर पर चल रहा काम: विनोद नेगी

**एसजेपीएनएल** के एजीएम विनोद नेगी ने बताया कि भारी बारिश के कारण पंपिंग स्टेशनों में गाद भर गई थी और कई पाइप लाइनें भी टूट गई थीं। उन्होंने कहा, 'व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है।' उनके मुताबिक, पिछले 24 घंटों में 200 लाख लीटर पानी शहर तक पहुंच पाया है, जबकि शहर की सामान्य जरूरत 40 एमएलडी है।

### एक से दो दिन में होगी सप्लाई बहाल

**अधिकारियों** का दावा है कि क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक कर दिया गया है, लेकिन पंपिंग सिस्टम को ठीक करने में अभी एक से दो दिन और लग सकते हैं। यदि मौसम ठीक रहा, तो शहर में पानी की आपूर्ति सामान्य होने में दो से तीन दिन और लग सकते हैं। ऐसे में शिमलावासियों को आने वाले कुछ दिन और इस पेयजल संकट से जूझना पड़ सकता है।

# समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देता है श्रीकृष्ण जन्मोत्सव: अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री शिमला में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में भाग लेते हुए।

**शिमला** के गंज बाजार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिरकत की। उन्होंने भगवान के श्री चरणों में शीश नवाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान, मंदिर परिसर में आयोजित भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना में भी उन्होंने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

▶ डिप्टी सीएम ने मंदिर कमेटी को दी 10 लाख रुपए की मदद

उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह जीवन में धर्म, कर्तव्य और निष्ठा का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें समाज में भाईचारा, एकता और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंदिर कमेटी को 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इस पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# बगैन स्कूल का कार्य नवंबर तक पूरा करें अधिकारी: रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने उपमंडल ठियोग के अंतर्गत बगैन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को नवंबर तक पूरा कर लिया जाए और जल्द ही इसके लिए शेष राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि सबसे ऊपरी मंजिल पर परीक्षा भवन बनाने के तकनीकी पहलुओं पर विचार करने के बाद उसे मंजूरी दे दी जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगैन का भवन जो 25 लाख रुपए की लागत से बन रहा है, उसे अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा हो रहा है। रोहित ने अपने दौरे के अगले चरण में शिलाघुंड पहुंचकर ऐतिहासिक रिहाली मेला में भाग लिया। उन्होंने देवता ग्रहणेश्वर के मंदिर में शीश नवाया।



### युवाओं को संस्कृति से जुड़ने का दिया संदेश

**शिक्षा** मंत्री ने युवाओं से कहा कि वैज्ञानिक युग में आगे बढ़ने के साथ-साथ हमें अपनी पुरातन संस्कृति से भी जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमें आपसी प्रेम, सद्भाव और मेलजोल का संदेश देती है।

### ठोडा खेल को अंडर-19 खेलों में मिली मंजूरी

**रोहित** ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक खेल 'ठोडा' को अंडर-19 खेलों के अंतर्गत मंजूरी दी है। अब यह प्रतियोगिताएं स्कूल स्तर पर भी आयोजित की जाएंगी।

# पराड़ी नाला में मां और बेटी की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** शिमला की तहसील जुन्गा के दरभोग पंचायत के पराड़ी गांव में 14 अगस्त को एक हृदय विदारक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को शोकाकुल कर दिया। गांव के गरीब किसान राम किशन की पत्नी लीला देवी (40) और छोटी बेटी शीतल (10) खेत से लौटते समय अचानक आई बाढ़ की चपेट में आ गईं और नाले में बहकर उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लीला देवी रोज की तरह बेटी संग खेतों में लगी गोभी की रखवाली करने गई थीं। वापसी के समय करीब डेढ़ बजे अचानक ऊपर से पानी का तेज बहाव आया और दोनों मां-बेटी उसकी चपेट में आ गईं। जब शाम तक वे घर नहीं लौटीं तो परिजनों और ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। कुछ ही देर बाद करीब आधा किलोमीटर दूर खड्ड में दोनों के शव मिले। यह दृश्य बेहद भावुक कर देने वाला था, क्योंकि बेटी का सिर मां की पीठ पर टिका हुआ था। शीलत स्थानीय स्कूल में छठी कक्षा की छात्रा थी। शवों का पोस्टमार्टम आईजीएमसी में करवाकर परिजनों को सौंपा गया।

## रोहडू में स्वतंत्रता दिवस समारोह, एसडीएम धर्मेश रमोत्रा रहे मुख्यातिथि

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों व परेड ने भरी देशभक्ति की रंगत

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहडू।** उपमंडल रोहडू व जुब्बल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र रोहडू में आयोजित मुख्य समारोह में एसडीएम रोहडू धर्मेश रमोत्रा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया, जिसके बाद हिमाचल प्रदेश पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ब्याज स्कूल के एनसीसी कैडेट्स और विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने परेड कर मुख्यातिथि को सलामी दी।

समारोह में महिला मंडलों व स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर किया। ब्वायज स्कूल के छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। एसडीएम रमोत्रा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए गर्व का दिन है, क्योंकि आज ही के दिन देश परतंत्रता से मुक्त हुआ था।



उन्होंने सभी नागरिकों से अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को सर्वोपरि रखकर देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में एसडीएम ने उपमंडल के भूतपूर्व सैनिकों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान, जिला परिषद उपाध्यक्ष सुरेंद्र रेटका, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक चौहान समेत अनेक अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

▶ जुब्बल में तहसीलदार जितेंद्र ने किया ध्वजारोहण

▶ स्कूली बच्चों ने पेश किए शानदार कार्यक्रम

वहीं, उपमंडल जुब्बल में तहसीलदार जितेंद्र ठाकुर ने ध्वजारोहण किया और पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर लिया। राजकीय विद्यालयों के छात्रों ने परेड प्रस्तुत कर देशभक्ति गीतों और नृत्यों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। तहसीलदार ठाकुर ने कहा कि यह दिन उन महान क्रांतिकारियों को नमन करने का अवसर है, जिनके बलिदान से आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं।

# मंत्री रोहित ने बिलासपुर में फहराया तिरंगा

## 6 हजार पदों पर हुई भर्ती का दिया ब्यौरा, बोले- 3,100 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**मुख्यमंत्री** आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में जिला स्तरीय 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने तिरंगा फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह की शुरुआत शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि प्रदेश सरकार ने अब तक 6,000 से अधिक शिक्षण पद भरे हैं और 3,100 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। हिमाचल की शिक्षा रैंकिंग 21वें से 5वें स्थान पर पहुंची है, और असर रिपोर्ट में छात्रों का प्रदर्शन देश में सर्वश्रेष्ठ रहा है।

उन्होंने बताया कि डेटा साइंस, बागवानी जैसे नए कोर्स जोड़े गए हैं और हर विधानसभा क्षेत्र में डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक रणधीर शर्मा, विधायक जीतराम कटवाल, विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, तिलक राज शर्मा, वीरू राम, किशोर आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट योगदान देनी वाली विभूतियों को किया सम्मानित



स्वतंत्रता सेनानी संगठन अध्यक्ष प्रेमी देवी को सम्मानित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों सहित पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, खिलाड़ी, चिकित्सक, प्रशासनिक कर्मचारी, सफाई कर्मचारी और स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र व सम्मान प्रदान किया गया। थाईलैंड व चीन में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा खिलाड़ी, 150 से अधिक बार रक्तदान करने वाले सुशील पुंडीर और समाजसेवा में सक्रिय राजकुमार सोनी जैसे व्यक्तित्वों को भी विशेष रूप से सराहा गया। समारोह में समाज के हर वर्ग का योगदान सम्मानित हुआ।

# अल्ट्रा टेक बघेरी में मनाया स्वतंत्रता दिवस

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बघेरी सीमेंट वर्क्स में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख अमित कुमार दुबे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की। सुरक्षा कर्मियों ने इस मौके पर आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया, प्लांट के कर्मचारियों व कॉलोनी के बच्चों ने भी देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, नाटक और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

अमित कुमार ने बताया कि बघेरी सीमेंट वर्क्स से जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग तक रेल मार्ग से सीमेंट डिस्पैच की शुरुआत हो चुकी है और यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नई तकनीक के इस्तेमाल और कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाला सीमेंट उत्पादन करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



मुख्य अतिथि अमित कुमार दुबे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की।

समारोह में कर्मचारियों के साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर लेडीज क्लब अध्यक्ष कंचन दुबे, मानव संसाधन प्रमुख हेमंत शर्मा, तकनीकी प्रमुख संदीप सिंह भदौरिया सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने पेंशनरों को किया निराश: चेतराम

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान व जिला बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष चेत राम वर्मा, अनिल चड्ढा, सलाहकार व उपप्रधान कर्म सिंह चंदेल ने संयुक्त ब्यान में कहा कि प्रदेश के पेंशनरों को मुख्यमंत्री ने पंद्रह अगस्त को निराश किया है। पेंशनर्स कई दिनों से मुख्यमंत्री से गुहार लगा रहे थे कि कई सालों से लंबित उनकी देनदारियां शायद मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की जाएगी, लेकिन प्रदेश के पेंशनर्स व कर्मचारी वर्ग को बहुत आघात पहुंचा है। वर्षों से लंबित संशोधित वेतनमान, महंगाई भत्ते की चार किस्तों और चिकित्सा बिलों के भुगतान की उम्मीद थी, पर कोई घोषणा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सरकार पर लगभग 10,000 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है, जिसमें सबसे अधिक पीड़ित 1 जनवरी, 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनर्स हैं। सरकार आर्थिक संकट का बहाना बनाती है, पर विधायकों व मंत्रियों के भत्ते बढ़ाने में पीछे नहीं रहती। चेतावनी दी गई कि यदि हक नहीं मिले तो पेंशनर्स सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी और वीर नारियां की सम्मानित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवी में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा ने कहा कि तिरंगे को सैल्यूट करना सर्वोच्च बलिदान का सम्मान है। समारोह की शुरुआत शहीद स्मारक चंगर सैक्टर में पुष्पांजलि अर्पण से हुई। भराड़ी लडयाणी में उन्होंने तिरंगा फहराया और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वयोवृद्ध सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार व चेयरमैन सुभाष चंद भी उपस्थित रहे।

## गेहड़वीं में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** गुग्गा गेहड़वीं में स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व सैनिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा भव्य समारोह आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष सूबेदार रणजीत सिंह के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया। मुख्य अतिथि हवलदार हुकुम चंद ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अपील की। समारोह में कई पूर्व सैनिक गरिमामयी रूप से शामिल हुए।

## नृत्य प्रतियोगिता में सोनिका ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय अमरपुर में 79वें स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने देशभक्ति गीतों व श्रीकृष्ण से जुड़ी झांकियों, नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में जोश और उमंग का संचार किया। गान प्रतियोगिता में मनुपुमा ने प्रथम तथा नमन शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नृत्य प्रतियोगिता में सोनिका ने प्रथम और कनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ता शर्मा ने किया। कॉलेज अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा ने छात्रों को देशभक्ति का संदेश देते हुए राष्ट्र के प्रति निष्ठावान रहने का आग्रह किया। 'भारत माता की जय' के नारों के साथ तिरंगा फहराया गया और सभी प्रशिक्षु छात्रों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

## स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर न्यायालय परिसर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिराग भानु सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए हमारे इतिहास में स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए अद्वितीय बलिदानों को याद किया और सभी से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अक्षी शर्मा, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के सचिन, जिला बार संघ के अध्यक्ष श्यामलाल ठाकुर सहित न्यायालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में लगा भक्तों का तांता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर न्यास की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में दोपहर बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वहीं, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा रास्ते में फ्रूट चाट, खीर, फलाहार आदि का विशेष प्रबंध किया गया था। इस शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा सुंदर झांकिया भी बनाई गई थीं। जगह-जगह लगाई गई मटकियों को गोविंदाओं ने फोड़ कर इस पर्व के उत्साह को दोगुना किया।

## बच्चों को बताया स्वतंत्रता दिवस का महत्व

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** अपराजिता बाल आश्रम में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में देशराज शर्मा उपस्थित थे। इनके साथ अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्या चंदेल और रीना चंदेल व अपराजिता कार्यकारणी सदस्य व कर्मचारी सदस्य भी शामिल हुए। मुख्यातिथि देशराज शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को स्वतंत्रता के महत्व और देशभक्ति की भावना के बारे में बताया। इस अवसर पर अपराजिता बाल आश्रम के बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी।

# भदोल के प्रो. बिहारी लाल शर्मा को मिला राष्ट्रीय स्तर का बड़ा दायित्व

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** भदोल गांव के प्रो. बिहारी लाल शर्मा को एक और बड़ी जिम्मेदारी मिली है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति पद पर सफल नेतृत्व के बाद अब उन्हें रानी पद्मावती तारा योगतंत्र आदर्श संस्कृत महाविद्यालय वाराणसी की प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति 13 अगस्त को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा की गई, जो तीन वर्षों के लिए प्रभावी रहेगी। यह केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा, योगतंत्र और संस्कृत भाषा के संवर्धन की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रो. शर्मा के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक महाविद्यालय को शोध, नवाचार और सांस्कृतिक जागरूकता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की उम्मीद की जा रही है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव, जिला और समूचा हिमाचल गौरवान्वित है। ग्रामीणों ने इसे भदोल की धरती का ऐतिहासिक क्षण बताया। वहीं, प्रो. शर्मा का कहना है कि यह दायित्व मेरे लिए गर्व और सेवा का अवसर है। यह उपलब्धि मेरी नहीं, मेरी जन्मभूमि हिमाचल की भी है।



▶ संस्कृत महाविद्यालय वाराणसी की प्रबंधन समिति का अध्यक्ष किया नियुक्त

# एनटीपीसी कोलडैम में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारी नवाजे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**एनटीपीसी** कोलडैम में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह में परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उत्कृष्ट उत्पादन, सीएसआर कार्यों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों, हेल्थ चैंपियनों और मानवीय कार्यों के लिए चयनित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। स्थानीय नागरिक राजेंद्र कुमार को सतलुज नदी में फंसे बच्चों को बचाने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सीआईएसएफ जवानों को अनुशासन और साहस के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए, जबकि बाल भवन, डीएवी स्कूल और टाउनशिप के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संगिनी संघ, सीआईएसएफ, स्कूल प्रबंधन, सभी विभागाध्यक्षों और बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। कोलडैम प्रबंधन ने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



ध्वजारोहण कर सलामी देते रियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर।

## मत्स्य आखेट वर्जित अवधि में अवैध मामलों का रिकॉर्ड

# विभाग ने पकड़े 610 मामले 5 .593 लाख मुआवजा वसूला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

प्रदेश में मत्स्य आखेट के वर्जित काल के दौरान मत्स्य विभाग ने अवैध शिकार पर कड़ी निगरानी रखते हुए इस वर्ष 610 मामलों को पकड़कर नया मानदंड स्थापित किया है। इन मामलों से विभाग ने 5.593 लाख रुपए मुआवजे के रूप में वसूले, जो पिछले वर्ष की तुलना में 168 मामले और 2.66 लाख रूपए अधिक हैं।

यह जानकारी निदेशक मत्स्य विभाग विवेक चंदेल ने दी। प्रदेश के जलाशयों और सामान्य जल स्रोतों से 12,000 से अधिक मछुआरे अपनी आजीविका अर्जित करते हैं। वर्तमान में गोबिंदसागर, पौंग, चमेरा, कोलडैम और रणजीत सागर जलाशयों (कुल क्षेत्रफल लगभग 43,785 हेक्टेयर) में 5,900 से अधिक मछुआरे कार्यरत हैं, जबकि 2,400 किमी लंबाई वाले सामान्य जल स्रोतों में 6,000 से अधिक मछुआरे सक्रिय हैं। इन संसाधनों की सतत उपलब्धता और लोगों को प्रोटीन युक्त आहार के रूप में मछली उपलब्ध कराना, मत्स्य पालन विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

प्रत्येक वर्ष 16 जून से 15 अगस्त तक सामान्य जलों में मत्स्य आखेट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाता है, क्योंकि यह अधिकांश प्रजातियों के प्राकृतिक प्रजनन का समय होता है। इस अवधि में गोबिंदसागर में 19 और कोलडैम में 3 कैम्प सहित एक उड़न दस्ता, पौंग डैम में 17 कैंप और एक उड़नदस्ता तथा चंबा में 3 कैंप और एक उड़नदस्ता तैनात किए गए। जल व सड़क मार्गों से नियमित गश्त के साथ-साथ पैदल निगरानी भी की गई। पिछले वर्ष 2024 में जहां 442 मामले दर्ज कर 2.93 लाख रुपए का मुआवजा वसूला गया था।

# राख-धनाड़ा-बिंदला मार्ग दो सप्ताह से बंद

## हजारों लोगों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा, विभाग ने शुरू किया कार्य पर धीमी रफ्तार चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** में भारी बारिश के चलते जगह-जगह नुकसान हुआ है। भूस्खलन, बादल फटना और सड़कें टूटने जैसी घटनाओं ने आम जनजीवन प्रभावित किया है। इसी कड़ी में राख-धनाड़ा-बिंदला मार्ग पिछले दो सप्ताह से बंद पड़ा है। भारी बारिश के चलते सड़क का डंगा गिर जाने से यह मार्ग पूरी तरह से टूट चुका है और गुराड़ व डुलाड़ा पंचायत की हजारों की आबादी का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है।

करियां वार्ड के जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार मनु ने रविवार को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि फोन पर सूचना मिलने के बाद से ही वह विभाग के संपर्क में थे और काम भी शुरू हो गया है, लेकिन गति काफी धीमी है। मौके पर जाकर पाया कि पैदल आवाजाही के लिए विभाग ने लोहे के एंगल डालकर वैकल्पिक रास्ता तैयार किया है, लेकिन यह बेहद जोखिम भरा है। मनोज ने ठेकेदार से बातचीत कर लेबर की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बताया कि जिस गति से कार्य चल रहा है, उसे पूरा होने में कम से कम 15 से 20 दिन और लग सकते हैं। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि काम की रफ्तार बढ़ाई जाए ताकि जनता को जल्द राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की जनता से प्रशासन और विभाग का सहयोग करने तथा काम पूरा होने तक इस मार्ग से गुजरने का जोखिम न उठाने की अपील की।



जिला परिषद सदस्य ने ठेकेदार से सुरक्षा उपायों पर दिया जोर

## दुनेरा मार्ग बंद, अब वाया लालड़ू से चलेंगी एचआरटीसी की बसें

**बबलू, अनंत ज्ञान**

**भटियात।** दुनेरा में सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से पठानकोट-चम्बा वाया दुनेरा मार्ग अवरुद्ध हो गया है। ऐसे में अब एचआरटीसी की सुंदरनगर-चंबा रूट की बसें चुवाड़ी से थोड़ा पीछे लालड़ू होते हुए बनीखेत निकलेंगी। सभी रूट इसी मार्ग का पालन करेंगे। यह बस पहले धर्मशाला से नूरपुर, जसूर होते हुए पठानकोट पहुंचेगी और वहां से लाथनकोट, जसूर, नूरपुर, लालड़ू होकर बनीखेत और फिर तुनीहट्टी से चंबा जाएगी। सुंदरनगर-चम्बा रूट एचआरटीसी का अत्यंत लाभकारी और लोकप्रिय रूट है। यह मंडी से पठानकोट का सफर वाया धर्मशाला होते हुए भी मात्र 7 घंटे में पूरा करती है। सुंदरनगर डिपो की यह पुरानी बस सेवा बीबीएमबी कॉलोनी, नेरचौक, मंडी, पधर, जोगिंदनगर, बैजनाथ, पालमपुर, चामुंडा, धर्मशाला, शाहपुर, नूरपुर, जसूर, पठानकोट और बनीखेत से होकर चंबा पहुंचती है।



सुंदरनगर से यह सेवा शाम 5:15 बजे, मंडी से 6:30 बजे, जोगिंद्रनगर से रात 9 बजे, बैजनाथ से 9:30 बजे, पालमपुर से 10:15 बजे, धर्मशाला से 11:15 बजे, पठानकोट से 1:45 बजे प्रस्थान कर चंबा सुबह पहुंचती है।

## पांगी को पर्यटन का हब बनाकर बेरोजगारी खत्म करना और जनता की जीवनशैली सुधारना मकसद: ललित

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** पांगी को पर्यटन का हब बनाकर स्थानीय बेरोजगारी खत्म करना और जनता की जीवनशैली सुधारना मकसद है। ये बात एपीएमसी अध्यक्ष एवं को-ऑपरेटिव बैंक निदेशक ललित ठाकुर ने चंबा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने कर पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी के बयानों पर सीधा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पांगी-भरमौर की जनता विकास की राह देख रही है और अब ठोस समाधान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

ललित ठाकुर ने बताया कि 8 से 14 अगस्त तक वे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेश पर पांगी दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति का जायज़ा लिया। कई योजनाओं पर काम तेज़ी से चल रहा है, लेकिन भौगोलिक कठिनाइयों और प्रशासनिक विलंब से कुछ बाधाएं सामने आई हैं, जिनके समाधान पर अधिकारियों से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि पांगी में सब्ज़ी मंडी की कमी किसानों और उपभोक्ताओं के लिए बड़ी चुनौती है। अब सब्ज़ी मंडी के शिलान्यास और सौर ऊर्जा पैनलों की स्थापना से जनता को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदर्शिता को सराहते हुए कहा कि उनकी घोषणाएं पांगी को विकास की नई राह देंगी।



### हाईकमान तय करेगा टिकट

**उन्होंने** साफ किया कि 2027 का टिकट पार्टी हाईकमान ही तय करेगा, न कि कोई व्यक्ति। उन्होंने कहा कि गद्दी समुदाय आज भी विकास की उम्मीद लगाए बैठा है। हमारा दायित्व है कि उनकी उम्मीदों को पूरा किया जाए।

### 'परिवारवाद से कांग्रेस कमजोर' भरमौरी पर निशाना

**पूर्व** मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी को आड़े हाथ लेते हुए ललित ठाकुर ने कहा कि परिवारवाद और व्यक्तिगत स्वार्थ से कांग्रेस संगठन कमजोर हुआ है। उन्होंने भरमौरी की तुलना धृतराष्ट्र से करते हुए कहा कि पुत्र-मोह ने उन्हें पार्टी से अलग-थलग कर दिया है। उन्होंने तंज कसा कि भरमौरी पहले भरमौर से चुनाव जीतकर दिखाएं, उसके बाद भटियात की राजनीति करने की सोचें।

### भटियात में कुलदीप पठानिया का कोई विकल्प नहीं

**ललित** ठाकुर ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया को भटियात का निर्विवाद नेता बताया और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर कांग्रेस को मज़बूत बनाएं। उन्होंने कहा कि 2027 का टिकट हाईकमान तय करेगा और गद्दी समुदाय की उम्मीदों पर खरा उतरना संगठन की प्राथमिकता होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों व देशभक्ति गीतों ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित ज्वाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। अखंडचंडी पैलेस के प्रांगण में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, एमबीबीएस छात्र-छात्राएं और नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें एमबीबीएस छात्रों ने देशभक्ति गीत गाए और नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने ग्रुप सॉन्ग से माहौल को देशभक्ति रंग में रंग दिया। डॉ. गुप्ता ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देशभक्तों के बलिदानों को याद किया और देश को अखंड भारत बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर कॉलेज के संयुक्त निदेशक केशव राम, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जालाम भारद्वाज, एसोसिएशन पदाधिकारी और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट योगदान के लिए गौरव वैद सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने साइंस सुपरवाइजर गौरव वैद को शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया। गौरव वैद ने जिले में विज्ञान शिक्षा व नवाचार को नई दिशा दी है। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा कॉफी विद डीसी जैसी अभिनव पहल हुई। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उन्होंने चंबा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाया और जिले के ईको क्लब को सर्वश्रेष्ठ घोषित करवाया।

### लाभार्थी को मिला 2 लाख का बीमा भुगतान

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख में शनिवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने की, जबकि ग्राम पंचायत गुराड़ की प्रधान कंचन देवी विशेष रूप से मौजूद रहीं। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ग्राम गुराड़ निवासी देवेंद्र कुमार को 2 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान किया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि देवेंद्र कुमार की पत्नी, स्वर्गीय ममता देवी ने 29 सितंबर 2021 को शाखा राख में जनधन खाता खुलवाया था और 19 अक्टूबर 2021 को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीकरण करवाया था। दुर्भाग्यवश, प्रसूति के 11 दिन बाद 15 दिसंबर 2024 को उनका निधन हो गया। देवेंद्र कुमार ने इस सहायता के लिए बैंक प्रबंधन और भारत सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि वे अपने आठ माह के बच्चे के भविष्य के लिए उपयोग करेंगे। इस अवसर पर बैंक के सहायक प्रबंधक मोहित डोबरियाल, सीएसए संदीप, अनित, सुभाष सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चौरासी मंदिर में 8 दिवसीय जातर मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के चौरासी मंदिर परिसर में ऐतिहासिक देवदार वृक्ष पर झंडा चढ़ाने के साथ ही 8 दिवसीय स्थानीय जातर मेलों का शुभारंभ हुआ। ग्राम पंचायत भरमौर द्वारा आयोजित यह मेला विभिन्न देवी-देवताओं को समर्पित है। पहली जातर नर सिंह भगवान, दूसरी शिवजी, तीसरी लखना माता, चौथी गणेश, पांचवी कार्तिकेय, छठी शीतला माता, सातवीं बाबा जय कृष्ण गिरी और आठवीं हनुमान दंगल के रूप में मनाई जाती है। मंदिर में प्रत्येक दिन जागरण का आयोजन होता है। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार, कृष्ण जन्माष्टमी के बाद देवदार वृक्ष पर झंडा चढ़ाया जाता है। पिछले कई वर्षों से राजेश उर्फ रंजू घराटी ही इस परंपरा को निभा रहे हैं। पंचायत प्रधान अनिल कुमार और सचिव पवन शर्मा ने बताया कि मेले में स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अंतिम तीन दिनों में स्टार नाइट्स का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर के कलाकार भाग लेंगे।

## कार दुर्घटनाग्रस्त होने से दो की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर वीरवार देर रात करीब 12.50 बजे एक स्विफ्ट कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हुए और एक व्यक्ति अभी भी लापता है।

**लापता की तलाश जारी**

हादसे के समय कार में पांच लोग सवार थे, जो भरमौर से वापस पंजाब लौट रहे थे। मृतकों की पहचान बलवीर सिंह निवासी दयालपुरा बठिंडा और 19 वर्षीय मनप्रीत निवासी संगरूर पंजाब के रूप में हुई है। घायलों में मल सिंह और बंटी शामिल हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज चंबा में उपचाराधीन रखा गया है।

एनडीआरएफ, होमगार्ड और पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर एक शव कार से बरामद किया, जबकि दूसरा शव धरवाला से मिला। मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। लापता युवक की तलाश अभी जारी है।

## उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

### चंबा के ऐतिहासिक चौगान में हर्षोल्लास से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**राज्य सरकार जन कल्याण और आपदा राहत के लिए प्रतिबद्ध**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**79वें** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चंबा के ऐतिहासिक चौगान में ज़िला स्तरीय समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। परेड में जिला पुलिस, वन विभाग, गृहरक्षक, एनसीसी, एनएसएस और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की टुकड़ियों ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व सहायक उप पुलिस निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने किया। मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। आपदा प्रभावितों के लिए राहत राशि को 25 गुना तक बढ़ाना मानवीय सरोकारों को सर्वोपरि रखने का प्रमाण है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि जनवरी 2023 से लोक निर्माण विभाग द्वारा ज़िला चंबा में 553 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। इसके तहत 167 किलोमीटर नई सड़कें बनीं और 175 किलोमीटर सड़कों को पक्का किया गया। पेयजल और सिंचाई योजनाओं पर नाबार्ड के अंतर्गत 239 करोड़ रुपये व्यय हो रहे हैं, जबकि एडीबी और एनडीबी की 100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सरोल के दूसरे चरण के भवन निर्माण के लिए स्वीकृत 194 करोड़ रुपये को क्षेत्र के स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा कदम बताया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों, अधिकारियों व समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक, पूर्व मंत्री और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मनीष ने कांगड़ा पहुंचकर जाना आरएस बाली का कुशलक्षेम



**पर्यटन संबंधी विकासात्मक परियोजनाओं पर भी की चर्चा**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**दिल्ली** से उपचार करवाकर कांगड़ा लौटे आरएस बाली का शनिवार को डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता मनीष सरीन अपने साथियों के संग उनके निवास स्थान मजदूर कुटिया में कुशलक्षेम लेने पहुंचे।

मनीष ने बताया की आरएस बाली से उनके स्वास्थ्य सबंधी वार्तालाप के अलावा कई पर्यटन संबंधी विकासात्मक परियोजनाओं पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान पर्यटन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मनीष सरीन ने बताया कि हाल ही में प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदाओं से पर्यटन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार से विशेष सहायता की मांग पर चर्चा की गई। इसके अलावा, पर्यटन उद्योग को राहत देने के लिए जीएसटी की दरों में कमी जैसे विषयों पर भी बातचीत हुई। बाली को डलहौजी दौरे के लिए भी आग्रह किया गया। आरएस बाली ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान मनीष के साथ राजेश चोभियाल, इच्छा राम टंडन, विशाल सिंह, विकास सिंह व विकास धीमान मौजूद रहे।

## कोहलड़ी में स्वतंत्रता दिवस पर पारंपरिक छिंज मेले का किया आयोजन

# छोटी माली में कालू पहलवान बने विजेता

**अनंत ज्ञान, कोहलड़ी**

**स्वतंत्रता** दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत कोहलड़ी में पारंपरिक छिंज मेले का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर कई नामी पहलवानों ने अपनी कला और दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भूतपूर्व पंचायत समिति चेयरमैन एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य राज सिंह ठाकुर रहे, जबकि शुभारंभ समाजसेवी चतर सिंह सूर्यवंशी के करकमलों से किया गया। पंचायत चीलबांग्ला के प्रधान पवन शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कुश्ती मुकाबलों में दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। छोटी माली में कालू पठानकोट विजेता बने जिन्हें 7100 रुपए का इनाम मिला, जबकि मोहन लाल जसोरगढ़ उपविजेता रहे और उन्हें 5100 रुपए की राशि मिली। बड़ी माली में मिण्डा पठानकोट विजेता घोषित हुए जिन्हें 11000 रुपए का पुरस्कार मिला, वहीं उपविजेता लतीफ कलहेल को 9100 रुपए प्रदान किए गए। मेले की जानकारी प्रधान चमन शर्मा ने दी और आयोजन को सफल बनाने में छिंज मेला कमेटी के सभी पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। मुख्य अतिथि राज सिंह ठाकुर ने मेले की समिति को 31,000 रुपए की सहयोग राशि भेंट की और भविष्य में भी इस परंपरा को बड़े स्तर पर जारी रखने की कामना की।



कोहलड़ी में पारंपरिक छिंज मेले के विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए।

## आपदा की मार, अब धंसने लगे पहाड़ी पर बसे गांव

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** मंडी जिला में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की घटनाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। कुदरत का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सराज घाटी की ग्राम पंचायत पंजाई के जुघरी गांव में भी भूस्खलन का सिलसिला शुरू हो गया है, जिससे दो गरीब परिवारों का आशियाना खतरे में आ गया है।

जुघरी गांव में पहाड़ दरकने से वेद राम और मिने राम के घरों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। उनकी उपजाऊ जमीन में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी है और घर व जमीन धंसने की कगार पर है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, दोनों भाइयों ने अपना घर खाली कर दिया है और अपने पड़ोसियों के घर में शरण ली है। बता दे कि यह परिवार बेहद गरीब है और उन्होंने बहुत मेहनत से अपना एक छोटा सा मिट्टी का घर बनाया था। उनका यह एकमात्र सहारा अब टूटने की कगार पर है।



उनके पास न तो पर्याप्त जमीन है और न ही इतनी हिम्मत कि वे दोबारा अपना घर बना सकें। वे दिहाड़ी मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं और बंदरों के आतंक के कारण अपनी थोड़ी-बहुत फसल भी नहीं उगा पाते। इस मुश्किल घड़ी में, इन परिवारों को तत्काल मदद की जरूरत है। स्थानीय प्रशासन से निवेदन है कि जल्द से जल्द इस गांव का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण कराएं और इन परिवारों को उचित मुआवजा दें। साथ ही, समाज के दयालु लोगों से भी अपील है कि वे इन गरीब परिवारों की मदद के लिए आगे आएं। उनकी छोटी सी मदद भी इन परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा बन सकती है। इस विषय पर तहसीलदार बालीचौकी निधि सकलानी ने बताया कि स्थानीय पटवारी ने मौका कर उक्त परिवार की जमीन और मकान की हालत का मुआयना किया है और जल्द ही उन्हें प्रशासन द्वारा मदद दी जाएगी।

### सूडोकु नवताल- 7524 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7523 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

रविवार, 17 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** नवमी (07:26) : **नक्षत्र** रोहिणी (03:18), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** व्याघात (01:40), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:51)। **राहुकाल** (05:20-06:59)।

### विशेष दिन

- 17 अगस्त 2025: गोगा नवमी आज।
- 17 अगस्त 2025: नंदोत्सव आज।

**मेषः** व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी। कलात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी। लालच न करें अन्यथा बने काम हाथ से निकल सकते हैं।

**वृषः** अपने आप पर विश्वास रखें व नकारात्मक सोच न रखे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

**मिथुनः** अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। आज व्यापारिक मामलों में जवाबदेही बढ़ने वाली है। संतान पर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्कः** बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी। वाहन क्रय करने के योग बन रहे हैं। व्यापार में आर्थिक सहयोग लेना पड़ेगा।

**सिंहः** अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें। संतान की चिंता, व्याकुलता बढ़ेगी। आज भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्याः** आपके विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे। किसी के सहयोग से समस्या का समाधान होगा।

**तुलाः** आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रुपरेखा बनेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्य विस्तार के लिए उचित मार्गदर्शन लेना होगा।

**वृश्चिकः** आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा। दिखावे एवं आडंबरों से बचे। पारिवारिक उलझनों से राहत मिलेगी।

**धनुः** नौकरी में पदोन्नति एवम् तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा। लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**मकरः** अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें।

**कुंभः** अपने राजनितिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा। पदोन्नति होने की संभावना है।

**मीनः** अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहारकुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे। अनायास धन प्राप्ति की संभावना बन रही है।

## साईगलू नलवाड़ मेले में होंगी दो सांस्कृतिक संध्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**आठ** दिवसीय साईगलू नलवाड़ मेले का शुभारंभ समाजसेवी एवं प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने शनिवार को विधिवत रुप से किया। ग्राम पंचायत कसान की ओर से यह मेला आयोजित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कसान की प्रधान भिन्त्रा देवी ने बताया कि मेले से जुड़ी गतिविधियों तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें दो सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित होगी। इसमें स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि देवी-देवताओं का आगमन मेले का मुख्य आकर्षण रहेगा। महिला मंडलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन तथा अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होंगी। वहीं



बतौर मुख्यातिथि अनुपमा सिंह ने बताया कि इस मेले की शोभा ग्रामीणों ने बढ़ाई है, क्योंकि लोकल बार वोकल नजारा यहां देखने को मिला जिससे गांव के परिपेक्ष से जो मेरा आयोजित होता है वहां हमें पुरातन एवं ग्रामीण क्षेत्र की भूमिका को दर्शाता है।

## राधा-कृष्ण व हनुमान की निकाली झांकियां

**अनंत ज्ञान, सरोल।** शक्ति माता सत्संग मंडली सरोल द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 15 अगस्त को शक्ति माता मंदिर परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर भद्रम से होते हुए पुनः मंदिर तक पहुंची। इस दौरान राधा-कृष्ण, हनुमान सहित आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भजन-कीर्तन व नृत्य करते हुए आगे बढ़े। भगवत प्रेमी राकेश महाजन के भजनों से वातावरण और अधिक भक्तिमय बन गया। डॉ. कविता बिजलवान ने जानकारी दी कि 25 अगस्त से 31 अगस्त तक मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन होगा। पूज्य आचार्य महेश चैतन्य महाराज जी अपनी मधुर वाणी से अमृत कथा का पाठ करेंगे। मधु, अनीता, श्रेष्ठा, सुम्मी, गीता धवन, राकेश महाजन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को सौंपे तीन मांगपत्र

## आपदा पीड़ितों को भूमि आवंटन की मांग एनएच निर्माण से संकट में प्रभावित लोग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान हिमाचल किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को तीन मांगपत्र सौंपे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, रणताज राणा, दिनेश काकू और किसान यूनियन के तेज नाथ शर्मा ने किया।

पहली मांग आपदा प्रभावित परिवारों को शीघ्र भूमि आवंटन की थी। सभा ने बताया कि 2023 और 2025 की आपदाओं में बेघर हुए अनेक परिवारों को आज तक जमीन नहीं मिली है। टिहरा, लौंगनी और सरी-कपाही क्षेत्र के कई लोग अब भी पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दूसरा मुद्दा एनएच निर्माण से प्रभावित लोगों का उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अवैध डंपिंग और ब्लास्टिंग के चलते कई घर खतरे में हैं और धर्मपुर मार्ग पर आना-जाना जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने प्रशासन पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप भी लगाया।

**29 को मंडी में बनेगी अगली रणनीतिः भूपेंद्र**

तीसरी मांग किसानों की भूमि से बेदखली रोकने के लिए कानून बनाने और हाईकोर्ट में हलफनामा दायर करने की रही। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इन सभी मुद्दों पर रणनीति तय करने के लिए किसान सभा 29 अगस्त को मंडी में राज्य स्तरीय अधिवेशन करेगी।

## स्वतंत्रता दिवस पर घोषणाओं के अभाव से कर्मचारियों में निराशा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**प्रदेश** के कर्मचारियों और पेंशनर्स को स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा किसी तरह की घोषणा न किए जाने से उनमें गहरी निराशा देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी को भी कोई घोषणा नहीं हुई थी। आमतौर पर कर्मचारियों और पेंशनर्स को उम्मीद रहती है कि सरकार 25 जनवरी, बजट, 15 अप्रैल और 15 अगस्त को महंगाई भत्ते की देय किस्त की अदायगी की घोषणा करेगी, लेकिन इस बार उनकी आशाएं अधूरी रह गईं।

राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों और पेंशनर्स के हक पर कुंडली नहीं मारनी चाहिए और समय पर अदायगी सुनिश्चित करनी चाहिए। महासंघ के प्रेस सचिव पंकज शर्मा व जिला मंडी अध्यक्ष हेत राम शर्मा ने सरकार से डीए की अधिसूचना शीघ्र जारी करने की मांग की।

**डीए व एरियर को लेकर बढ़ा का रोष**

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2022 से स्वीकृत डीए का एरियर और छठवें वेतन आयोग का एरियर 2016 से लंबित है। साथ ही कर्मियों के भत्ते भी 2006 के वेतनमान के बाद से संशोधित नहीं हुए हैं। पेंशनर्स ने यह भी मांग उठाई कि 2016 के बाद सेवानिवृत्त कर्मियों को ग्रेच्युटी और अन्य देय लाभ शीघ्र प्रदान किए जाएं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो कर्मचारियों का असंतोष और अधिक बढ़ सकता है।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कमल देव अत्री,** पुत्र सुंदर लाल अत्री निवासी गांव अप्पर अरनियाला, नजदीक रिजनल अस्पताल ऊना, हि.प्र.-174303 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम कमल देव से बदलकर कमल देव अत्री रख लिया है। संबंधित नोट करें।

**NAME CORECTION**

I, Manorma Devi W/o Sh. Bodh Raj R/o VPO Jagatsukh, Teh. Manali, Distt. Kullu ( H.P) declares that in birth Certificate of my daughter, her name & my name wrongly entered as Aarushi & Manorma respectively. Whereas her correct name is Aarushi Sharma & my correct name is Manorama Devi. Please Note.

सबसे बड़ा गुरु-मंत्र है-कभी भी अपने राज किसी को मत बताना। यह आपको नष्ट कर देगा। -चाणक्य

## संपादकीय

# राजधानी में जल संकट

बरसात चरम पर है। चारों ओर नदी-नाले उफान पर हैं, खेतों में पानी भर रहा है और सड़कों पर बह रहा है, लेकिन हैरानी की बात है कि पहाड़ों की रानी शिमला प्यास से तड़प रही है। तीन दिन से शिमला शहर में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है। राजधानी का नागरिक एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान है। रोजमर्रा की जरूरतें जैसे- पीना, नहाना, खाना बनाना, कपड़े धोना सब प्रभावित हैं। बरसात के मौसम में जब हर ओर पानी ही पानी हो, उस वक्त भी प्यास से तड़पना पड़े तो यह किसी विडंबना से कम नहीं। शिमला की पेयजल सप्लाई को संभालने वाली चाबा, गुम्मा और गिरि परियोजनाएं भारी बारिश से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। चाबा का पंपिंग स्टेशन डूब गया, गुम्मा योजना से जुड़ी नौटी खड्ड में पंपिंग सिस्टम ठप हो गया और गिरि योजना भी क्षतिग्रस्त हो गई। नालों में भरी गाद और क्षतिग्रस्त पाइपलाइनें पानी लिफ्ट करने में बड़ी बाधा बन रही हैं। नतीजा यह कि राजधानी शिमला, जहां विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने वाला है और हजारों लोग जुटने वाले हैं, वहां पानी का संकट सिर पर खड़ा है। यह संकट नया नहीं है। शिमला हर साल इस समस्या से दो-चार होता है। कभी गर्मियों में सूखा पड़ने से, तो कभी बरसात में गाद और टूटे पंपिंग स्टेशनों के कारण। सवाल यह है कि जब यह समस्या बार-बार आती है, तो इसका स्थायी हल क्यों नहीं निकाला गया? क्या सरकारें केवल अस्थायी उपाय करके नागरिकों की प्यास बुझाने का नाटक करती रहेंगी? शिमला जैसे पर्यटन शहर में पानी का संकट केवल स्थानीय नागरिकों की समस्या नहीं है, बल्कि प्रदेश की साख से जुड़ा हुआ सवाल है। हर साल लाखों पर्यटक यहां आते हैं। अगर उन्हें पीने तक का पानी न मिले, तो पर्यटन उद्योग पर इसका बुरा असर पड़ता है। होटल व्यवसाय से लेकर टैक्सी चालक तक सब प्रभावित होते हैं।

स्थानीय लोग तो कहते हैं कि अगर संकट यूं ही गहराता रहा तो उन्हें पलायन पर मजबूर होना पड़ेगा। सरकार और पानी सप्लाई करने वाली कंपनी एसजेपीएनएल के पास इस स्थिति से निपटने के कुछ तर्क जरूर हैं- भारी बारिश से पंपिंग स्टेशन में गाद भर गई, पाइपलाइन टूट गई, मरम्मत चल रही है आदि-आदि, लेकिन सवाल यह है कि आखिर हर साल यही तर्क क्यों दिए जाते हैं? क्यों ऐसा सिस्टम विकसित नहीं किया गया कि संकट आने पर भी पानी की सप्लाई बाधित न हो? इसका हल बहुआयामी होना चाहिए। शिमला को केवल कुछ परियोजनाओं पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। वर्षा जल संचयन, छोटे चेक डैम और स्थानीय स्रोतों से पानी जुटाने की योजना बनाई जानी चाहिए। पुराने पंपिंग स्टेशनों और पाइपलाइन को आधुनिक तकनीक से बदलना होगा। गाद हटाने और पानी फिल्टर करने की स्वचालित प्रणाली लगानी होगी। शहर में पर्याप्त जलाशय और टैंक बनाए जाएं, ताकि संकट के दिनों में कुछ दिनों तक पानी उपलब्ध रहे। शिमला की सप्लाई लाइनों में बड़ी मात्रा में पानी लीकेज हो जाता है। अगर यह रोक लिया जाए तो कम से कम 20-25 प्रतिशत पानी बचाया जा सकता है। सरकार और स्थानीय निकाय को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा कि पानी का दुरुपयोग न हो। गाड़ियों की धुलाई, जरूरत से ज्यादा बहाना या लापरवाही से खुली टंकियों को भरने जैसी आदतें बदलनी होंगी। सिर्फ सरकार या प्रशासन ही नहीं, नागरिकों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। पानी को लेकर जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। पानी की हर बूंद बचाना अब केवल नारा नहीं, बल्कि मजबूरी बन चुका है।

स्कूलों, कॉलेजों और मोहल्लों में जल संरक्षण अभियान चलाना चाहिए। पर्यटकों को भी यह संदेश दिया जाना चाहिए कि वे पानी बर्बाद न करें। हर घर में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था हो, हर कॉलोनी में रिसाइक्लिंग का सिस्टम हो, और नागरिकों को सिखाया जाए कि पानी के वेस्टेज का सीधा मतलब आने वाले कल में संकट है। अब जबकि विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है, यह मसला सदन में गूंजना तय है। शिमला का संकट केवल स्थानीय मुद्दा नहीं, बल्कि प्रदेशव्यापी चिंता का विषय है। अगर राजधानी प्यास से तड़प रही है तो बाकी जिलों की हालत का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की पूरी कोशिश करेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के लिए यह बड़ा अवसर भी है और चुनौती भी। अगर सरकार इस संकट का स्थायी हल निकालने की ठोस योजना लेकर आती है तो यह उनकी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। विकास की बड़ी-बड़ी घोषणाओं का कोई मतलब नहीं है, अगर नागरिक को पीने तक का पानी न मिले। सरकार को चाहिए कि वह इस बार सिर्फ आश्वासन न दे, बल्कि दीर्घकालीन योजना पेश करे। शिमला की प्यास केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल की प्रशासनिक क्षमता की परीक्षा है। पानी जिंदगी की बुनियादी जरूरत है। बरसात में भी अगर लोग प्यासे रहें तो यह केवल प्रशासन की विफलता नहीं, बल्कि शासन की नाकामी है। सरकार को चाहिए कि वह इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले। विकल्पी जल स्रोत, आधुनिक तकनीक, पर्याप्त स्टोरेज और जल संरक्षण की संस्कृति ही शिमला को प्यास से बचा सकती है। अगर सुक्खू सरकार यह कर पाने में सफल हो जाती है तो यह उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होगी। वरना आने वाले समय में शिमला की प्यास प्रदेश सरकार की बदनामी और जनता के गुस्से का कारण बन सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार

**अमृतलाल** नागर हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार थे। उन्होंने नाटक, रेडियोनाटक, रिपोर्ताज, निबंध, संस्मरण, अनुवाद, बाल साहित्य आदि के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें साहित्य जगत में उपन्यासकार के रूप में सर्वाधिक ख्याति प्राप्त हुई, तदापि उनका हास्य-व्यंग्य लेखन कम महत्वपूर्ण नहीं है। अमृतलाल नागर का जन्मद्व गोकुलपुरा, आगरा, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनके पिता पंडित राजाराम नागर की मृत्यु के समय नागर जी कुल 19 वर्ष के थे। अमृतलाल नागर ने एक छोटी सी नौकरी के बाद कुछ समय तक मुक्त लेखन एवं हास्यरस के प्रसिद्ध पत्र 'चकल्लस' के संपादन का कार्य 1940 से 1947 ई. तक किया। इसके बाद मुंबई एवं मद्रास के फिल्म क्षेत्र में लेखन का कार्य किया। यह हिंदी फिल्मों में डबिंग कार्य में अग्रणी थे। उन्होंने स्वतंत्र लेखन का कार्य किया। ■



**अमृतलाल नागर**
**जन्म :** 17 अगस्त,1916
**मृत्यु :** 23 फरवरी,1990



कविता

## कृष्णा आ जाओ...

यश गोरा, योल कैंप ( हिप्र )

*कलियुग चमक रहा चहुं ओर, सतयुग की प्रभु ला दो भोर।*
*प्रेम से तुमको बुला रहे हैं, कृष्णा आ जाओ बंध प्रेम की डोर॥*
*फैला प्रकृति में प्रदूषण, दूषित हो चुका मानव का मन।*
*रिश्तों का कोई मोल नहीं है, चाहत सबकी है केवल धन॥*
*प्रकृति हमसे रूठ रही है. अवनि जल में डूब रही है।*
*पर्वत भी अब टूट रहे हैं, इन्हें बचा लो हे मधुसूदन॥*
*गोवर्धन को उठाने वाले, तुम जैसा नहीं किसी में जोर।*
*विनाश का तांडव कर रहा शोर, कृष्णा आ जाओ बंध प्रेम की डोर॥*
*नारी का सम्मान करे जो, दुर्लभ हो गए हैं ऐसे जन।*
*सुंदर मन की चाह नहीं है, आंखों में छाया सुंदर तन।।*
*पुन: द्रौपदी की रक्षा कर लो प्रभु, चीर न छू पाए दु:शासन।*
*पतित हो रही इस दुनिया को, शरण में लेकर कर दो पावन।।*
*हृदय चुराकर भी 'यश' पाया है, ऐसे हो प्रभु माखन चोर।*
*स्वयं को हम अर्पण करते हैं, कृष्णा आ जाओ बंध प्रेम की डोर।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रकृति से बार-बार छेड़छाड़ करना विनाश को न्योता देना

हिमाचल प्रदेश विगत कुछ वर्षों से प्रकृति के प्रकोप से जुझ रहा है, जिसके फलस्वरूप यह राज्य विनाश का आए दिन ग्रास बनता जा रहा है और यह भयानक, ज्वलंत व विकराल समस्या हमारे सामने खड़ी होती जा रही है। वैसे भी इस बार की भयंकर बारिश ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को अपनी चपेट में लेकर भयावह तांडव मचा रखा है। जम्मू के किश्तवाड़ के चशोटी गांव में बादल फटने से पानी और मलबे की चपेट में आने से लगभग 45 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक अभी तक लापता हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के कोटखाई में बादल फटने से खलटूनाला में तबाही का मंजर बरपा और भारी मलबे की जद में आने से 6 गाड़ियां और एक पेट्रोल पंप दब गया।



**तुलसी राम डोगरा**
पालमपुर, हिप्र

मानसून की बारिश अभी तक अपना कहर बरपा रही है। मानसून की बरसात ने हिमाचल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अपना रौद्र रूप धारण किया हुआ है,चाहे वे जिला मंडी, कांगड़ा, कुल्लू-मनाली, चंबा, शिमला, लाहौल-स्पीति, किन्नौर हों, शायद ही इस राज्य का कोई हिस्सा इस प्रकोप से अछूता होगा, जहां भारी बारिश का प्रकोप न हो। लोगों के दिलों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कब क्या हो जाए, पता नहीं। हिमाचल प्रदेश में भयंकर बरसात अब तक सैंकड़ों लोगों को निगल चुकी है। बाढ़ के आने से कई घर जमींदोज हो रहे हैं और अनेक जिंदगियां पानी के निर्बाध बहाव के कारण लापता हैं, जिनका सुराग अभी तक नहीं मिल पा रहा है कि वे जिंदा भी हैं अथवा मौत के आगोश में आकर चिर-निद्रा में समा तो नहीं गए हैं। इस पर अभी तक प्रश्न-चिन्ह लगा हुआ है।

गत वर्ष समेज में आई प्राकृतिक विकराल बाढ़ ने लगभग 36 से अधिक लोगों की जान ले ली थी, जिनमें से अनेक शवों का आज तक पता नहीं चल पाया। इस आपदा के कारण अनेक परिवारों के आशियानों का वजूद तक मिट गया, जो कुछ घर बच गए वे बुरी तरह से जलमग्न हो गए।

वहीं, कई रास्ते-सड़क मार्ग भी धराशायी हो गए। इस बार भी भयंकर बारिश के कारण समेज खड्ड पूरे उफान पर है। चिंता की बात है कि कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है, जो कि चिंतनीय है।



आज इस त्रासदी को देखते हुए स्थानीय लोगों के समक्ष एक यक्ष प्रश्न खड़ा हो रहा है कि क्या प्रकृति का दंश हम भविष्य में भी इसी तरह से झेलते रहेंगे अथवा फिर कोई ईश्वरीय शक्ति ही हमें बचा पाएगी? वैसे भी देखा जा रहा है कि मानव द्वारा प्रकृति से आए दिन छेड़छाड़ कर हम स्वयं विनाश को आमंत्रण दे रहे हैं क्योंकि शांत हरित पहाड़ों से अप्राकृतिक छेड़छाड़ करना कहां तक तर्कसंगत है।

कई जीव- जंतुओं के घरोंदे अपनी स्वार्थ- सिद्धी के लिए उजाड़ने के लिए आतुर हैं हम। इस देवभूमि में अनेक ऋषि-मुनियों ने इस धरा में घोर तप किया था, उनकी इस तपस्थली देवभूमि से आए दिन पहाड़ों का सीना छलनी करना कहां तक उचित है। शायद उन अदृश्य शक्तियों का प्रकोप ही हमें इस रूप में भुगतना पड़ रहा है। अगर किसी भी जीव-जंतु को जब तक आप उससे छेड़छाड़ नहीं करोगे, वह आपको कोई नुकसान नहीं पहुंचाएंगे, लेकिन जब सारी सीमाएं लांघ जाओगे तो वह भी रौद्र रूप दिखाने में कदापि पीछे नहीं हटेंगे।

इसी प्रकार शांतिप्रिय हरे-भरे पहाड़ कब तक सब्र का घूंट पीते रहेंगे, पहाड़ों का आए दिन सीना छलनी कर उसका संतुलन बिगाड़ रहे हैं, इसलिए ये पहाड़ दरक रहे हैं तथा उनका कई सदियों का अस्तित्व खतरे की भेंट चढ़ रहा है। दूसरी ओर यहां के स्थानीय कुल देवी-देवताओं का जब-जब अनादर होता है, तब-तब प्रदेश को विपदा और कोपभाजन का सामना करना पड़ा है, ऐसा बुजुर्गों का मानना है। बादल फटने, बाढ़ आने तथा भूस्खलन से लोगों की जिंदगी में एक ठहराव और डर-सा बैठा हुआ है कि काल कब उन्हें भी निगल न जाए, पता नहीं। जब साल 2007 में बरसात आई थी तो शिमला जिले के रामपुर बुशहर में बादल फटने से 100 से अधिक लोग पानी में बह गए थे व बहुत सारे घर क्षतिग्रस्त हो गए थे। कई दिनों तक बिजली-संचार व्यवस्था ठप रही तथा अनेक क्षेत्रों का आपस में संपर्क टूट गया था, वहीं ज्वालाजी के निकट पहाड़ों की भारी-भरकम चट्टानें गिरने से उसमें कई व्यक्ति दब गए, सैकड़ों लोग सड़कों में फंसे रहे। इस दौरान, करोडों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था। भूकंप की तबाही से तहस- नहस हुए घरों और अन्य पुरातन इमारतों को पुनर्स्थापित करने के लिए कई वर्ष लगे थे। आज राज्य के कई भागों को जहां वर्तमान में विकास का नाम देकर कुदरत द्वारा दी हुई संपदा को छोटे-बड़े बांधों, नदी-नालों, हरित पहाड़ों व अन्य प्रकार की वन संपदा का सीना छलनी कर क्या हम प्रकृति के संतुलन को अस्थिर करने मे लगे हुए हैं, जिसका खमियाजा हमें प्रतिवर्ष भुगतना पड़ रहा है।

वहीं, दूसरी ओर,आज हरियाली से अटे पड़े जंगलों ने कंक्रीट का स्थान ले लिया है। देश की निरंतर बढ़ती आबादी भी इसका मुख्य कारण हो सकती है क्योंकि पहले सयुंक्त परिवारों का चलन था, लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अगर घर में दो भाई हैं तो वे अलग रहना पसंद करते हैं अथवा यह एक फैशन-सा हो गया है। इसलिए अऐ-दिन पेड़ों का कटान और जमीन को बंजर बनाकर अपने सपनों का महल खड़ा कर रहे हैं। प्रकृत्ति हमें बार-बार चेता रही है कि सुधर जाओ वर्ना मेरे रौद्र रूप का सामना करने के लिए तैयार रहो। इसके पीछे मनुष्य की बढ़ती लालसा, समृद्ध बनने कि अथाह चाह तथा इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रकृति के अंचलों एवं उसके नियमों में जरुरत से ज्यादा दखल ही शायद उत्तरदायी हो सकता है। वर्तमान समय में वातावरण में गैसों के प्रभाव से हवाओं का आवागमन प्रभावित और वर्षा-चक्र भी अवरुद्ध हुआ है।

संभवत: इसी का प्रमाण है कि आकाश से धरती पर बार-बार वज्रपात होता रहता है। ये घटनाएं लोगों को सावधानी पूर्वक जीने का संकेत दे रही हैं। मानवीय संकट को और अवैज्ञानिक तरीके से प्राकृतिक से छेड़छाड़ पर पर्यावरणविदों, भू-वैज्ञानिकों, भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिकों, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साइंटिस्ट्स, इंजीनियर आदि को इससे निपटने के लिए आएदिन हो रहे भूस्खलन, बादलों का फटना, बिजली गिरने का कहर आदि प्राकृतिक आपदाओं पर सामायिक गहन अध्ययन एवं शोध करने की अविलंब आवश्यकता है, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हम इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएंगे और यही समय की पुकार भी है की प्रकृति से छेड़छाड़ न करें अन्यथा प्राकृतिक आपदा का सामना करने के लिए सदैव तैयार रहें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अमेरिकी टैरिफ की चुनौती के सामने खड़ा आत्मनिर्भर भारत

अमेरिका ने पूरी दुनिया मे एक टैरिफ वार शुरू कर दिया है। पिछले कुछ वर्षो में 'अमेरिका फर्स्ट' के तहत कई देशों विशेषकर चीन ने भारत पर टैरिफ लगाए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर दिन नए फैसले ले रहे हैं, जो न सिर्फ वैश्विक सुर्खियां बन रही हैं बल्कि कई देशों की चिंता को भी बढ़ा रहा है। टैरिफ के पीछे अमेरिका की कई मंशा निकल कर आ रही हैं, जिसमें एक यह भी है कि अमेरिकी उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचा है परंतु इसका वैश्विक सप्लाइ चेन, आयात-निर्यात संतुलन और भू राजनीतिक रिश्तों पर गहरा असर पड़ रहा है। ऐसे मे इससे प्रभावित होने वाले देशों को या तो अमेरिका की शर्तों पर काम करना होगा या फिर अपनी अर्थव्यवस्था और व्यापार के नए रास्ते खोजने होंगे, ऐसे मे ब्रिक्स देशों की भूमिका बहुत अहम हो जाती है और अगर उसमें भी बात करें तो भारत, रूस और चीन ये तीनों पश्चिमी देशों के समानांतर एक शक्ति के रूप मे उभर सकते हैं।



**आशीष बहल**
शिक्षक, चुवाड़ी (चंबा)

अगर अभी वर्तमान मे देखें तो अमेरिका का टारगेट भी इन्हीं तीनों देशों पर रहा है। चाहे इसके कारण कई रहे हों। अमेरिका का भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र मे अपना वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कई दशकों से चला आ रहा है जिसे भारत ने अस्वीकार किया। ट्रंप के इस दावे को भी भारत ने नकार दिया कि उनकी मध्यस्थता में भारत और पाकिस्तान मे सीजफायर हुआ। अमेरिका का यह भी कहना है कि भारत पर टैरिफ लगाने का कारण रूस से भारत का तेल खरीदना है। इसमें भी मजे की बात यह है कि अमेरिका खुद भी रूस से कई प्रकार से व्यापार कर रहा है और जिस रूस की वजह से अमेरिका भारत के ऊपर प्रतिबंध की बात कर रहा है, उसी रूस पर अमेरिका सिर्फ 10 प्रतिशत टैरिफ लगा रहा है। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ 7 अगस्त से लगा दिया है और 27 अगस्त के बाद 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इस प्रकार भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। यदि ट्रंप अपनी बात पर कायम रहते हैं, जिसकी संभावना कम लग रही है।



आइए इस बात को समझने का प्रयास करते हैं कि इस टैरिफ युद्ध मे भारत और अमेरिका कैसे प्रभावित होंगे। चूंकि भारत पर यह टैरिफ लगाया गया ह, इसलिए भारत के निर्यात में गिरावट आएगी क्योंकि अमेरिकी बाजार मे भारतीय सामान महंगे हो जाएंगे। रोजगार प्रभावित होगा। निर्यात घटने से विदेशी मुद्रा आय कम होगी, जिससे मुद्रा पर दबाव बढ़ेगा। भारत जिन वस्तुओं का निर्यात करता है जैसे टेक्सटाइल, ज्वेलरी और आईटी सेवाएं, फार्मा, ये सब इससे प्रभावित होंगे।

भारत के लिए यह समय संतुलित कूटनीति अपनाने का है। भारत को आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए 'मेक इन इंडिया' का सिर्फ नारा नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर उत्पादन, अनुसंधान, और निर्यात-उन्मुख नीति में बदलना होगा। भारत को मुद्रा का अंतरराष्ट्रीयकरण करना होगा, रुपए को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रोत्साहित करना, डिजिटल पेमेंट, फार्मा, आईटी, और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में वैश्विक मानक स्थापित करना। भारत के लिए यह मौका है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखते हुए, नए बाजारों और साझेदारियों की ओर अग्रसर हो। टैरिफ वॉर केवल संघर्ष नहीं, बल्कि नए गठजोड़ और वैश्विक व्यापार में नई भूमिका हासिल करने का अवसर भी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आज** के डिजिटल युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति की जरूरत बन गया है। बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन होना आम बात हो गई है, लेकिन इसके फायदे और नुकसान दोनों हैं। एक ओर, स्मार्टफोन से बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं, नई चीजें सीख सकते हैं और दुनिया से जुड़ सकते हैं। इससे उनकी तकनीकी समझ भी बेहतर होती है, लेकिन दूसरी ओर, स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर बुरा असर डाल सकता है। वे पढ़ाई से ध्यान हटाकर गेम्स और सोशल मीडिया में समय बिताने लगते हैं। आंखों की रोशनी पर असर, अकेलापन, गुस्सा और असामाजिक व्यवहार इसके कुछ दुष्परिणाम हैं। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को स्मार्टफोन सीमित समय के लिए दें और उसकी निगरानी करें।

**-सोनिका अवस्थी, जंडपुर**

# सुरक्षा परिषद में वीटो शक्तिधारक देशों के कारण अप्रासंगिक होता संयुक्त राष्ट्र संघ

विश्व व्यवस्था को स्थापित करने एवं विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से गठित संयुक्त राष्ट्र संघ धीरे-धीरे अर्थहीन होता जा रहा है। एक ओर रूस-यूक्रेन युद्ध से अशांति का वातावरण खड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका का टैरिफ वार एवं आतंक को लेकर दोहरा मापदंड मानवता एवं विकासशील देशों के लिए परेशानी का कारण है। वहीं, इसराइल-हमास संघर्ष के बीच इसराइल-ईरान के बीच की लड़ाई से भी अस्थिरता बनी हुई है।



**अजय श्याम**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कुल मिलाकर ये देखा जा सकता है कि कभी भी तीसरा विश्व युद्ध दरवाजे पर आकर दस्तक दे सकता है परन्तु विडंबना की बात यह कि विश्व की सरकार समझा जाने वाला संयुक्त राष्ट्र वैश्विक द्वंद्वों के मसलों पर मूक दर्शक बना हुआ है एवं केवल वार्षिक अधिवेशनों में राष्ट्रध्यक्षों के भाषण करवाने तक सीमित हो गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की यह हालत वहां सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों की दादागिरी या वैश्विक सोच की कमी के कारण है। अमेरिका जहां बार-बार अपनी कूटनीति, व्यापारिक हितों को देखकर वैश्विक द्वंद्वों में सुविधानुसार पक्षकार बनता रहा है, वहीं रूस स्वयं जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका का अतिक्रमण करते हुए युद्ध में उलझा हुआ है। कमोबेश वहीं स्थिति चीन की है, जो अपनी शक्ति का अनंत विस्तार तो चाहता है परंतु विश्व मंगल की कामना के इतर वह केवल अपने वर्चस्व के लिए ही काम करता है और तिब्बत को हड़पने के बाद ताइवान जैसे छोटे देश की संप्रभुता पर भी बार-बार गिद्ध दृष्टि डाले हुए है एवं परोक्ष रूप से पाकिस्तान में आतंकी अड्डों का पोषण करता रहा है।

सुरक्षा परिषद की तीन वर्णित महाशक्तियों के इतर ब्रिटेन एवं फ्रांस की स्थिति इन बड़े देशों के समक्ष मुंह खोलने की नहीं है एवं वे भी नाटो के सदस्य देश होने के नाते द्वंद्व में उलझे पड़े हैं। कुल मिलाकर जब कोई वैश्विक शांति को भंग करने वाली स्थिति उत्पन्न होती है तो संयुक्त राष्ट्र संघ धृतराष्ट्र की भांति आंखों पर पट्टी बांध कर चाहकर भी शांति के लिए कोई प्रयास किए बिना किसी संजय को ढूंढ रहा होता है, जो केवल उसे युद्ध में मरने वाले सैनिकों की गिनती मात्र बता दे। तीन वर्ष से चले आर रहे रूस-यूक्रेन युद्ध जो परोक्ष रूप से रूस नाटो युद्ध ही है, को संयुक्त राष्ट्र द्वारा चुपचाप देखना यह दर्शाता है कि तीसरे विश्वयुद्ध की आहट के बाबजूद भी धृतराष्ट्र रूपी संयुक्त राष्ट्र संघ आंखों पर पट्टी बांधे खड़ा है क्योंकि चीन को छोड़कर ये चार देश तो कहीं न कहीं इस संघर्ष में शामिल हैं ही। इसी बीच अगर देखा जाए तो इस धरती को नाशवान हथियारों के हवाले कर इन देशों के शीर्ष नेता अपने इगो को राष्ट्र एवं विश्व शांति से बड़ा मान बैठे है एवं छद्म वर्चस्व की अंधी दौड़ में शामिल हो गए हैं, जो विश्व शांति एवं धरती के अस्तित्व को ही दाव पर लगाने को तैयार है।



इस अंधी दौड़ में भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के विचार एवं उद्देश्य के अनुरूप जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका अदा कर रहा है। एक विकासशील अर्थव्यवस्था में जिस प्रकार शासन की प्राथमिकता यहां मानव जीवन स्तर को उठाने, ढांचागत निर्माण को गति देने एवं पर्यावरणीय संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कार्यक्रमों के निर्धारण की है, वहीं भारत पड़ोसी आतंकी मुल्क पाकिस्तान द्वारा खड़े किए गए अनावश्यक संकट में भी क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति को मद्देनजर रखते हुए अपनी सेना के एकतरफा वर्चस्व के बाबजूद भी संघर्ष विराम कर विश्व को संदेश दे रहा है कि अभी मानवता को युद्ध की नहीं, बल्कि बुद्ध के मार्ग की आवश्यकता है।

भारत ने मात्र आतंकी कैंपों तक अपनी सैन्य कार्रवाई कर संदेश दिया है कि भारत आज भी राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान करता है परंतु अपनी सुरक्षा को भी प्राथमिकता देता है, इसलिए भारत की शक्ति शांति एवं प्रगति के लिए समर्पित है न कि विश्व को संकट में डालने के लिए। भगवान कृष्ण पांडवों के पक्ष में अकेले थे जो अंत तक महाभारत के युद्ध को टालने का प्रयास करते रहे। कृष्ण कहते थे युद्ध केवल और केवल अंतिम विकल्प है परंतु जिस प्रकार आज विश्व के जिम्मेदार राष्ट्र द्वंद्वों में उलझते हुए सुलझने वाली गुत्थियों को भी उलझाते जा रहे हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि निरपराधी राष्ट्र इन कौरवों शकुनियों की चालों में जंग की आग में धकेले जाएंगे और धरती माता कुंती और गांधारी की भांति विलाप के अलावा कुछ न कर पाएगी।

कृष्ण की भूमिका जिस संयुक्त राष्ट्र को निभानी चाहिए थी, वह पंगु है, ऐसे में भारत में नरेंद्र मोदी का ही नेतृत्व है, जो सुदर्शन से पहले संवाद और सहयोग के मंत्र से भारत का संदेश वैश्विक मंच पर दे सकता है कि अभी समय आतंक से लड़ने का है न कि राष्ट्रों के आपस में उलझने का, शायद वह समय आए कि भारत पंगु होते संयुक्त राष्ट्र को उसकी भूमिका का स्मरण करवा पाए क्योंकि यह इस धरती के अस्तित्व एवं मानव जाति के कल्याण के लिए परमावश्यक है। सर्वे भवंतु सुखिन: की कामना के साथ यही कहूंगा कि सुदर्शन के प्रहार से अच्छा है, बंसी से उमड़ने वाला निष्काम प्यार। काश वैश्विक कूटनीति में कोई कृष्ण आए जो इन हठधर्मी नेताओं के हाथ में मानवता की धुन बजाती बंसी थमा जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'कमाया या बचाया' बात एक ही है, साधन सुविधा देते हैं लेकिन आनंद नहीं

मशहूर लेखक सरदार खुशवंत सिंह ने अपनी किताब 'दिल्ली' में लिखा है कि 'कमाया या बचाया' बात एक ही है। अपनी बिटिया की दिल्ली पढ़ाई के दौरान बार-बार खाना खाने के कुछ ही देर में उल्टी जैसी शिकायत की तमाम जांचों के बाद जब डॉक्टर ने कहा स्क्रीन टाइम की वजह से भी आज कल किशोर किशोरियों में यह समस्या बढ़ रही है , तो सरदार खुशवंत सिंह की यह बात मुझे याद आ गई। जो कुछ भी हमारे पास है, उसकी हम कदर नहीं करते हैं।



**डॉ. दमन आहूजा**
माइंडफुलनेस थैरेपी के एक्सपर्ट

जैसे नींद का एक तय समय से आना और रातभर शरीर की थकान से भरी कोशिकाओं का रिपेयर होना और सुबह तक पुन: एक बार स्वस्थ होकर दिनभर के कामों में उतर कर संघर्ष करना। अगर हम स्वस्थ हैं तो वह भी एक दौलत है, जिसे हम बाहर की दौलत कमाने में नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसा नहीं कह रहा हूं कि अपने जीवन की जरूरतों हेतु हमें उपार्जन नहीं करना चाहिए, लेकिन मिली हुई प्राकृतिक दौलत को बिलकुल तबाह कर के नहीं।

इसी तरह यदि आप किसी छोटे शहर, गांव या कस्बे में रहते हैं तो वह भी एक दौलत है, चूंकि आपको साफ हवा, साफ पानी और आपके अस्तित्व के लिए जरूरी धूप की कीमत नहीं चुकानी पड़ती। आपके आंगन में यदि एक पेड़ है तो आप बहुत दौलतमंद हैं क्योंकि वह एक जापान से आयात किया हुआ एयर प्यूरिफायर के बराबर है, जो आप के सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा प्रदान कर रहा है। आपकी आंखों को पक्षियों का दीदार और आपके कानों को उनका कलरव सुनाई देने से सकून दे रहा है। फालतू के अवसाद को दूर करता है।



लाइट जाने के बाद और इंवर्टर के खत्म हो जाने के बाद उसकी छाया आपको अतिरिक्त पसीने से लथपथ शरीर को अपनी हवा से एसी जैसी ठंडक प्रदान करता है। यदि आपके पास एक गाय है या आपके आसपास किसी अन्य पड़ोसी के पास कोई गाय नहीं है, जिसका बिना ऑक्सिटीसिन के दूध मिल रहा है तो आप बहुत भाग्यशाली हैं , क्योंकि आप इस उक्ति को चरितार्थ कर पा रहे हैं कि 'जैसा खाओ घी वैसी हो जाए बुद्धि! आज कल शहरों में शुद्ध घी पहली बात तो मिलता नहीं है और यदि मिल भी जाए तो उसको पचाने हेतु हमारा स्वास्थ्य नहीं है।

बच्चों के लिए शुद्ध गाय का दूध टीवी के तमाम विज्ञापनों में दिखाए टॉनिकों से ताकत बढ़ाने से ज्यादा लाभदायक है। यदि अभी भी शाम के समय या सुबह के समय आप गांव की सड़क अथवा किसी कस्बे के छोटे पार्क में इकट्ठे होकर अपने परिचितों से गप-शपकर लेते हैं तो आप शहर के साइकोलॉजिस्ट को मानसिक स्वास्थ्य के लिए देने वाले लाखों रुपए बचा रहे होते हैं। यदि आज भी आप अपने दैनिक जरूरतों का सामान लेने साइकिल का इस्तेमाल कर लेते हैं तो आप अपने घुटने के ऑपरेशन में खर्च होने वाले लाखों रुपए बचा रहे हैं। असल में उपरोक्त तमाम उद्धरणों का सीधा सा मतलब है कि जिस चकाचौंध भरी जिंदगी को जीने के लिए हम अपने आसपास उपलब्ध कामकाजों को छोड़ कर शहरों की तरफ भाग रहे हैं, वहां उतना हम कमा नहीं पा रहे हैं जितना हम अपना सकून और आनंद खर्च कर रहे हैं और जो हमारे पास उपलब्ध है, उससे तब तक अनजान ही रहते हैं, जब तक उसे खो नहीं देते।

आज जितना भी ब्रेन ड्रेन हो रहा है उसके पीछे चकाचौंध भरी जिंदगी को जीने की ख्वाहिश है। अपने देश के भीतर युवाओं, बच्चों, बच्चियों, महिलाओं, अत्याधिक गरीबी के नीचे लोगों के साथ काम करने की जरूरत है, लेकिन केवल पैसा कमाने हेतु हम अपने बच्चों को कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन भेजने को तत्पर हैं! हो न हो जो हमारे पास उपलब्ध है, उसका आनंद लेने का संस्कार हम दे नहीं पा रहे हैं। साधन सुविधा तो दे देते हैं, लेकिन संतोष व आनंद नहीं दे पाते।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सीएम ने मंडी को दी 216 करोड़ की सौगातें

## सरकाघाट, सराज, द्रंग और धर्मपुर विस क्षेत्रों में 33 विकासात्मक परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिले के सरकाघाट, सराज, द्रंग और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्रों को 216 करोड़ रुपए की 33 विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने बल्द्राड़ा, भदरोटा और गोपालपुर खंड के लिए 54.91 करोड़ रुपए की बहु-ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का लोकार्पण किया, जिससे हजारों ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए मरही में 11.06 करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और चंदेश में 1.06 करोड़ रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में भी अहम परियोजनाएं जनता को समर्पित की गईं। सरकाघाट में 32 करोड़ रुपए से निर्मित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, बल्द्राड़ा और पौंटा के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाएं, कन्या स्कूल सरकाघाट का नया भवन और आईटीआई मोहिन के 12.91 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भवन ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दी है।

सड़क और पुलों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नघेला रेड़ कनेड़ सड़क को 4.93 करोड़ रुपए से मेटलिंग व टारिंग, नई मोड़-बरोट सड़क का उन्नयन, कंडापतन में सुन खड्ड पर 4.77 करोड़ रुपए से पुल और धर्मपुर में ब्यास नदी पर 22.82 करोड़ रुपए की लागत से फुटपाथ सहित डबल लेन पुल का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त पंचायत घरों, सामुदायिक केंद्रों और पुस्तकालयों के निर्माण से ग्रामीण बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।

जल शक्ति विभाग के तहत 16.45 करोड़ रुपए की लागत से वर्षा जल संचयन संरचना, 8.83 करोड़ रुपए की लागत से जलापूर्ति योजनाओं के सतत वितरण प्रणाली और कई अन्य सुधार कार्यों का भी शिलान्यास किया गया।


मंडी में 216 करोड़ रुपए की 33 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व अन्य।

### सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से करें पूरा

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि ये परियोजनाएं मंडी जिले की तस्वीर बदलेंगी और लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

# कीचड़ में कमल खिलाने वालों को भूले राजनेता

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पिक्चर हिट हो गई हीरो डायरेक्टर और प्रोड्यूसर वाही वाही लूट गए, परंतु जिन्होंने इसे बनाने में योगदान दिया उन्हें सब भूल बैठे। सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस समारोह सफल बनाने के लिए सबसे बड़ा योगदान सिर्फ और सिर्फ तीन विभागों का रहा है पुलिस, लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों का। जिला और स्थानीय प्रशासन ने शानदार रूपरेखा तैयार की तो इस जमीनी हकीकत पर इन्हीं विभागों ने उतारा है।

हाईवे के निर्माण से उजड़े और मिट्टी दलदल कई फुट ऊंची घास के इस मैदान को 12 दिनों तक दिन रात मेहनत करके लोक निर्माण विभाग के मजदूरों बेलदारों ने खुद हाथों में दराटी लेकर मैदान और दीवारों पर उगा घास काट कर और बेलचा गैंती लेकर संवारा है। ग्राउंड सड़क, नालियों और रेस्ट हाउस, मिनी सचिवालय तक को चमकाने और सही सलामत करने का सभी विभागों का एक निशाना लोक निर्माण विभाग ही था।

विभाग के अधिकारियों कर्मियों व मजदूर ने दिन रात हो रही बारिश में सभी चुनौतियों को पार करते हुए अंतिम दिन तक मैदान को चकाचक करके अपना फर्ज निभाया है। नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने लगातार पूरे सरकाघाट शहर की सड़कों ग्राउंड व बास्केटबॉल स्टेडियम को साफ करने में बहुत ज्यादा मेहनत की भुलाया नहीं जा सकता।

### पुलिस का योगदान



**सरकाघाट** में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की सफलता में पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मी की भूमिका अविस्मरणीय रही। डीएसपी संजीव गौतम के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने बारिश और दलदल से जूझते हुए परेड ट्रैक को गड्ढों से ढककर मार्च पास्ट को सफल बनाया। लगातार बारिश में भी भीगकर महिला-पुरुष पुलिसकर्मी, आईटीबीपी व होमगार्ड जवान अभ्यास करते रहे। गीले जूतों और वर्दी के बावजूद उनका अनुशासन सराहनीय रहा। खेद की बात यह रही कि समारोह में अनेक संस्थाओं को सम्मानित किया गया, लेकिन पुलिस और लोक निर्माण विभाग के योगदान का आभार तक व्यक्त नहीं किया गया।

## राधा-कृष्ण की पोशाक पहनकर मोहा मन


अकर्श ठाकुर कियान कपूर माइशा खन्ना ओशिन शर्मा नित्यम शर्मा

## न्यूज ब्रीफ

### अफीम व चरस सहित दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में अफीम और चरस सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना पुलिस ने पुंघ फोरलेन पर नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान पैदल जा रहा एक युवक पुलिस को देखकर घबराकर तेजी से नजरें चुराने लगा। शक होने पर जब पुलिस



ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 92 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान कपूर चंद पुत्र सुंदर सिंह निवासी गांव चुनाणी, तहसील बाली चौकी, जिला मंडी के रूप में हुई है। इसी स्थान पर नाके के दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार को भी जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 223 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान अभिषेक कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी गांव लोहट, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### पीटीएफ ने आपदा राहत कोष में दिए 1.56 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद को लेकर लोग आपदा राहत कोष में दिल खोलकर आर्थिक मदद कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला मंडी के राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग- प्रथम, चौंतड़ा- प्रथम व चौंतड़ा द्वितीय ने आपदा राहत कोष में 1 लाख 56 हजार तीन सौ एक रुपए की राशि भेंट की है। बीते दिन इन तीनों खंडों के प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने समाजसेवी एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर की अगुवाई में शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को आपदा राहत राशि का चैक भेंट किया। इस मौके पर द्रंग-1 के महासचिव सुरेंद्र कुमार, देवेंद्र ठाकुर, चौंतड़ा-1 के अध्यक्ष कपिल राव, पूर्व अध्यक्ष संजय ठाकुर व चौंतड़ा-2 के अध्यक्ष संजय ठाकुर मौजूद रहे।

### महादेव व्यापार मंडल ने सौंपा 1.11 लाख का चेक

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** स्वतंत्रता दिवस समारोह सरकाघाट में महादेव व्यापार मंडल ने आपदा राहत कोष के लिए सीएम सुक्खू को एक लाख ग्यारह हजार रुपए का चेक भेंट किया। साथ ही वर्ष 2006 में शामिल व्यापारियों के हित से जुड़े मुद्दों का एक चार्ट भी सौंपा गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता, महासचिव गोपाल शर्मा, मुख्य सलाहकार मोहन लाल गुप्ता, संगठन सचिव ब्रह्मदास चौहान, सह सचिव राजकुमार और सदस्य मीना कुमारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन एवं उसमें महादेव व्यापार मंडल से तीन सदस्यों को मनोनीत करने पर आभार व्यक्त किया। साथ ही आग्रह किया कि व्यापारियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र बैठक बुलाई जाए।

### डोल गदियाड़ा गांव के पास भारी भूस्खलन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंद्रनगर उपमंडल के गदियाड़ा गांव के पास शनिवार सुबह भारी बारिश के कारण भयानक भूस्खलन और नाले में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। लगातार मूसलाधार बारिश ने क्षेत्र में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, जिसके चलते सड़कें अवरुद्ध हो गईं। स्थानीय लोगों ने बताया की, भारी बारिश के कारण गदियाड़ा गांव के पास पहाड़ी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिससे भारी मात्रा में मलबा और चट्टानें नाले में आ गईं। इससे नाले में अचानक बाढ़ आ गई, जिसने आसपास के घरों के लिए खतरा हो गया है जिसके कारण स्थानीय लोग दहशत में हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की टीबी स्क्रीनिंग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राजकीय स्वास्थ्य खंड रोहांडा के अंतर्गत गांव महादेव में आयुर्वेदिक औषधालय भवन में टीबी हारेगा, देश जीतेगा थीम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हैंड हैल्ड एक्स-रे मशीन से 40 लोगों की जांच की। खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लाल सिंह ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों से चल रहे टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 8 अगस्त से 14 अगस्त तक अब तक करीब 550 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ें और टीबी उन्मूलन में सहयोग दें, ताकि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।

### ग्रामीणों को दी बैंकिंग सेवाओं की जानकारी

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राज्य सहकारी बैंक शाखा पधर के सौजन्य से ग्राम पंचायत गवाली में एक दिवसीय जन सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को बैंकिंग सेवाओं और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना था। शाखा उप प्रबंधक दयाल सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और केवाईसी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से ग्रामीण अपनी आर्थिक सुरक्षा मजबूत कर सकते हैं।

### माता बगलामुखी मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** तुंगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्ति पीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खीर के भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। माता बगलामुखी मंदिर सेहली के पुजारी अमर जीत शर्मा ने बताया कि हर वर्ष मां के मंदिर में खीर के भंडारे का आयोजन मंदिर कमेटी के द्वारा किया जाता है। इस वर्ष भी आयोजन किया गया। इस भंडारे मे मां के भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भंडारे में मां के भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। भक्तों ने मां के मंदिर मे भंडारे के साथ साथ भजन कीर्तन भी किया। इस भंडारे मे अभिनव शर्मा, अक्षित शर्मा, नमन शर्मा, पवन शर्मा, विनोद शर्मा, राम लाल शर्मा आदि ने योगदान दिया।

# तिरंगे की शान और देशभक्ति के गीतों से गूंजा डीएवी मंडी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



डीएवी मंडी परिसर आज प्रातः तिरंगे की शान और देशभक्ति के गीतों की गूंज से महक उठा, जब विद्यालय में देश की 79वीं स्वतंत्रता दिवस वर्षगांठ बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एआरओ जोन-सी तथा प्रधानाचार्य, डीएवीसीपीएस मंडी के आगमन से हुआ। इसके उपरांत ध्वजारोहण समारोह संपन्न हुआ। जैसे ही राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, समूचा परिसर 'जन गण मन' की गूंज से गूंजायमान हो उठा और सभी के चेहरे गर्व व एकता की भावना से दमक उठे। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें प्रेरणादायक भाषण, भावपूर्ण कविताएं, मधुर देशभक्ति गीत और ऊर्जा से भरपूर नृत्य शामिल थे। हेड बॉय, हेड गर्ल, अनुशासन कप्तान तथा अन्य छात्र नेताओं ने देश की आजादी के सफर और जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी मंच संभाला और उत्साहपूर्वक प्रेरक भाषण, जोशीली कविताएं तथा मधुर देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की देशभक्ति भावना और सहभागिता की सराहना की।

# चमन राही ने नायली गांव में की लोक देवता गोगा की पूजा-अर्चना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने शनिवार को नायली गांव पहुंचकर लोक देवता गोगा जी की विधिवत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ आस्था और श्रद्धा से भरे इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया और कहा कि गोगा जी हमारी साझी संस्कृति, लोक परंपराओं और धार्मिक मूल्यों का प्रतीक हैं। सुंदरनगर जुगाहन से आए गोगा जी के पुजारी कर्ण डोगरा और उनके साथी इन दिनों जरल जुगाहन, महादेव, छात्र, खिलड़ा धारंडा, मैरा मसीत सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर गोगा जी की गाथा घर-घर सुना रहे हैं और लोगों को उनकी महिमा से परिचित करवा रहे हैं। चमन राही ने इस परंपरा को पीढ़ियों को जोड़ने वाला सांस्कृतिक सेतु बताते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करते हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपनी समृद्ध लोक परंपराओं को जीवित रखें और आने वाली पीढ़ियों को भी इससे जोड़ें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूर्ण श्रद्धा भाव से गोगा जी की पूजा-अर्चना में भाग लिया।

### स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट कोर्ट परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। न्यायिक दंडाधिकारी रिद्धि पटरवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. युद्धवीर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हमें निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और अधिवक्ताओं ने भाग लिया। समारोह के अंत में राष्ट्रगान गाया गया और वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

### जोगिंदरनगर में एसडीएम ने फहराया तिरंगा

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** उपमंडल जोगिंदरनगर का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पुराने मेला ग्राउंड में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम मनीष चौधरी ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि जोगिंदरनगर क्षेत्र के लोग आज भी सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा देकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। बरसात के चलते सांस्कृतिक कार्यक्रम सामुदायिक भवन में आयोजित किए गए। स्थानीय स्कूलों और संस्थानों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, व्यापार मंडल, पूर्व सैनिक और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में रखा मौन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा के तत्वावधान में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, रेडियोलॉजी विभाग, मेडिकल कॉलेज नाहन) ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद ध्वजारोहण व राष्ट्रगान हुआ और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में मौन रखा गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज हमें भ्रष्टाचार और नशे जैसी बुराइयों से लड़कर देश को सशक्त बनाना होगा। समिति अध्यक्ष परजीत ठाकुर ने मुख्य अतिथि का शाल व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया और भारतीय सेना के योगदान की सराहना की। स्थानीय सात स्कूलों के 90 से अधिक बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भजन व भाषण प्रस्तुत किए। आर्य समाज चोलथरा की महिलाओं ने भी भक्ति गीतों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शहीदों को नमन कर मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल परियोजना बीबीएमबी सुंदरनगर में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में उपमुख्य अभियंता (मुख्यालय) इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं, बीबीएमबी कॉलोनी पंहोह में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह अधीक्षण अभियंता अजय पाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। दोनों ही कार्यक्रमों में कर्मचारियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देश की अखंडता व एकता की शपथ ली।

# टकोली टोल प्लाजा पर एक माह के लिए टोल शुल्क वसूली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा-34 के तहत आदेश जारी करते हुए टकोली टोल प्लाजा पर एक माह तक टोल शुल्क वसूली निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हुआ है और 14 सितंबर तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 के कई हिस्से गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जगह-जगह भूस्खलन और सड़क धंसने से यातायात बाधित हो रहा है। यात्री वाहनों को लंबी दूरी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे घंटों जाम और फंसे रहने की स्थिति बन रही है। ऐसे हालातों में लोगों को भोजन, पानी और आश्रय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त ने कहा कि ऐसी विपरीत परिस्थितियों में यात्रियों से टोल शुल्क वसूलना अनुचित है। इसलिए जनहित में यह कदम उठाया गया है।

**आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत उपायुक्त मंडी का आदेश**

# भारी बारिश से मकान गिरा, दो परिवार बेघर

## छत से गिरी मिट्टी से दो साल की बच्ची घायल, अस्पताल में भर्ती


खलारडू पंचायत के फडाणु गांव में भारी बारिश से गिरा मकान।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

पिछली रात हुई भारी बारिश के चलते खलारडू पंचायत के गांव फडाणु में रत्ती राम के दोनों बेटों संतोष कुमार और संजय कुमार का मकान गिर गया, जिससे दोनों परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। हादसे के चलते मकान रहने के लिए पूरी तरह असुरक्षित घोषित किया गया है।

बताया गया है कि घटना से एक दिन पहले छत से गिर रही मिट्टी के चलते बिस्तर पर सो रही संजय कुमार की दो साल की बेटी शिवानी गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सरकाघाट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों परिवार दो-दो कमरों में अस्थायी रूप से रहने को मजबूर हैं। रत्ती राम ने प्रशासन व सरकार से राहत सामग्री और रहने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रभावित परिवारों की स्थिति अत्यंत दयनीय बताई जा रही है और त्वरित सहायता की आवश्यकता है।

# महापौर ने पुरानी मंडी में किया पार्षद कार्यालय जन सुविधा केंद्र का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी


पार्षद कार्यालय जन सुविधा केंद्र का शुभारंभ करने के दौरान नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ।

**नगर** निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने वार्ड नंबर 2, पुरानी मंडी में ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर परिसर में पार्षद कार्यालय जन सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया। यह कार्यालय स्थानीय निवासियों के लिए सीधा संपर्क और समाधान का केंद्र बनेगा, जहां लोग अपनी समस्याएं व सुझाव पार्षद तक पहुंचा सकेंगे। महापौर ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों तक सुविधाएं सरलता से पहुंचाना है। इस केंद्र के माध्यम से वार्ड के लोग निगम की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और पार्षद द्वारा किए जा रहे कार्यों पर सीधे अवगत रहेंगे।

स्थानीय नागरिकों की मांग पर यहां प्रॉपर्टी टैक्स, सफाई शुल्क आदि जमा करने की सुविधा, साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क ट्रेनिंग कार्यक्रम जैसे जनहितकारी कार्यों से संबंधित शिविर भी लगाए जाएंगे।

उन्होंने आश्वासन दिया कि निगम जल्द ही प्रत्येक वार्ड में इस तरह के पार्षद कार्यालय स्थापित करेगा। शुभारंभ अवसर पर शीतला सेवक समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नाचन क्षेत्र में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। प्राचीन शिव मंदिर महादेव व लखदाता मंदिर धनोटू में श्रद्धालुओं ने वाद्य यंत्रों की धुनों और भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गांव छातर और खत्रवाड़ी में कृष्ण भक्तों ने बांके बिहारी के लिए शानदार झूले सजाए और संगीतमयी भजनों के साथ देर रात तक नृत्य कर पर्व का आनंद लिया। अर्द्धरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पटाखे छोड़े गए और प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया व सामूहिक भक्ति भाव से इस पावन पर्व को विशेष रूप से यादगार बना दिया।

## ललित कला एवं सामाजिक विकास मंच ने मनाया 25वां स्थापना दिवस

# गुलशन व रमा धीमान ने श्रीकृष्ण भजनों से बांधा समां

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**ललित** कला एवं सामाजिक विकास मंच सुंदरनगर ने इस वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव विशेष धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में विधायक राकेश जम्वाल मुख्यातिथि रहे जबकि बीना, नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, तक्षशिला प्रबंधक नितिन कुमार और सरला गौतम विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त गणमान्य व्यक्तियों में पार्षद कल्पना वर्मा, कृष्णा देवी, विनोद सोनी, राम पाल गुप्ता, ऋतु खडबंदा, प्रेम लता, भीष्म राम, रोशन लाल, दुर्गा दास, नागराज, कृष्णपाल, करतार सिंह, रमेश शर्मा, रमा देवी, सुखराम आदि उपस्थित रहे।

इसके बाद सुप्रसिद्ध गायक गुलशन गर्ग और गायिका रमा धीमान ने भगवान श्रीकृष्ण के गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।


कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक राकेश जम्वाल।

मंच के प्रधान सुनील ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर संस्था की स्वैच्छिक निधि से 11,000 रुपए सूरजकुंड मंदिर सुधार समिति को भेंट किए गए।

विधायक ने कहा कि यह संस्था सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों से समाज को निरंतर जोड़ने का कार्य कर रही है। मंच के प्रधान सुनील ने सभी सहयोगी संस्थाओं एवं महानुभावों का आभार प्रकट किया और बताया कि शनिवार को सूरजकुंड मंदिर से एमएलएसएम कॉलेज व ललित चौक तक श्रीकृष्ण-राधा की शोभायात्रा एवं झांकियां निकाली गईं। कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्था में मंच के उपप्रधान पूजा वालिया, सचिव देवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अंकुश डोगरा, व सदस्य दीपक, जितेंद्र, संदीप, युसुफ (बिक्की), विनय, मदन लाल, सागर डोगरा, शिवेन, लक्की, सूरज, सन्नी आदि सक्रिय रहे।

**कार्यक्रम** अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

# प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके ने फहराया तिरंगा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक ने 79वें स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की महत्वत्ता, भारतीय योद्धाओं और स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी को याद किया।

वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने सभी प्रोफेसरों, स्टॉफ सदस्यों व छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी दिलवाने वाले योद्धाओं को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है जब हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर देश एवं अपने कार्यस्थल की प्रगति में योगदान दें।

उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने के लिए व समय का सदुपयोग करने हेतु भी प्रेरित किया। ध्वजारोहण के पश्चात विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी प्रोफेसरों, स्टॉफ और छात्रों को मिठाई बांटी गई। वहीं इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के वीर जवानों को याद किया गया और साथ ही साथ आयुर्वेदा विभाग के वाइस प्रिंसिपल डॉ. राहुल द्वारा देशभक्ति के गानों का भी गुणगान किया गया, जिसने उपस्थित सभी के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत कर दी। वहीं इस मौके पर विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी व कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी।

इस कार्यक्रम में अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजूकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, सभी विभागों के डीन, डायरेक्टर, स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।


कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने छात्रों को नशामुक्त रहने का दिया संदेश

# मरोला से पानी को बसाईधार ले जाने पर 4 पंचायतों ने दिया धरना-प्रदर्शन

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत मसौली में शुक्रवार को मरोला से बसाईधार पानी ले जाने के विरोध में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस विरोध में मसौली पंचायत की प्रधान अंजना शर्मा, उपप्रधान राजेश, वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। धरने में मसौली के अलावा जलपेहड़, दारट बगला और नेर घरवासड़ा पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर एकजुटता दिखाई।

धरने को संबोधित करते हुए प्रधान अंजना शर्मा ने कहा कि मरोला का पानी स्थानीय लोगों के लिए जीवन रेखा है। यहां पहले ही पानी की भारी किल्लत है और यदि इस स्रोत का पानी कहीं और मोड़ा गया तो मसौली सहित आसपास की पंचायतें गंभीर संकट का सामना करेंगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी पांच पंचायत प्रधान इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करवा चुके हैं और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जलशक्ति विभाग बिना अनुमति और स्थानीय राय लिए इस कार्य को जबरन आगे बढ़ा रहा है। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि इस कार्य को तुरंत नहीं रोका गया तो शांतिपूर्ण विरोध बड़े आंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि जनता की जरूरतों को प्राथमिकता देना सरकार का दायित्व है और जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए स्थानीय जनता की सहमति अनिवार्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश में गिरी रसोईघर की दीवार, मकान को खतरा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** ऊना जिले में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से आम जन जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, बारिश की वजह से गरीबों के कई कच्चे मकान भी गिर रहे हैं। इसी के तहत वीरवार रात को उपतहसील जोल की पंचायत टकोली गांव दगडॉह निवासी महेंद्र सिंह पुत्र तारा चंद की रसोईघर की दीवार गिर गई। परिवार के सदस्य खाना बनाकर कुछ समय पहले ही रसोईघर से बाहर आए थे। रसोई घर की दीवार गिरने से बाकी घर भी संकट आ चुका है। उपप्रधान पंकज रणौत ने बताया कि इसकी जानकारी स्थानीय हलका पटवारी और नायव तहसीलदार जोल को दे दी गई है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है महेंद्र सिंह यह गरीब परिवार से संबंध रखता है और वह दिहाड़ी लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, जिसे जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए।

### ऊना में 26 को निकाली जाएगी भगवान हनुमान की शोभायात्रा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्री राम लीला कमेटी ऊना द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी की विशाल शोभायात्रा व ध्वजारोहण का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा। यह शोभायात्रा आगामी 26 अगस्त को शहर में निकाली जाएगी। इस आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शोभायात्रा का शुभारंभ ऊना के जिलाधीश जतिन लाल द्वारा किया जाएगा। इसके लिए कमेटी सदस्यों ने डीसी को निमंत्रण दे दिया है। शोभायात्रा श्री सतानत धर्म सराएं, पुल वाला बाजार ऊना से आरंभ होकर मेन बाजार, रोटरी चौक, बस स्टैंड, तथा रेड लाइट चौंक से होते हुए श्री राम लीला मैदान ऊना में पहुंचेगी, जहां पर धार्मिक अनुष्ठानों एवं भक्ति-भाव से ओत-प्रोत कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। श्री राम लीला कमेटी ऊना के चेयरमैन प्रिंस राजपूत ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा को विशेष बनाने के लिए जालंधर, कपूरथला, दिल्ली, करनाल और लुधियाना से नामी कलाकार पधारेंगे, जो अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से माहौल को और अधिक आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना देंगे। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष अविनाश कपिला, संरक्षक राजिंद्र वशिष्ठ, उपाध्यक्ष चंद्र ठाकुर, महासचिव डॉ. सुभाष शर्मा, मुख्य सलाहकार अनिल वशिष्ट, अश्वनी जैतिक, हरिओम गुप्ता, संरक्षक राज कुमार वशिष्ठ, रघु पुरी, नवीन पुरी, कार्तिक शर्मा, गोपाल शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### इन्नरव्हील क्लब ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**अनंत ज्ञान, ऊना।** एमसी पार्क ऊना में इन्नरव्हील क्लब द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों व 20 से अधिक बच्चों की सहभागिता रही। बच्चों को मिठाइयां वितरित की गईं, जिससे समारोह में उत्साह और भी बढ़ गया। समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए क्लब ने बाढ़ राहत कोष के लिए ₹1100 का दान भी प्रदान किया। क्लब प्रधान शोभा सोनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं। इस अवसर पर क्लब प्रधान शोभा सोनी, क्लब सचिव अमरजीत बबली, निरूपमा महाजन, जितेंद्र कौर, रंजना जसवाल, रमा कालिया, सुमन पुरी, मीरा मेहता व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इससे पहले क्लब ने जन्माष्टमी पर्व भी धूमधाम से मनाया।

### रोटरी क्लब ने कुष्ठ आश्रम में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी क्लब ऊना द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस कुष्ठ आश्रम, कोटला खुर्द में देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। वक्इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने आश्रम के निवासियों के साथ संवाद किया, उन्हें मिठाइयां वितरित कीं तथा एकता, स्वतंत्रता और सामाजिक सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान यशपाल ठाकुर, सचिव रंजीत जसवाल, एच एन चीटू, नरिंदर कपिला, बलदेव चंद,संजीब अग्निहोत्री, मोनिका सिंह व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### आकर्षक ऑफर के साथ ज्वेलर्स की प्रदर्शनी शुरू

**अनंत ज्ञान, अंब।** शनिवार को नगर पंचायत अंब के एक होटल ज्वैलर्स ने अपनी ज्वेलरी की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी का शुभ आरंभ चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए वर्मा ज्वैलर्स के मैनेजर शीशराम ठाकुर और वरूण गर्ग ने बताया कि यह प्रदर्शनी 18 अगस्त तक चलेगी । प्रदर्शनी में 50000 तक की खरीददारी करने पर ग्राहक को 100 मिलीग्राम का एक सिक्का और 100000 तक की खरीदारी करने वाले को 100 मिलीग्राम के दो सिक्के दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसमें उनके पास येलो ज्वेलरी, डायमंड ज्वेलरी, एंटीक ज्वेलरी और टेंपल ज्वेलरी के साथ-साथ सिल्वर ज्वेलरी के यूनिक व ट्रेडिंग डिजाइन लाइट वेट से लेकर हैवीवेट तक मिलेंगे। यह प्रदर्शनी सुबह 10:30 से शुरू शाम 7:30 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि कैरेटोमीटर की सहायता से ग्राहक अपनी पुरानी ज्वेलरी की गुणवत्ता की जांच भी करवा सकते हैं, जिसका कोई भी चार्ज ग्राहकों से नहीं लिया जाएगा।

### पहली ट्रांसजेंडर सामाजिक कार्यकर्ता का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** समाज सेवा में उत्कृष्टता के नई आयाम स्थापित कर जिले की पहली ट्रांसजेंडर सामाजिक कार्यकर्ता बनी जीनत महंत के सामाजिक कार्यों को जिला प्रशासन ने तस्दीक किया है। स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने आए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जीनत महंत को समाज सेवा के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया है। यही नहीं उन्होंने कमाई का काफी हिस्सा नेक कार्यों को समर्पित करने के लिए जीनत महंत की प्रशंसा भी की है।

### भारी बारिश से खेत बने तालाब, फसल बर्बाद

**अनंत ज्ञान, बड़ूही( ऊना) :** पंचायत बेहड जसवां के गांव चक में बीते दिनों हुई भारी बारिश ने किसानों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। खेतों में पानी भर जाने से वे तालाब का रूप ले चुके हैं। पानी की निकासी न होने से खरीफ की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय किसान काका, मिंटू, दर्शन सिंह और अशोक कुमार ने बताया कि पहले यहां एक पुली (पानी निकासी मार्ग) मौजूद थी, जिससे बरसाती पानी आसानी से निकल जाता था लेकिन कुछ समय पहले सड़क निर्माण के दौरान इस पुली को बंद कर दिया गया, जिसके बाद से यह समस्या हर बारिश में स्थायी रूप से सामने आने लगी है। पंचायत प्रधान नीलम कुमारी ने बताया कि समस्या की जानकारी संबंधित विभाग को भेजी जाएगी। जहां पहले पुली थी, उसे दोबारा खोलने की दिशा में कार्य किया जाएगा। यदि पुली के अलावा कोई और समाधान संभव हुआ तो उसे भी जल्द लागू किया जाएगा। एसडीओ अंब सुखविंदर सिंह ने कहा कि जल्द ही मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाएगा और समस्या का समाधान किया जाएगा।

### डेढ़ माह प्रतिबंध के बाद खुला मछली का व्यापार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत गोबिंदसागर झील में इस वर्ष मछली उत्पादन को लेकर बड़े उत्साह की लहर देखने को मिल रही है। डेढ़ माह प्रतिबंध होने के बाद पहले दिन गोबिंद सागर झील में लगभग बाईस क्विंटल मछली पकड़ी गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी समय करीब तीस क्विंटल मछली का उत्पादन दर्ज किया गया था। मत्स्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस वर्ष जल स्तर सामान्य से अधिक होने और अनकूल वातावरण के चलते मछली उत्पादन में भारी इजाफा देखने को मिलेगा। स्थानीय मछुआरे भी आने वाले महीनों को लेकर काफी उत्साहित हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार झील से बंपर मात्रा में मछली का व्यापार होगा। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गोबिंदसागर झील की मछली की मांग हमेशा बनी रहती है। स्वाद और गुणवत्ता के कारण यह मछलियां बाजार में अच्छी कीमत पर बिकती हैं। मत्स्य विभाग का कहना है कि इस बार झील में संरक्षण और पालन पर विशेष ध्यान दिया गया है। मछुआरों को नियमित रूप से प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि वे वैज्ञानिक पद्धति से मछली पकड़ सकें और झील की जैव-विविधता को भी सुरक्षित रख सकें। मछली कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि लठियानी रायपुर बीहडू आने वाले समय में मछली प्रेमियों के लिए और बड़ा केंद्र बन सकता है। इस वजह से यहां मछली के साथ-साथ पर्यटन की संभावनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

---

**विधानसभा अध्यक्ष ने ऊना में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में फहराया राष्ट्रीय ध्वज, जिलावासियों को दी शुभकामनाएं और बधाई**

# विकास की रफ्तार के साथ चुनौतियों से सतर्क रहने की जरूरत : कुलदीप

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने स्वतंत्रता दिवस पर ऊना में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्चपास्ट की सलामी लेने के उपरांत जिला वासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न विकासात्मक योजनाओं पर आकर्षक झांकियां निकाली गईं तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में ऊना जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों की पुण्य स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने देश की स्वतंत्रता की हिफाजत के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आजादी के प्रारंभिक वर्षों में देश में विकास की स्थिति अत्यंत सीमित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश की अर्थव्यवस्था तथा बुनियादी ढांचे की हालत कमजोर थी। जैसे-जैसे देश में लोकतांत्रिक सरकारों ने बागडोर संभाली, योजनाबद्ध तरीके से विकास की प्रक्रिया आरंभ हुई।

औद्योगीकरण, अधोसंरचना विस्तार, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और रक्षा क्षेत्र में मजबूती जैसे कई क्षेत्रों में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की। पठानिया ने कहा कि जहां एक ओर प्रदेश सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरणीय असंतुलन से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब आवश्यकता है कि प्रदेश में विकास नीतियों का निर्माण इस प्रकार हो, जिससे रिहायशी क्षेत्रों, पर्यावरण, और अधोसंरचना को न्यूनतम नुकसान पहुंचे।



छात्र पाठशाला ऊना के प्रांगण में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मार्चपास्ट की सलामी लेते विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### अनाथ बच्चों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला हिमाचल पहला राज्य

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के चलते हिमाचल देश का पहला राज्य बना जहां कानून बनाकर 6,000 अनाथ बच्चों को सरकारी संरक्षण दिया गया है। जिनका कोई नहीं, उनके लिए सरकार ही माता-पिता की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार 27 वर्ष की आयु तक के निराश्रित बच्चों के माता-पिता की भूमिका में रहकर उनकी पढ़ाई का सारा खर्च उठा रही है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के बाद मकान बनाने के लिए 3 बिस्वा जमीन उपलब्ध कराने का प्रावधान भी किया गया है।

**प्राकृतिक आपदाओं से उभरने के लिए विशेष सहायता पैकेज :** कुलदीप पठानिया ने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों में प्रदेश के अनेक हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। ऊना में भी बाढ़ से भारी क्षति हुई है। इस आपदा में अनेक बहुमूल्य जानें चली गईं, लेकिन प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रभावितों के लिए मुआवजे में बढ़ोतरी की।

साल 2023 आई भयंकर आपदा में लोगों की मदद के लिए प्रदेश सरकार ने प्रभावितों के आशियानों को पुन: बसाने के लिए 4500 करोड़ रुपए का विशेष आपदा राहत पैकेज जारी करके प्रभावितों की मुआवजा राशि को सात गुना तक बढ़ाया गया। आज भी संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार सभी प्रभावितों के साथ मजबूती से खड़ी है और पूरी मदद कर रही है। इस वर्ष की प्राकृतिक त्रासदी में प्रदेश की सरकारी और गैर-सरकारी संपत्तियों को अब तक लगभग 2,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

**प्रेरणादायी हस्तियों-कर्मवीरों को किया सम्मानित :** इस मौके विधानसभा अध्यक्ष ने समाजिक जीवन में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले और समाज विकास में योगदान देने वाली प्रेरणादायी हस्तियों तथा विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया। इनमें समाजिक कार्यकर्ता जीनत महंत, बसोली टेंपो दुर्घटना में लोगों की मदद कर जान बचाने वाले कर्ण सैणी, स्नेक कैचर पिता-पुत्री जितेंद्र कुमार व कुमारी दामिनी, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक कार्य, नशा निवारण, आपदा में सहयोग व बेसहारा पशुओं की सेवा और उपचार में सहयोग के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इनमें संदीप कुमार, देवभूमि फाउंडेशन ऊना, अद्वैता फाउंडेशन, राधा माधव सेवा संस्था व एनिमल रेसक्यू सोसाइटी ऊना और सेवानिवृत्त लेक्चरर सतीश शर्मा सम्मान प्राप्त करने वालों में शामिल रहे।

वहीं, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार और सरकार की जनकल्याण की योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार में लीक से हटकर काम के लिए सूचना जनसंपर्क विभाग के तकनीकी सहायक नरेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया।

इसके अलावा उपायुक्त कार्यालय, नगर निगम कार्यालय, पुलिस, स्वास्थ्य, जलशक्ति, होम गार्ड्स, सैनिक कल्याण बोर्ड के उत्कृष्ट कर्मवीरों लेखराज, बलवीर सिंह, नरेश कुमारी, राजिंद्र सैणी, शिवानी ठाकुर, विजय कुमार, डिंपल, अभिराणा, बीरवल सहित पुलिस के एएसआई तरलोचन सिंह, हेड कांस्टेबल जोगेशदीप, सोढी राम, सन्नी शर्मा, अमरजोत सिंह, कॉन्स्टेबल राकेश कुमार, राजीव कुमार, अजय कुमार, अमरीक सिंह और होम गार्ड व फायर स्टेशन के अशोक कुमार, सुरेश कुमार, मीना देवी, जयपाल शर्मा, अश्विनी कुमार, अशोक कुमार, मुकेश कुमार, चंद्र मोहन, दक्ष कुमार, अमित कुमार, जगदेव चंद, सुरजीत सिंह, टेक सिंह, पूर्ण सिंह, रणजीत सिंह, जनक राज, प्यारा सिंह, हरदयाल सिंह और टिक्का खान को सम्मानित किया गया।

इस असवर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सलोह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल और छात्रा ऊना, ट्रिपल आई टी ऊना और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठारकलां के वंश वो साथियों तथा मार्च पास्ट प्रस्तुत करने वाले पुलिस पुरुष व महिला वर्ग, होमगार्डर्स एनसीसी, एनएसएस और भारत स्काउटस एंड गाइडस कैडेट्स को भी पुरस्कृत किया गया। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष ने एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर वीरों को श्रद्धांजलि दी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, बंगाणा के विधायक विवेक शर्मा, राज्य एससी कमीशन के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, एससी कमीशन के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत राणा, उपायुक्त ऊना जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव, सहायक आयुक्त ऊना वरिंद्र शर्मा, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान सहित गणमान्य, सैकड़ों लोग व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### विकास की नई ऊंचाइयों पर हिमाचल

**पठानिया** ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के गठन के समय विकास की स्थिति अत्यंत सीमित थी, लेकिन प्रदेश में सरकार और मेहनतकश लोगों के सहयोग से आज राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति कर ली है। आज प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और औद्योगिक ढांचे का सुदृढ़ नेटवर्क विकसित हो चुका है। वर्तमान कांग्रेस सरकार इन क्षेत्रों में निरंतर सुधार कर रही है जिससे प्रदेश के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं बेहतर रूप से उपलब्ध हो रही हैं।

### युवाओं को सक्षम बनाना ही प्रगति की कुंजी

**उन्होंने** कहा कि आज देश की सरकारों का मुख्य लक्ष्य युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। युवा भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं और उन्हें सक्षम बनाना ही देश की प्रगति की कुंजी है। इसके लिए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार को प्राथमिकता देकर युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोले जा रहे हैं।

### हिमाचल के वीरों ने दी देश की सुरक्षा में आहुति

**विधानसभा** अध्यक्ष ने कहा कि देश की सीमाओं को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुदृढ़ बनाए रखने में हिमाचल प्रदेश के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विशेष रूप से ऊना जिला सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के अनेक वीर जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी है। यह बलिदान हिमाचल के वीरता और राष्ट्र सेवा के जज़्बे का प्रतीक है।

---

## पठानिया ने बाबा बाल जी आश्रम कोटलाकलां में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला ऊना प्रवास पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बाल जी आश्रम कोटलाकलां में शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ कुटलैहड़ के विधयक विवेक शर्मा भी उपस्थित रहे।

विसअध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने आश्रम पहुंचकर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। आश्रम परिसर में उपस्थित साधु-संतों और श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार यहां आने का अवसर मिला है और आश्रम का वातावरण बेहद पवित्र और भक्तिमय है। उन्होंने कहा कि आश्रम की सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक माहौल से मन को गहरा सुकून प्राप्त होता है। उन्होंने बाबा बाल जी महाराज द्वारा समाज में दिए जा रहे आध्यात्मिक संदेश और धार्मिक जागरण की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र है। कुलदीप पठानिया ने कहा कि यहां से प्राप्त प्रेरणा से युवा पीढ़ी भी सही मार्ग पर अग्रसर होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को महत्व दे रही है, ताकि भावी पीढ़ियां इनसे जुड़कर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकें।



पठानिया व विधायक विवेक बाबा बाल से आशीर्वाद लेते हुए

विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्र की जनता से भी संवाद किया और उनके सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि आश्रम के विकास और धार्मिक गतिविधियों के विस्तार में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय लोग और आश्रम प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने आश्रम में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर जिलाधीश ऊना जतिन लाल, एसपी अमित यादव के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### टकारला सहकारी सभा ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )।** टकारला कृषि सेवा सहकारी सभा ने स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ सभा अध्यक्ष निर्मल सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर सभा के उपाध्यक्ष देस राज ठाकुर, समिति सदस्य राज कुमार, सुभाष चंद, मनोहर लाल तथा सभा सचिव निशांत लठ मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का यह आयोजन लंबे समय तक याद रहेगा।

### चिंतपूर्णी में शनिवार को उमड़े श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में शनिवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। जन्माष्टमी और संक्रांति दिवस होने के कारण सुबह से ही श्रद्धालुओं की लाइन लगने शुरू हो गई थी, जो दोपहर तक माधो टिल्ला तक जा पहुंची। लगभग 15,000 श्रद्धालुओं ने मां के पवित्र पावन पिंडी के दर्शन प्राप्त किए।

चिंतपूर्णी में लगातार लगभग 2 घंटे तक भारी बारिश होने के बावजूद भी श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई। सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा लिफ्ट के पास वेरी गेट व गेट नंबर 1 और 2 में वेरी गेट लगाकर श्रद्धालुओं को लाइन व्यवस्था के तहत दर्शनों को भेजा गया। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करना मंदिर न्यास की प्रथम प्राथमिकता है। चिंतपूर्णी के संपूर्ण बाजार क्षेत्र में श्रद्धालुओं की चहल-पहल रौनक से व्यापारियों में खुशी की लहर रही।

### स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले फायर व होमगाड्र्स के जवान नवाजे



मेजर विकास सकलानी होमगार्ड कमांडेंट की मौजूदगी में होमगाड्र्स को मिला सम्मान।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले फायर व होमगाड्र्स जवानों को कुलदीप पठानिया द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अग्निशमन केन्द्र ऊना के प्रभारी अशोक कुमार राणा , उपअग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार, कनिष्ठ कार्यालय सहायक मीना देवी, लीडिंग फायरमैन जयपाल शर्मा, अश्वनी कुमार, अशोक कुमार, फायरमैन मुकेश कुमार, चंद्रमोहन ,दक्ष कुमार व चालक अमित कुमार , जगदेव सिंह को विभाग में सराहनीय सेवाओं के चलते सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऊना होमगार्ड्स वाहिनी के स्वयंसेवक कंपनी कमांडर टेक सिंह , प्लाटून कमांडर पूर्ण सिंह व रणजीत सिंह, हवलदार हरदियाल सिंह , प्यारा सिंह,जनक राज, गृह रक्षक टिक्का खान व गृह रक्षक चालक सुरजीत सिंह को सम्मानित किया गया।

बचाव कार्य में स्वां नदी की बाढ़ में फंसे 5 प्रवासी मजदूरों को फायर ब्रिगेड के बचाव दल ने सफल ऑपरेशन कर जान बचाई है। वहीं उद्योग में आई बरसाती पानी की बाढ़ में फंसे 45 कामगारों को सुरक्षित बाहर निकाला है। वहीं, कई सराहनीय कार्य किए हैं।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बढ़े मेंटेनेंस शुल्क को लेकर रोष

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले की हाउसिंग बोर्ड यानि हिमुडा कॉलोनी बंगाणा इन दिनों बढ़े हुए मेंटेनेंस शुल्क को लेकर आक्रोश से उबल रही है। कॉलोनी के निवासियों ने 12 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क वृद्धि को पूरी तरह अनुचित बताते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि एक ही जिले में दो अलग-अलग तरह के नियम लागू किए जा रहे हैं, जो बिलकुल भी न्यायसंगत नहीं है। ऊना की अन्य कॉलोनियों में जहां 25 प्रतिशत शुल्क वृद्धि लागू की गई है, वहीं बंगाणा स्थित हिमुडा कॉलोनी में 37 प्रतिशत तक शुल्क बढ़ा दिया गया है।

यह 12 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि कॉलोनी वासियों के लिए भारी पड़ रही है। कॉलोनी कमेटी के सदस्यों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, तो ऐसे में शुल्क बढ़ाना पूरी तरह से तानाशाही है। न तो यहां पानी की नियमित और सुचारु आपूर्ति होती है, न ही साफ-सफाई का उचित प्रबंध है। जगह-जगह गंदगी का आलम फैला हुआ है, सड़कें टूटी हुई हैं और मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। ऐसे में अचानक से 12 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क थोप देना आम जनता के साथ अन्याय है। इ

सी मुद्दे को लेकर हिमुडा कॉलोनी के निवासियों ने पूर्व प्रधान मदन वोहरा के नेतृत्व में विधायक विवेक शर्मा से मुलाकात की और अपनी व्यथा सुनाई। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व सचिव हंसराज, व्यापार मंडल प्रधान विनोद सेंटी, वित्त सचिव राजिंदर जम्वाल, दिनेश खत्री, मनोज शर्मा, राजिंदर रॉयल, कमलेश महाजन, विनोद शर्मा समेत समस्त कॉलोनी कमेटी सदस्य मौजूद रहे। लोगों ने विधायक विवेक शर्मा से आग्रह किया कि इस वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए और कॉलोनी में सुविधाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

विधायक विवेक शर्मा ने तुरंत हिमुडा कॉलोनी के एसडीओ को तलब किया। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए साफ कहा कि जब तक कॉलोनी में सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जातीं, तब तक इस तरह की मनमानी शुल्क वृद्धि स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 12 प्रतिशत शुल्क वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए और हाउसिंग बोर्ड इस पर कार्यवाही सुनिश्चित करे।



समस्या को लेकर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा से मिलते कॉलोनीवासी।

---

**कहर** **भारी बारिश से बंगाणा उपमंडल के प्लाहटा पंचायत का गांव कुड खतरे में**

## भूस्खलन से सैकड़ों कनाल भूमि खिसकी

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की पलाहटा पंचायत के गांव कुड पर इन दिनों भारी बारिश का कहर टूट पड़ा है। बीते दिनों लगातार हो रही बारिश के चलते इस गांव का अस्तित्व खतरे में आ गया है। जानकारी के अनुसार, गांव में भूस्खलन के चलते सैकड़ों कनाल भूमि खिसक चुकी है। स्थिति यह है कि पहाड़ी के खिसकने से आधा दर्जन रिहायशी मकानों पर खतरा मंडराने लगा है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर मौसम का मिजाज इसी तरह बरकरार रहा तो आने वाले दिनों में करीब बीस परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हो सकते हैं। गांव वासियों ने बताया कि पिछले हफ्ते से लगातार बारिश हो रही है। इस कारण गांव से सटी पहाड़ी धीरे-धीरे दरकने लगी है और अब यह दरारें रिहायशी मकानों के समीप तक पहुंच गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके घरों में दरारें पड़ने लगी हैं, वहीं कई जगह गाड़ियां भी घरों में फंस गई हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि हर पल यह डर बना रहता है कि कहीं पहाड़ी से और बड़ा हिस्सा न खिसक जाए और मकान मलबे में तब्दील न हो जाएं।



गांव के पास दरका हुआ पहाड़, जिस कारण लोग डर के साये में जी रहे हैंद्व

गांववासियों ने कहा कि वे दिन-रात दहशत में जी रहे हैं और परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की मजबूरी बन रही है। स्थानीय लोगों ने विधायक विवेक शर्मा एवं प्रशासन और प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है कि इस प्राकृतिक आपदा का शीघ्र समाधान किया जाए। उनका कहना है कि खतरे वाले क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कदम न उठाए गए तो आने वाले दिनों में नुकसान और भी बड़ा हो सकता है। फिलहाल गांव बासी डर के साए में जीवन जीने पर उतारू हैं।

इस पूरे मामले पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वह फिलहाल बाहर हैं, लेकिन हम ने एसडीएम बंगाणा सोनू से इस मुद्दे पर तत्काल बात की है। एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल के निर्देश पर प्रशासन की टीम गांव कुड का दौरा करने के लिए जा रही हैं। राजस्व विभाग की टीमों को प्रभावित क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण करने और नुकसान का आकलन करने को कहा गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, गांव के निचले हिस्से की जमीन खिसकने से मकानों की नींव को खतरा पैदा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर प्रभावित परिवारों को अस्थायी शेल्टर में शिफ्ट किया जाएगा।

### अंब में देशविरोधी पोस्ट पर भड़का आक्रोश, पुलिस से कार्रवाई की मांग



पुलिस को ज्ञापन सौंपते पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, साथ हैं अन्य।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जहां पूरा देश आजादी का पर्व हर्षोल्लास से मना रहा था, वहीं अंब के एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। इसके विरोध में अंबेडकर भवन के पास लोगों ने एकत्र होकर नारेबाजी की और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पूर्व विधायक बलवीर चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिप्रिय प्रदेश है और यहां देशविरोधी ताकतों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति सोशल मीडिया पर 'सिख फॉर जस्टिस' जैसी मुहिम चला रहा है, जो राष्ट्रहित के खिलाफ है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि ऐसे अराजक तत्वों पर तुरंत और कड़ी कार्रवाई की जाए।

नपं अध्यक्ष इंदु धीमान ने बताया कि इस मामले की जानकारी कल ही पुलिस को दी गई थी और आज पुलिस को ज्ञापन भी सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि देशविरोधी भावनाएं भड़काने वालों को खिलाफ सख्त धाराओं में केस दर्ज होना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक बलवीर चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मन्हास, नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान, उपाध्यक्ष उपदेश ठाकुर, पार्षद मोनू, राजेश शर्मा, पंकज, मनोज, स्पर्श, कपिल, प्रदीप शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चार बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले सक्षम सम्मानित



**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रीणी गांव के छोटे से बालक सक्षम ने असाधारण उपलब्धियों से पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। मात्र 5 महीने की उम्र में किताबें पकड़ने से लेकर अभी छह वर्ष की छोटी सी उम्र में 4 राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले सक्षम ने पूरी दुनिया को अपनी प्रतिभा से चौंका दिया है। सक्षम की इस असाधारण प्रतिभा की सराहना करते हुए जिला प्रशासन कुल्लू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्यातिथि आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने सक्षम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू को मिला सिविल सर्विस अवार्ड

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की कुल्लू शाखा को महिलाओं के लिए नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र के संचालन तथा समाज में पीड़ित वर्गों के उत्थान एवं सहायता की दिशा में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार सिविल सर्विस अवार्ड -2025 से नवाजा। मुख्यमंत्री, सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला मंडी के सरकाघाट में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला रेडक्रॉस सोसायटी को सम्मानित किया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष, रैड क्रॉस सोसायटी जिला कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने यह सम्मान ग्रहण किया। उनके साथ जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विनोद मोदगिल भी उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू को 'सिविल सर्विस अवॉर्ड' प्रशस्ति पत्र और 1.25 लाख की राशि के साथ प्रदान की गई।

### देव संस्कृति को समर्पित देवी काली ओड़ी का ढोंऊसी परिवार




**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** आधुनिकता के इस दौर में भी देव संस्कृति के निर्वहन के लिए परंपराओं का निर्वहन किया जाता है। ऐसा ही एक पल अरछंडी की देवी काली ओड़ी के ढोंऊसी परिवार के जीवन में आया। बीतीशाम को मुख्य ढोंऊसी परिवार की मुखिया हेती देवी की अकस्मात मृत्यु हुई और कल ही माता का शाऊंण का जागरा भी था। इस परिवार ने देव संस्कृति के नियमों और परंपरा का निर्वहन करते हुए शाम को ही अंतिम संस्कार के वाद पित्र कार्यों को अंतिम रूप दिया। जिसे हम कुल्लुई वोली में (पच्छाईच चोखा) कहते हैं और आज पूरा परिवार माता की चाकरी को आया और देव संस्कृति का निर्वहन किया। गौर रहे कि जमलू परिवार की ज्येष्ठ थियाईंण मां काली ओड़ी की देव परंपरा में कुछ नियम और परंपरा ऐसी है जिसको भंडारी परिवार, ढोंऊसी परिवार और गूर परिवार को निभानी पड़ती है। देव सेवा संस्था के अध्यक्ष जय ठाकुर ने कहा कि ऐसे ही कुछ परिवारों के पास पुरातन और मूल परंपराएं अभी भी कायम है। यदि मां के देव कार्यों जैसे जो माता के अपने चतराडे जेठा विरशू, शाऊंण,मोखशरा रा जेठा फेरा हो या अन्य माता के कारज हों उस समय यदि घर में मृत्यु हो या परिवार में किसी का जन्म हो। उस समय देव संस्कृति के लिए हमारा भंडारी परिवार, ढोंऊसी परिवार और गूर परिवार शास्त्रोक्त संस्कारों को पीछे रखता है और देव परंपरा को सर्वोपरि मानता है।

### विधायक अनुराधा ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**अनंत ज्ञान, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं। इसी कड़ी में शनिवार को उन्होंने गोंदला व कोकसर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालातों का जायजा लिया। विधायक अनुराधा राणा पिछले कुछ दिनों से लाहौल घाटी के बाढ़ प्रभावित इलाकों का लगातार दौरा कर रही है। सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण कुछ इलाकों में विधायक पैदल ही लोगों का दुख दर्द जानने उनके घरद्वार पहुंच रही हैं। सनद रहे कि गोंदला पंचायत के ट्रिलिंग गांव के ऊपर कुछ दिन पहले बादल फटने से आई बाढ से सड़कें, पेयजल योजनाएं और सिंचाई व्यवस्था क्षतिग्रस्त हो गईं थी। बाढ़ से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि घटना के अगले ही दिन क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग और पेयजल स्कीम दुरुस्त कर दी गई थी। साथ ही राजस्व विभाग को नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सिंचाई की पाइपें पूरी तरह बह गई हैं और किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। शनिवार को विधायक अनुराधा राणा ने स्वयं मौके पर विभागीय अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ नुकसान का जायजा लिया। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि जनमानस को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उधर, गोंदला क्षेत्र में सिंचाई पाइपों, कुल्हों और फसलों को भारी नुकसान हुआ है। साथ ही पानी का टैंक, देवता मंदिर का रास्ता और एक डीपी भी बाढ़ में बह गया। जिसे जल्द दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन कर लिया गया है और जल्द ही नहर का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जहां-जहां बादल फटने से नुकसान हुआ है, वहां मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र बहाल किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### निरीक्षक दीना नाथ को मिला विशिष्ट सेवा पदक



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला कुल्लू से संबंध रखने वाले सशस्त्र सीमा बल के निरीक्षक दीना नाथ को स्वतंत्रता दिवस पर भारत सरकार द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। ये पदक देश के प्रति उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। दीना नाथ वर्तमान में कांगड़ा स्थित सशस्त्र सीमा बल केंद्रीकृत प्रशिक्षण केंद्र, सपड़ी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिला कुल्लू के दूरदराज गांव कोटला में जन्मे दीना नाथ ने बचपन में सीमित साधनों के बाबजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने से लेकर भारतीय पैरा मिलिट्री सेवाओं में भी हर कदम पर अनुशासन ,देशभक्ति और निष्ठा का परिचय दिया है। 35 वर्षों की अपनी सेवाओं के दौरान निरीक्षक दीना नाथ देश की विभिन्न सीमाओं पर अपनी ड्यूटी देने के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में भी अद्वितीय सेवाएं दे चुके हैं जिसके लिए उन्हें महानिदेशक एनएसजी डिस्क अवॉर्ड के साथ ही महानिदेशक एसएसबी डिस्क अवॉर्ड भी मिल चुका है। स्वतंत्रता दिवस पर भारत सरकार से मिले विशिष्ट सेवा पदक सम्मान पाने के बाद दीना नाथ ने कहा कि हर फौजी की तरह उनके लिए भी यह बहुत ही गौरवमई क्षण है । अपने सिद्धांतों के प्रति गहरी श्रद्धा के साथ अपने इस विशिष्ट सेवा पदक को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करता हूं ।

### झूले में विराजमान हुए देव श्रीबड़ा छमाहूं

**शीला कौल, अनंत ज्ञान, बंजार।** विष्णु अवतार देव श्रीबड़ा छमाहूं झूले में विराजमान हुए और सैंकड़ों भक्तों ने देव श्रीबड़ा छमाहूं को झूला झुलाकर पूण्य कमाया। यह भव्य कार्यक्रम देवता के मुख्य मंदिर सराज घाटी के दलयाड़ा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित हुआ। देवता के पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि यहां देव रथ को चांदी के बने बड़े झूले में बिठाया जाता है और लोग बड़े हर्षोल्लास के साथ कृष्णा जन्माष्टमी मनाते हैं। जैसे ही 12 बजे कृष्ण जन्म होता है तो सभी परंपराएं शुरू हो जाती है। गौर रहे कि देव श्रीबड़ा छमाहूं सृष्टि के निर्माता है और विष्णु अवतार के साथ देव रथ में ब्रह्मा विष्णु के अलावा ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदी, शक्ति शेष भी विराजमान है। सनद रहे कि विष्णु भगवान ने ही धरती पर 24 अवतार लिए हैं जिसमें भगवान कृष्ण का आठवां अवतार है। इसलिए देव श्रीबड़ा छमाहूं को ही विष्णु के अलावा भगवान राम, भगवान कृष्ण माना जाता है और इस अवतार में भगवान शेषनाग व शक्ति स्वरूप लक्ष्मी उनके साथ हमेशा रहती है और ब्रह्मा व महेश भी उनके अवतार में समय-समय पर भगवान विष्णु का सहयोग करते हैं। यही कारण है कि देव श्रीबड़ा छमाहूं को सृष्टि का निर्माता कहा गया है और देव रथ में छह शक्तियों ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदी अंनत, शक्ति व शेषनाग समाहित होकर वास करते हैं।

# कुल्लू और लाहौल-स्पीति में फहराया तिरंगा

## ढालपुर मैदान में यादविंद्र गोमा ने ली सलामी, केलांग में राजेश धर्माणी ने फहराया ध्वज




कुल्लू समारोह के दौरान आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, टीम कुल्लू/केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल स्पीति में स्वतंत्रता दिवस की खूब धूम रही। कुल्लू के ढालपुर मैदान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि परामर्शी मंत्री यादविंद्र गोमा ने की। उन्होंने परेड की सलामी ली तथा जिला वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे प्रदेशभर में एक समान विकास करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सुक्खू खुद दूरदराज के इलाकों में रहकर स्थानीय जनता की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका समाधान करवा रहे हैं। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश पुलिस के पुरुष व महिला टुकड़ियों के अलावा भारत तिब्बत सीमा पुलिस, एसएसबी, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स तथा रोवर्स और रेंजर्स के टुकड़ियां ने भी भव्य परेड में भाग लिया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 138 कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये गए । उधर आनी, बंजार, मनाली सहित अन्य सभी स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

### सरकार ने 10 में से 6 गारंटियों को किया पूरा : धर्माणी



राजेश धर्माणी स्कूली छात्रा को सम्मानित करते हुए।

**जिला** स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन केलांग पुलिस ग्राउंड में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली, जिसमें हिमाचल पुलिस, होम गार्ड, वन विभाग, बीआरओ टीम और स्थानीय स्कूल के बच्चे इसमें शामिल रहे। मुख्याथिति ने उपस्थित जनसमूह को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपने 10 में से 6 गारंटियों को पूरा कर लिया है और शेष 4 को पूरा करने की प्रक्रिया जारी है। दूध का समर्थन मूल्य 51 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का 61 रुपए प्रति लीटर किया गया है। राजीव गांधी स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू हो चुका है, जिसमें पहले चरण में ई-टैक्सी को 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लाहौल वन मंडल के तहत इको टूरिज्म को बल देने के लिए दीपक ताल, अटल सुरंग, उदयपुर व्यू प्वांइट, लौहणी नेचर पार्क को विकसित किया जा रहा है। लाहौल-स्पिति को स्टार गैजिंग और एस्ट्रो टूरिज्म को विकासित किया जा रहा है।

# यादविंद्र गोमा से मिले बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी कुल्लू प्रवास पर पहुंचे आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा से मिले। इस दौरान उन्होंने मंत्री को बजौरा अस्पताल भवन का निर्माण शीघ्र शुरू करने संबंधी ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने मंत्री से विशेष आग्रह किया कि बजौरा में निर्माणाधीन आयुर्वेदिक अस्पताल भवन के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने मंत्री को अवगत करवाया कि वर्ष 2021 में शुरू हुआ 50 विस्तर क्षमता वाले इस अस्पताल भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2023 की भारी बरसात के बाद से अधूरा पड़ा है।

इस दौरान ब्यास नदी के कटाव से भवन का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे यह भवन लगातार बहने के खतरे में है। निर्माण कार्य ठप पड़ने और सुरक्षा उपाय न होने के कारण यह भवन आज खंडहर बनने की स्थिति में पहुंच गया है।

विधायक शौरी ने कहा कि इस अस्पताल के शीघ्र निर्माण से क्षेत्र की जनता को सुरक्षित व सुलभ आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। वर्तमान में क्षेत्र की जनता इस अस्पताल की सुविधाओं से वंचित है और भवन की खस्ताहाल स्थिति किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि ब्यास नदी से कटाव रोकने हेतु सुरक्षा उपाय किए जाएं।



विधायक सुरेंद्र शौरी आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा को ज्ञापन सौंपते हुए।

रुका हुआ निर्माण कार्य पुन: शुरू कर भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। विधायक शौरी ने कहा कि यह परियोजना जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके पूरा होने से क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

## पेंशनर्स व कर्मचारियों को घोषणा का था इंतजार, हाथ लगी निराशा : गुलशन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा कि संशोधित वेतनमान, महंगाई भत्ते का इंतजार कर रहे पेंशनर्स व कर्मचारियों को इस बार भी निराशा हाथ लगी है। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा पेंशनरों और कर्मचारियों को देय कुल 11 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की तीन किस्तें और एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर के भुगतान की कोई घोषणा न करने पर रोष व्यक्त किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह, अध्यक्ष दयाल सिंह सहित अन्य ने कहा कि पेंशनर्स और कर्मचारियों को बेसब्री से इंतजार था कि मुख्यमंत्री लंबित वित्तीय देनदारियों की बड़ी घोषणा करेंगे, लेकिन घोषणा तो दूर उनका जिक्र तक नहीं किया। एलआर गुलशन ने कहा कि सरकार का कर्मचारियों के प्रति यही उदासीन रवैया रहा तो आगामी 2027 में कांग्रेस सरकार को 'मिशन रिपीट' करना मुश्किल हो जाएगा।



## शालिनी वत्स किमटा हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करती शालिनी वत्स किमटा ।

दृष्टि बाधित व विशेष बच्चों के भविष्य संवारने की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की राज्य शाखा की सचिव शालिनी वत्स किमटा को हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें इस विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कुल्लू जिला के सेउबाग से संबंध रखने वाली और नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की राज्य शाखा की सचिव के रूप में कार्य कर रही शालिनी वत्स किमटा को यह पुरस्कार उनके पिछले कई वर्षों से दृष्टि बाधित व विशेष बच्चों के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे कार्यों के लिए दिया गया है। कुल्लू पहुंचने पर संस्था व अन्य लोगों की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। शालिनी वत्स किमटा ने इस उपलब्धि का श्रेय जहां अपनी टीम को दिया वहीं, इसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री का भी विशेष आभार व्यक्त किया। संस्था द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों को नए युग की डिजिटल दुनिया बारे जागरूक किया जा रहा है। इस नई डिजिटल तकनीक ( डिवाइस) के माध्यम से खुद अपना कार्य कर रहे हैं।

## स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी की पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण-।। के नगवाईं कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस समारोह का शुभारंभ कार्मिकों की उपस्थिति में परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह ने ध्वजारोहण करके किया, जिसके उपरांत सुरक्षा कर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने उपस्थित सभी कार्मिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने स्वतंत्र और समृद्ध भारत का सपना देखा और हमें आजादी दिलवाईं।

इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संबोधन लाइव वेबकास्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें परियोजना के कार्मिकों व उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम के दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण, कार्मिक, संविदाकर्मी तथा प्रशिक्षु परिवार सहित उपस्थित रहें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि परियोजना शुरू होने के पश्चात 30 जून तक लगभग 431 करोड़ की बिजली उत्पादन कर चुकी है। इस उत्पादन से 12 फीसदी ऊर्जा हिमाचल सरकार को दी जा रही है तथा 1 फीसद अतिरिक्त ऊर्जा एलएडीएफ के लिए भी दी जा रही है जिससे कि प्रदेश सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई है।



परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह ध्वजारोहण करते हुए।

## प्रीणी वासियों ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए गणमान्य।

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** प्रीणी वासियों ने आज भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्य तिथि मनाई। वाजपेयी मनाली को अपना दूसरा घर मानते थे इस कारण उनका मनाली से गहरा नाता रहा है। प्रीणी व मनाली वासियों के दिलों में आज भी अटल बिहारी वाजपेयी राज करते हैं। ग्राम कमेटी प्रीणी ने भाजपा मनाली मंडल के साथ मिलकर माल रोड मनाली में अपने मुखिया को श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया।

मनाली की वादियों से इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने मनाली को अपना दूसरा घर बना लिया। जीवनभर राजनीति में सक्रिय रहने वाले अटल 1992 के बाद मनाली के ही होकर रह गए। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और मनाली वासियों ने माल रोड में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

गोविंद ठाकुर ने कहा कि वाजपेयी भारतीय राजनीति में एक महान हस्ती थे, जिनकी सभी दलों की ओर से प्रशंसा की जाती थी और उनकी सादगी और राजनेता कौशल के लिए पूरा देश उन्हें प्यार करता था। गोविंद ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल टनल रोहतांग के रूप में हमेशा कुल्लू-मनाली वासियों के बीच मौजूद रहेंगे।

## चायल व जुआगी पंचायत का बागीपुल से कटा संपर्क

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** निरमंड क्षेत्र में बीते दिनों से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बागीपुल से जाओं-ठारला सड़क मार्ग पर ढारा नामक स्थान पर करीब 10 से 15 मीटर तक सड़क का हिस्सा ढह गया है। इससे मार्ग पिछले चार दिनों से हर तरह के वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह अवरुद्ध पड़ा है।

सड़क बंद होने से चायल और जुआगी पंचायत के हजारों लोगों का बागीपुल और निरमंड से संपर्क कट गया है। यातायात ठप पड़ने के कारण बस सेवाएं भी बंद हो चुकी हैं। स्थानीय निवासियों राजू, रणजीत, बेगानंद और राजेश्वर ने बताया कि पिछली बरसात के दौरान भी यह मार्ग भूस्खलन से प्रभावित हुआ था और महीनों तक बहाल नहीं हो पाया था।

**बारिश से क्षतिग्रस्त निरमंड का जाओं-ठारला मार्ग**



लोगों को बार-बार भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार ने पुष्टि की कि सड़क का हिस्सा ढहने से मार्ग बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द छोटी गाड़ियों के चलने लायक सड़क बहाल कार्य शुरु करेगा। उन्होंने कहा कि यहां केवल डंगा ही एकमात्र विकल्प है। सड़क को जल्द से जल्द यातायात के लिए बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## चिट्टे के साथ पकड़े आरोपी पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** भुंतर में चिट्टे के साथ पकड़े पंजाब के चार आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से आरोपियों को तीन दिन की पुलिस रिमांड मिली है।

पुलिस ने फोरलेन सड़क पर आरोपी कर्णजीत सिंह (27), गुरभेज सिंह (37) मनप्रीत सिंह (21) और अमरीक सिंह (55) निवासी मोहल्ला पत्ती साधू की, डाकघर चोला साहिब, तहसील व जिला तरनतारन, पंजाब के कब्जा से 45 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान ने कहा कि आरोपियों को कोर्ट से तीन दिन की पुलिस रिमांड मिली है।

## जनजातीय मेले में कलाकारों ने किया दर्शकों का मनोरंजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय मेले के अंतर्गत आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। आयोजन की अध्यक्षता विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा द्वारा की गई और जिला उपायुक्त व जनजातीय महोत्सव समिति की अध्यक्षा किरण भड़ाना ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत लाहौल की पारंपरिक जबरो नृत्य और छबस्क्यान नृत्य से हुई, जिन्हें दर्शकों ने अत्यंत सराहा। इसके बाद लयूल सुर संगम समूह ने मेलोडियस प्रस्तुतियों से माहौल को संगीतमय किया।

एलएसी ग्रुप, चंबा तथा हाईजैकर्स म्यूजिकल ग्रुप, धर्मशाला जैसे अतिथि कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता (ब्यूटी पैजेंट) ने स्थानीय युवाओं को मंच प्रदान किया, जिसमें परंपरागत और आधुनिक परिधानों की छटा बिखरी।

वहीं लद्दाख की सांस्कृतिक धरोहर से सजे इनकी आधुनिक फोक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके लोकप्रिय गीतों और ऊर्जा से पूरे मैदान में उत्साह का माहौल बन गया।लाहौल के प्रसिद्ध गायक फैसल अशूर ने अपनी मधुर और भावपूर्ण लोकगीत प्रस्तुतियों के जरिए क्षेत्रीय लोकसंस्कृति को जीवंत किया।

लोकप्रिय गायिका रोजी शर्मा ने मनमोहक आवाज में विभिन्न गीत प्रस्तुत किए।

**महोत्सव**

## अधिकारियों ने रस्साकशी प्रतियोगिता में की जोर आजमाइश

# पशु चिकित्सक टीम त्रिलोकनाथ विजेता

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**केलांग।** तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव का जहां लोग खूब लुत्फ उठा रहे हैं वहीं, यहां के अधिकारियों में भी इस उत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना सहित अन्य महिला व पुरुष अधिकारी लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्वयं तालियां बजाने से लेकर लोगों के मध्य जाकर हर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इस उत्सव का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को उत्सव के तीसरे दिन रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में डीसी सहित अन्य अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई के लिए रस्साकशी में जोर आजमाइश की। डीसी लाहौल -स्पीति व अन्य अधिकारी इस दौरान सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहे और लोगों ने इस दौरान उनकी खूब प्रशंसा भी की।



रस्साकशी प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करती डीसी लाहौल स्पीति सहित अन्य अधिकारी।

**प्रतिभागियों की हौसला अफजाई के लिए डीसी बनी प्रतियोगिता का हिस्सा**

सनद रहे कि जनजातीय महोत्सव-2025 के अंतर्गत शनिवार को लाहौल मुख्यालय केलांग में कर्मचारियों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में लाहौल के विभिन्न क्षेत्रों से कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया और खेल का रोमांच देखते ही बना। इस मौके पर महिला वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता सभी के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इस प्रतियोगिता में महिला कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने न केवल रस्साकशी प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित की बल्कि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। वे स्वयं रस्साकशी कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ उतरीं और खेल भावना का परिचय दिया। वहीं, पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का फाइनल पुलिस टीम एवं पशु चिकित्सक (वेटरिनरी) टीम त्रिलोकनाथ के बीच खेला गया। एक कड़े संघर्ष के बाद पशु चिकित्सक टीम त्रिलोकनाथ ने विजेता बनने का गौरव अर्जित किया। वहीं पुलिस टीम उपविजेता बनी। डीसी ने प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

उपायुक्त किरण भड़ाना ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खेलों के प्रति रुचि जागृत करते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे और टीम भावना को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कर्मचारियों और प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## बादल फटने से बठाहड़ घाटी में हुआ भारी नुकसान : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि बादल फटने से बठाहड़ घाटी में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त की शाम बठाहड़ क्षेत्र में बादल फटने से आई बाढ़ ने घाटी की जिंदगी को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है।

विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हालातों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने घाटी में पैदा हुए भयावह हालातों पर चिंता व्यक्त की। विधायक शौरी ने दो दिवसीय दौरा कर घाटी में हालात का जायजा लिया और बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात की। विधायक ने कहा कि गुशैनी में बठाहड़ घाटी की मुख्य सड़क पूरी तरह बह चुकी है, जिससे घाटी की तीन पंचायतें बंजार मुख्यालय से पूरी तरह कट गई हैं। इसी बाढ़ में बस योग्य दोगड़ा पुल भी बह गया व मशियार सड़क भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिस कारण लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लग गई है। प्रभावित क्षेत्र में करीब 15 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोगों के घरों में मलबा और पानी घुस आया है। बहुत सी जमीन व फलदार वृक्ष बाढ़ में बह गए हैं। जिससे सामान्य जीवन कठिनाइयों से घिर गया है।

विधायक शौरी ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों का दर्द साझा किया और कहा कि पूरी बठाहड़ घाटी में हालात बेहद भयावह हैं। सरकार और प्रशासन को तुरंत कदम उठाकर राहत और बचाव कार्यों में तेजी लानी चाहिए। विधायक ने सभी संबंधित विभागों को तुरंत राहत शिविर लगाने, अस्थायी सड़क संपर्क बहाल करने, प्रभावित परिवारों की त्वरित सहायता सुनिश्चित करने तथा स्थायी पुनर्निर्माण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# स्वतंत्रता दिवस पर सोलन में डॉ. शांडिल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



मार्च पास्ट की सलामी लेते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण, ग्रामीण आर्थिकी को प्रोत्साहन प्रदान करने और स्वरोज़गार एवं रोजगार के बेहतर अवसर सृजित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। डॉ. शांडिल आज देश की स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ पर सोलन जिला के एतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व कृतज्ञ प्रदेशवासियों की ओर से शहीद स्मारक पर असंख्य वीरों को श्रद्धाजंलि अर्पित की। अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने भी इस अवसर पर शहीद स्मारक पर देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शिमला स्थित अटल सुपर स्पेशिएल्टी संस्थान में रोबोटिक शल्य चिकित्सा आरम्भ कर दी गई है। प्रथम चरण में प्रदेश के 20 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में डायलिसिस सुविधा प्रदान की जा रही है। राज्य में 185 चिकित्सकों, 130 स्टाफ नर्सों, 67 लैब तकनीशियन, 45 फार्मासिस्ट और 61 ऑपरेशन थियेटर सहायकों के पद भरे गए हैं। शीघ्र ही चिकित्सकों के 200 और पद भरे जाएंगे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार के सतत् प्रयासों और ज़िला सोलन के प्रत्येक जन के सहयोग से सोलन ज़िला में एनीमिया के मामलों में 75 प्रतिशत की कमी आई है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए विभूतियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोलन के ठेडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। डॉ. शांडिल ने नालागढ़ उपमंडल की छोटे साहिबजादे वेल्फेयर सोसायटी रेडू के अध्यक्ष नरिन्द्र सिंह, एक्ट हयूमेन फाउंडेशन की अध्यक्ष हर्लिन कौर, आंगनबाड़ी केंद्र पनूह में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कुमारी को सम्मानित किया। इसके साथ ही सोलन सपरून निवासी कुमारी रमनीक अटल, ग्राम राजस्व अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रतीक शर्मा, कबड्डी कोच के रूप में कार्यरत संजीव कुमार, बीडीसी सदस्य देवेंद्र शर्मा, अधिकारी मनोज चौहान, महिला पुलिस थाना प्रभारी सोलन निरीक्षक कविता, पुलिस थाना प्रभारी कुनिहार निरीक्षक मोती सिंह, थाना प्रभारी अर्की निरीक्षक राजिन्द्र सिंह, थाना प्रभारी धर्मपुर उपनिरीक्षक दलीप सिंह, सुरक्षा शाखा सोलन के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार, महिला पुलिस थाना सोलन में तैनात मुख्य आरक्षी अमित कटोच, जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष सोलन में शिफ्ट वीएचएफ ऑपरेटर के पद पर कार्यरत मुख्य आरक्षी विकास शर्मा, मानक सहायक उपनिरीक्षक गोपाल शर्मा, थाना कुनिहार में मानक मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात अमर सिंह को सम्मानित किया।

## विक्रमादित्य ने नाहन चौगान में ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की ली सलामी



मार्च पास्ट की सलामी लेते लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला स्तरीय समारोह में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन चौगान में ध्वजारोहण कर जिला वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। इससे पूर्व उन्होंने डॉ. वाईएस परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शहीद चौक पर उन्होंने शहीदों को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 121 करोड़ की लागत से 11 कार्य स्वीकृत हुए जिनमें से 40 करोड़ की लागत से 6 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों व संस्थानों के प्रतिभागियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विक्रमादित्य सिंह ने कृतिका शर्मा तथा उत्कृष्ट कार्य कर रहे 35 पुलिस जवानों को सम्मानित किया गया। उन्होंने परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए।

## एसडीएम निशांत तोमर ने किया राष्ट्रीय ध्वजारोहण

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय (छात्र) के प्रांगण में उनासी वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपमंडलाधिकारी नागरिक अर्की (एसडीएम) निशांत तोमर द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर हुई। इस अवसर पर पुलिस होमगार्ड एनसीसी स्काउट एन्ड गाइड एनएसएस की टुकड़ियों ने मार्चपास्ट कर तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।पश्चात एसडीएम अर्की द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की पत्नियों को सम्मानित किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर कंडाघाट उपमंडल में कार्यक्रम आयोजित, फहराया तिरंगा

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम कंडाघाट के पड़ाव मैदान में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम गोपाल शर्मा ने की। चायल में आयोजित समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के प्रिंसिपल विमल गंगवाल ने की, सायरी में पेंशनर एसोसिएशन ने जीआर भारद्वाज और जगदीश कश्यप सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया। कल्होग स्कूल में प्रिं. राधा कश्यप की अध्यक्षता में और सकोड़ी स्कूल में मुख्यध्यापिका पूनम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायतों, उपमंडल के सभी स्कूलों, कई निजी और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें देशभक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत नाटक, प्रतियोगिताएं जैसे अनेक कार्यक्रम विशेष रूप से प्रस्तुत किए गए।

## पाइनग्रोव स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस जोश के साथ मनाया गया। कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने सभी स्कूल प्रमुखों एवं स्कूल पायलटों के साथ ध्वज फहराया। मुख्यातिथि संदीप अग्रवाल (मान. सांस्कृतिक आदान-प्रदान समन्वयक, सहायक निदेशक एवं डीन, बिजनेस एंड टेक्नोलॉजी, सैली बी. हावर्ड स्कूल, अमेरिका) एवं कैप्टन एजे सिंह ने परेड का निरीक्षण किया।



## बारिश से फैक्टरी को लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश ने कहर बरपाया है। बारिश के कारण हिम इंपीरियल ऑटो ग्लास इंडस्ट्री की रिटेनिंग वॉल गिर गई, जिससे फैक्टरी को नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 60 लाख का कीमती सामान नष्ट हो गया है।

जनरल मैनेजर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि रिटेनिंग वॉल का बड़ा हिस्सा गिरने से मलबा फैक्टरी परिसर में घुस गया। उन्होंने बताया कि मलबे की चपेट में आने से फैक्ट्री में रखा हुआ कच्चा माल और फिनिश्ड प्रोडक्ट, दोनों ही पूरी तरह से खराब हो गए हैं।

## शिकायतों का समाधान पहली प्राथमिकता : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

- चौथी जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित
- गोयला-नालागढ़ तथा गोयला-परवाणू बस रूट जल्द होंगे बहाल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण सरकार की प्राथमिकता है। जिले के जन-जन की समस्याओं को समयावधि में सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

शांडिल ने चौथी त्रैमासिक जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते यह बात कही। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार के निर्णय अनुसार जिला में चकौता धारकों को भूमि का मालिकाना हक दिए जाने के मामलों को निर्धारित समयावधि में निपटाया जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामशहर में शीघ्र ही एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने गोयला-नालागढ़ तथा गोयला-परवाणू बस रूट शीघ्र बहाल करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने पशुपालन विभाग को श्वान नसबंदी सितंबर माह के प्रथम बुधवार को करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग तथा नगर निगम को संयुक्त रूप से श्वान केन्द्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में मनोचिकित्सक की स्थायी नियुक्ति का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मपुर में अल्ट्रासाउंड की मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सोलन शहर व आस-पास के क्षेत्रों में फल व सब्जी विक्रेताओं की दुकान में मूल्य सूची लगाने तथा समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

## बारिश से तीन रिहायशी घरों को हुआ नुकसान

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से राजगढ़ उपमंडल में तीन रिहायशी मकानों और छः गोशाओं को काफी नुकसान पहुंचा है तथा अनेक मकान भूस्खलन के कारण खतरे की जद में आ गए है । जबकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। जिसकी पुष्टि एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने की है। उन्होंने बताया कि भारी वर्षा से हुए भूस्खलन से बखोग में गीता देवी पत्नि कुम्मी के मकान को काफी नुकसान हुआ है और इनका शौचालय क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी प्रकार कुड्डुलवाना की उमा देवी के मकान में मलवा आने से पिछली दिवार गिरने से काफी नुकसान हुआ है । इसी प्रकार मौजा थड़ा के धार पजेरा में भूस्खलन होने से एक गोशाला मलबा में दब गई जिसमें चार गाय मर गई जबकि एक गाय को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया था । एसडीएम ने बताया थैना बसोत्री के गांव धार बघेड़ा में भूस्खलन से बेली राम का मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए उपमंडल में कार्यरत सभी पटवारियों को नुकसान की रिपोर्ट भेजने के आदेश किए गए है। इसके अतिरिक्त अनेक गांव में बिजली की लाइने टूटने तथा पानी की योजनाओं के क्षतिग्रस्त हुई है जिनकी मुरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

एसडीएम ने बताया कि गिरि नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है, उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि नदी के किनारे न जाएं और बारिश के मौसम में यदि संभव हो तो यात्रा स्थगित कर दें।



बरसात से घर को हुआ नुकसान।

## अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



देशभक्ति गीत प्रस्तुत करते ट्रस्ट के छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन ने स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन कविता गौतम मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ट्रस्ट के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और रोल-प्ले के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

डॉ. विवेक लांबा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अध्यक्ष डॉ. केडी रायत ने मुख्यातिथि और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और उपस्थितियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## सड़क की खस्ताहालत को लेकर विक्रमादित्य सिंह को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

जिला सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल के तहत आने वाली सनौरा नेरीपुल छैला सड़क की खस्ताहालत को लेकर पझोता रासुमांदर के प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस सड़क की खस्ताहालत को लेकर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप से भी नाहन में मिला। विक्रमादित्य सिंह तथा सांसद सुमित कश्यप से प्रतिनिधि मंडल ने देवठी मझगांव वार्ड से जिला परिषद सदस्य विनय भगनाल के नेतृत्व में अपनी समस्या को मंत्री के समक्ष रखा।

निहाल रपटा ने बताया कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पूर्ण विश्वास दिया कि वह इस सड़क मार्ग को चौड़ा करने के लिए सरकार प्रयासरत हैं, वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने भी इस पर सहमति जताई। विक्रमादित्य ने सड़क मार्ग की दशा सुधारने के लिए भी अधिकारियों को आदेश दिए ।

## 5 सड़क परियोजनाओं का 59 करोड़ से होगा कार्य : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, नाहन**

- बेचड़ का बाग में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला संपन्न

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज रेणुका विधानसभा क्षेत्र के गांव बेचड़ का बाग में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले के समापन अवसर पर उपास्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मेले व त्यौहार हमारी प्राचीन समृद्ध संस्कृति के परिचायक है, वर्तमान के भागदौड़ भरे जीवन शैली में मेले और त्योहार हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और अपनी मिट्टी से जोड़े रखने में अत्यंत कारगर है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाले इस प्रकार के मेलों में खेलकूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वह नशे से भी दूर रहते है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 5 सड़क परियोजनाओं पर 59 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है, जिसके तहत ददाहु-बेचड़ का बाग सड़क के अपग्रेडेशन कार्य पर 18 करोड की राशि तथा जमटा-महीपुर सड़क के अपग्रेडेशन कार्य पर लगभग 6 करोड़ की राशि व जमटा-बिरला सड़क के कार्य को 18 करोड़ की राशि से किया जा रहा है। क्षेत्र के संगड़ाह- पालर सडक के अपग्रेडेशन कार्य पर 11 करोड़ तथा पालर-पीडियाधार सड़क निर्माण पर 6 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र में नाबार्ड के अंतर्गत बन रही भराड़ी - भ्रूण सड़क के निमार्ण पर 6 करोड़, नौहराधार-चुड़धार वाहन मार्ग निर्माण पर 5 करोड़, चाड़ना-गुदगधार सड़क के निर्माण पर 6 करोड़,रामपुर-पलाऊ सड़क निर्माण पर 3 करोड़ जबकि गेहल-डीमाईना सड़क निर्माण पर 2 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि व्यय की जा रही है।

लोक निर्माण मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेचड़ का बाग में साइंस लैब के लिए 40 लाख देने की घोषणा की। मेला आयोजन समिति को 51 हजार रुपए देने की भी घोषणा की।

**आरोप** पेयजल योजनाओं में बारिश से आई सिल्ट, पेयजल को लेकर हाहाकार

## पानी भंडारण में विभाग नाकाम, जनता परेशान: शैलेंद्र

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** पेयजल योजनाओं में बारिश से आई सिल्ट के चलते शहर में पेयजल को लेकर मची हाहाकर के बीच भाजपा ने जल शक्ति विभाग को कटघरे में खड़ा कर सरकार पर जल वितरण व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया है। वहीं शहर में पानी की किल्लत का यह आलम है कि नगर निगम और प्रशासन को टैंकर से पानी की मांग पूरी करनी पड़ रही है। वार्ड 9 में पिछले 8 दिन से सप्लाई नहीं होने के चलते शनिवार को टैंकर से पानी की सप्लाई की गई। वहीं भाजपा सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र ने कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार ने हाल ही में निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में वितरण का कार्य जल शक्ति विभाग करेगा, लेकिन विभाग अपनी मूल जिम्मेदारी यानी भंडारण का कार्य भी ढंग से नहीं कर पा रहा है। शैलेंद्र ने कहा कि कांग्रेस समर्थित मेयर और पार्षदों ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि जल शक्ति विभाग को जिम्मेदारी सौंपकर जनता को बेहतर सुविधा दी जाएगी। लेकिन आज हकीकत यह है कि विभाग न तो पर्याप्त भंडारण कर पा रहा है और न ही नगर निगम वितरण को लेकर कोई ठोस व्यवस्था बना पा रहा है।

भाजपा नेता ने कहा कि सोलन तेजी से बढ़ता हुआ शहर है, जहां आबादी और शहरीकरण लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में पानी जैसी बुनियादी सुविधा पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है।





### कांग्रेस की योजनाएं केवल कागजों में

**शैलेंद्र** ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल कागजों में योजनाएं बनाती है, लेकिन धरातल पर हालात उलटे हैं। लोग पानी के लिए परेशान हैं और सरकार मौन धारण किए बैठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की आवाज उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीति का विषय नहीं है बल्कि जनता के जीवन से जुड़ा सवाल है। पानी हर व्यक्ति का बुनियादी अधिकार है और इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की है।

## राष्ट्र की अखंडता और एकता को बनाए रखने में करें कार्य

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

उपमंडलीय मुख्यालय राजगढ़ के अंबेडकर भवन में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मुख्यातिथि एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। अपने विस्तृत संबोधन में एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने अखंड भारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्ता और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। देश अनेकता में एकता का परिचायक है जहां पर सभी धर्मों व समुदाय के लोग मिल कर रहते हैं ।



उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्र की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए जागरूकता, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। कार्यक्रम में तहसीलदार उमेश शर्मा, नप की अध्यक्षा ज्योति साहनी, पूर्व नप अध्यक्ष दिनेश आर्य, कपिल ठाकुर, विवेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।

## न्यूज ब्रीफ

### पच्छाद के मुख्यालय सराहां में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** आजादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर उपमंडल पच्छाद के मुख्यालय सराहां में एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा के आवाहन पर प्रातः काल में सफाई अभियान छेड़ा गया जिसमें एसडीएम कार्यालय से न्यू बस स्टैंड व सराहां बाजार की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर बहुत ज्यादा गंदगी वाले प्वाइंट चिन्हित किए गए और भविष्य में वहां गंदगी न हो इसके लिए जरूरी कदम उठाए गए। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को सफाई के लिए जागरूक भी किया गया। उसके उपरांत सराहां के शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने ध्वजारोहण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

### राजगढ़ में भाजपा ने की पंचायत चुनाव की तैयारियां

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धीरज गुप्ता ने की। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले नगर पंचायत और ग्राम पंचायत चुनावों में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर सक्रिय हो, लोगों से मिले और भाजपा की कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। धीरज गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीब कल्याण और उनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्पष्ट नीति, साफ नीयत और निर्णयकारी नेतृत्व का ही परिणाम है कि देश के गरीबों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

### ग्राम पंचायत मशीवर में पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन।** ग्राम पंचायत मशीवर में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम ध्वज की पूजा की गई उसके उपरांत ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। पूर्व में रहे सभी प्रधान उपप्रधान ब्लॉक समिति सदस्य वार्ड सदस्यों को भी प्रधान द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधान नरेंद्र ठाकुर ग्राम पंचायत मशीवर प्रधान द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान चतर सिंह रघुवंशी रीता कश्यप, राजेंद्र कश्यप, किरण शर्मा, पूर्व उप प्रधान विजय राम कश्यप, राजेश शर्मा कुलदीप ठाकुर उपस्थित रहे। पूर्व सैनिकों में राजाराम, संजीव कुमार, पदम सिंह थापा व राजेंद्र को सम्मानित किया गया।

### श्री महामाया बाला सुंदरी आश्विन नवरात्र मेला 22 सितंबर से

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उत्तर भारत का प्रसिद्ध श्री महामाया बाला सुंदरी आश्विन नवरात्र मेला त्रिलोकपुर में आगामी 22 सितंबर से आरम्भ होकर 07 अक्तूबर 2025 तक चलेगा। मेले के आयोजन से जुड़े विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन उपायुक्त सिरमौर एवं आयुक्त मंदिर न्यास त्रिलोकपुर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस समीक्षा बैठक में विधायक नाहन अजय सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि आश्विन नवरात्र मेले के दौरान यात्रियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु मंदिर न्यास प्रयासरत है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कालाअंब से त्रिलोकपुर मुख्य मार्ग तथा त्रिलोकपुर से अन्य संपर्क मार्गों की समय रहते मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। मेले के आयोजन हेतु एसडीएम नाहन को मुख्य मेला अधिकारी, तहसीलदार नाहन मेला अधिकारी तथा डीएसपी नाहन कानून सुरक्षा व्यवस्था हेतु मेला पुलिस अधिकारी होंगे।

### बोहलियों स्कूल में दो पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नेशनल हाईवे देहरादून- चंडीगढ़ पर स्थित बोहलियों जमा स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। स्कूल प्रबंधन व छात्रों ने बड़े धूमधाम से मनाया। मुख्यातिथि के रूप में आये दो पूर्व सैनिकों बलिंद्र सिंह और पूर्व सैनिक कश्मीर चंद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना के पराक्रम के जानकारी दी। कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना के साथ आमने-सामने की लड़ाई में छक्के छुड़ाने वाले जांबाज पूर्व सैनिक बलिंद्र सिंह एक और पूर्व सैनिक कश्मीर चंद निवासी बोहलियों गांव को इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की तरफ से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए तथा देश के शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर अपने विचार रखे। इस मौके पर स्कूल की कार्यवाहक प्रिंसिपल भावना साथी ने स्वतंत्रता दिवस पर छात्रों को सम्बोधित किया ओर कहा कि हमें अपने शहीदों की कुर्बानियों को सदैव याद रखना है जिनके बलिदानों से देश/स्वतंत्र हुआ। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ अदिति, अर्चना, संगीता, अनिशा, प्रियंका, रेणु, कीर्ति, मंजू, विक्रम व देविंद्र एंव एसएमसी सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सोलन महाविद्यालय में पीटीए की कार्यकारिणी का गठन



**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में प्राध्यापक-अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनी गई नई कार्यकारिणी अध्यक्ष ओम प्रकाश कश्यप, उपाध्यक्ष: संतोष ठाकुर, जर्नल सेक्रेटरी डॉ. सतीश ठाकुर, ज्वाइंट सेक्रेटरी अजित पंडित, कोषाध्यक्ष प्रो. वंदना गुप्ता, कार्यकारी सदस्य में विरेंद्र पंडित, आरती शर्मा, डॉ. मीनू कुंडी, डॉ. अलीशा चौहान एवं डॉ. हीरा छेत्री शामिल है।

### पुलिस लाइन के समीप फिर धंसा फोरलेन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस लाइन सोलन के समीप लगातार फोरलेन धंस रहा है। यहां पर बीते दिन हुई बारिश से फिर से दरारें आ गई हैं। यह दरारें काफी बड़ी हो चुकी हैं। इससे पहले भी यहां पर हल्की दरारें आई थीं और एक लेन काफी पहले से बंद कर दी गई है। बावजूद इसके यहां पर अब पूरी तरह से इस सड़क के गिरने का खतरा मंडरा गया है। यहां पर पहले ही फोरलेन निर्माण पर सवाल खड़े हो रहे थे। निर्माण कंपनी ने कच्ची मिट्टी पर फोरलेन तैयार कर दिया था जो बनने के बाद ही धंसना शुरू हो गया था।

### अघोषित बिजली कट से करोड़ों का कारोबार प्रभावित

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** बीबीएन, परवाणू समेत अन्य जगहों में बिजली के अघोषित कटों से उद्योगों को करोड़ों रुपए का घाटा सहना पड़ा है। बरसात के बीच उद्योगों में लग रहे कटों से कारोबार प्रभावित हो रहा है। हालात ये है कि उद्योगों में मशीनें तक सही प्रकार से नहीं चल पा रही हैं। इस कारण उद्योग सप्लाई ऑर्डर पूरे नहीं कर पा रहे हैं। ज्यादातर उद्योगों में कट लगने के बाद वर्करों को भी परेशान होना पड़ रहा है। मजबूरी में उन्हें छुट्टी तक करनी पड़ती है। इससे उद्योगों को चलाने में दिक्कत आ रही है। बोर्ड के अधिकारी बारिश में पेड़ गिरने और अन्य दिक्कतों को बताकर समस्या को अनसुना कर रहे हैं। करोड़ों रुपए का राजस्व देने के बाद कंपनियों को प्रदेश में बिजली कट की दिक्कत से दो-चार होना पड़ रहा है। अधिक नुकसान फार्मा उद्योगों को हो रहा है। बीते एक सप्ताह से परवाणू, बद्दी, नालागढ़, बरोटीवाला समेत अन्य जगहों पर उद्योग इस प्रकार की समस्या से जूझ रहे हैं। इस के बारे में बोर्ड को भी बताया जा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पा रहा है। इसका घाटा उद्योगों को होना शुरू हो गया है। उद्योगों के मालिकों ने बताया कि सरकार प्रदेश में बिजली कट लगा दिया जाता है। आधे घंटे बाद बिजली सुचारु होती है। इसके बाद मशीनों को जब चलाया जाता है और वे रसिंग होती है और उत्पादन करने के मुताबिक हिट हो जाती है तो फिर कट लग जाता है। इससे कार्य ठप हो जाता है। उधर बिजली बोर्ड के कार्यकारी अधीक्षण अभियंता इंजीनियर राहुल वर्मा कहना है कि बिजली कट लगने के कारण का पता लगाकर समाधान किया जाएगा। बीबीएन प्रदेश का बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां पर फार्मा समेत अन्य दो से ढाई हजार उद्योग है। परवाणू में 150 से अधिक उद्योग कार्य कर रहे हैं जबकि धर्मपुर और सोलन क्षेत्र में भी उद्योग स्थापित है। यहां पर रोजाना कट लग रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सेंट्रल बैंक ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय,सेक्टर 17, चंडीगढ़ में 79वां स्वतंत्रता दिवस गरिमा और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम अरविंद कुमार, आंचलिक प्रमुख, चंडीगढ़ जोन के मार्गदर्शन तथा संदीप कर, उप महाप्रबंधक-सीआईए एवं राम कुमार यादव, क्षेत्रीय प्रमुख की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर बैंक के स्टाफ सदस्यों एवं आर्म गार्ड्स को उनकी प्रतिबद्धता और निष्ठापूर्ण सेवा के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

### एचएस लक्की झारखंड के संगठनात्मक पर्यवेक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की को झारखंड का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत की गई है, जिसकी औपचारिक घोषणा एआईसीसी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की स्वीकृति के बाद की। लक्की को झारखंड में जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के नाम सुझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक पुनर्गठन प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। इससे पहले हरियाणा में भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई गई थी। लक्की ने इस नियुक्ति के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया और कहा, 'मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता विपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और एआईसीसी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।'

### रायपुर खुर्द के सरकारी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर के शैक्षणिक संस्थानों में मंगलवार को आजादी कर पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल व कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, एकल व सामूहिक गायन और नाटक प्रस्तुत कर आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी उपलक्ष्य में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायपुर खुर्द के प्रांगण में भी आजादी का जश्न बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी रविंदर सिंह बिल्ला



मुख्यअतिथि थे। स्कूल के प्रिंसिपल संजीव कुमार व मुख्यातिथि ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रीय गान भी गाया गया। वहीं, इस मौके एनसीसी कैडेट ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तो छात्र-छात्राओं ने नृत्य, नाटक व गीत प्रस्तुत किए। इसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, नाटक, एकल व सामूहिक गायन और नाटक प्रस्तुत कर आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि बिल्ला ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और देश की आजादी को हासिल करने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान को याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया और देश की भावी पीढ़ी को सदैव उनके द्वारा दी गई शहादत को याद रखने के लिए कहा तथा बच्चों को देश सम्मान व इज्जत बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री सैनी ने स्वतंत्रता दिवस पर आत्मनिर्भर भारत और विकसित हरियाणा का संकल्प दोहराया

## रोहतक में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है और इसे विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनाने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' और स्वदेशी को अपनाना जरूरी है। उन्होंने वैज्ञानिकों, तकनीशियनों और उद्योगपतियों से आत्मनिर्भर भारत में योगदान की अपील की। सैनी ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि हरियाणा के वीरों ने देश की रक्षा में कई युद्धों में बलिदान दिए हैं। सरकार ने शहीदों के परिवारों के लिए पेंशन 40,000 रुपए मासिक और अनुग्रह राशि एक करोड़ रुपए तक बढ़ाई है। 410 शहीदों के आश्रितों को सरकारी नौकरियाँ भी दी गई हैं।

उन्होंने सेना के ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी हथियारों और तकनीक ने भारत की सैन्य ताकत को सिद्ध किया है। तीनों सेनाओं के शौर्य को उन्होंने सलामी दी। विकसित भारत संकल्प की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा खाद्यान्न, ऑटोमोबाइल और ट्रैक्टर निर्माण में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार पर कड़ी चोट की है और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देकर योजनाओं को परिवार पहचान पत्र से जोड़ा है।

उन्होंने कहा कि बिना खर्ची-पर्ची के 1.8 लाख सरकारी नौकरियां दी गई हैं। हाल ही में सफलतापूर्वक कॉमन पात्रता परीक्षा आयोजित की गई और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 5,000 युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने की योजना बनाई गई है।

# मेयर बबला ने एमसीसी भवन में फहराया राष्ट्रीय ध्वज




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम चंडीगढ़ ने सेक्टर-17 स्थित एमसीसी भवन में एक सादे, लेकिन गरिमामय समारोह का आयोजन किया। समारोह की मुख्यातिथि मेयर हरप्रीत कौर बबला ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर आयुक्त अमित कुमार (आईएएस), विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, वरिष्ठ उपमहापौर जसबीर सिंह बंटी समेत कई पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मेयर ने अपने संबोधन में चंडीगढ़ की स्वच्छता उपलब्धियों, स्मार्ट शहर परियोजनाओं और पर्यावरणीय प्रयासों को साझा किया। उन्होंने बताया कि शहर स्वच्छ भारत रैंकिंग में 11वें से 2वें स्थान पर पहुंचा है। डंपिंग ग्राउंड के कचरे का निपटान लगभग पूरा हो चुका है और प्लास्टिक-मुक्त शहर की दिशा में अभियान तेज किया गया है।

चंडीगढ़ में जल्द ही एआई आधारित स्मार्ट पार्किंग प्रणाली लागू की जाएगी। साथ ही, नगर निगम द्वारा सार्वजनिक संसाधनों के निजी प्रबंधन जैसे जिम, पार्क फव्वारे, गौशालाएं आदि के माध्यम से राजस्व सृजन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। समारोह में मेयर और आयुक्त ने निगम कर्मचारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

## सीआरपीएफ सोल्जर को पार्क अस्पताल मोहाली में ब्रेन स्ट्रोक सर्जरी के बाद मिला नया जीवन

**अनंत ज्ञान, मोहाली**

लेह में अधिक ऊंचाई पोस्ट में तैनात सीआरपीएफ सोल्जर को पार्क ग्रीशियन अस्पताल, मोहाली में सफल ब्रेन स्ट्रोक सर्जरी के बाद नया जीवन मिला। अत्यधिक मौसम की परिस्थितियों के कारण, सोल्जर का रक्त अनियमित रूप से गाढ़ा हो गया, जिससे उसका हीमोग्लोबिन बढ़ गया और हेमरेज ब्रेन स्ट्रोक हुआ।



सोल्जर को भारतीय वायु सेना द्वारा विमान से मोहाली ले जाया गया और पार्क ग्रीशियन अस्पताल में गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया। बिना समय बर्बाद किए, कंसलटेंट न्यूरोसर्जरी डॉ. अनिल सोफत की अगुवाई में न्यूरोसर्जिकल टीम ने मध्य रात्रि में आपातकालीन ब्रेन सर्जरी की, जो छह घंटे तक जारी रही। सर्जरी के बाद मरीज को चार दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। वह अब अच्छी तरह से ठीक हो रहा है और खतरे से बाहर है। डॉ. अनिल सोफत ने कहा कि मरीज की स्थिति के कारण एक उच्च जोखिम वाला मामला था। मैसिव मिडलाइन शिफ्ट और गंभीर मस्तिष्क सूजन थी। ऑपरेशन के बाद, मरीज को हमारी क्रिटिकल केयर टीम द्वारा बहुत अच्छी तरह से मैनेज किया गया। हमें गर्व है कि हम ऐसे कठोर परिस्थितियों में देश की सेवा करने वाले एक सैनिक की सेवा करने में सक्षम रहे।

## एमसीएम कॉलेज ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस, राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ ने 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने तिरंगा फहराया और छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। स्वतंत्रता सप्ताह में भाग लेने वाले छात्रों और संकाय सदस्यों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में 'स्वतंत्रता सप्ताह' के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। एनएसएस और एनसीसी ने तिरंगा यात्रा, बधेरी गांव में एकता की शपथ और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए। गृह विज्ञान, ललित कला और संगीत विभागों ने रंगोली, चित्रकला और देशभक्ति गीत प्रतियोगिताएं आयोजित कर छात्राओं की रचनात्मकता को मंच दिया। वाडा क्लब ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत जन-जागरूकता अभियान, योग सत्र, वृक्षारोपण, और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को जागरूकता से जोड़ा।

प्राचार्या नीना शर्मा ने स्वतंत्रता के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को तकनीक का सकारात्मक उपयोग करते हुए सामाजिक बदलाव के लिए आगे आना चाहिए। समारोह राष्ट्र को सशक्त बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

# एसबीआई ने उत्साह और उमंग से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ मंडल ने 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर एसबीआई चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। गर्व एवं श्रद्धा से परिपूर्ण सभी स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित स्टाफ सदस्यों और आम लोगों ने राष्ट्रगान गाया।

शर्मा ने इस अवसर पर कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने देश के आर्थिक विकास में अपने बैंक के योगदान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि नई डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं से लेकर दूर-दराज के गांवों में शाखाओं और एटीएम खोलने तक, एसबीआई की पहुंच हर जगह है।

इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने कविताओं और देशभक्ति गीतों का पाठ किया। यह आयोजन राष्ट्र की प्रगति के प्रति हमारी एकता, प्रतिबद्धता और योगदान का प्रतिबिंब था।

## देश-विदेश

# राम माधव ने कहा-भाजपा और संघ के बीच कोई मतभेद नहीं

### मुद्दा नहीं मिलने पर अटकलें लगाता रहता है विपक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आरएसएस के वरिष्ठ नेता राम माधव ने भाजपा और आरएसएस के बीच मतभेद की अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने शनिवार को एक न्यूज एजेंसी से कहा कि दोनों संगठन अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा राजनीति में और आरएसएस सामाजिक सेवा के लिए जानी जाती है। दरअसल, दोनों एक वैचारिक परिवार से जुड़े दो संगठन हैं। माधव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल पीएम मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण में आरएसएस का जिक्र करने को लेकर आलोचना कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने संगठन के उल्लेख को संविधान और तिरंगे का अपमान बताया है। (अनंत ज्ञान)

### लाल किले से पीएम मोदी ने की थी संघ की तारीफ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लाल किले पर 79वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में कहा था कि आज गर्व के साथ मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि 100 साल पहले एक संगठन आरएसएस का जन्म हुआ। 100 साल की राष्ट्र सेवा गौरवपूर्ण है। आरएसएस ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर 100 साल मां भारती के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। संघ दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा था कि पीएम ने अपने भाषण में आरएसएस का जिक्र मोहन भागवत को खुश करने के लिए किया, क्योंकि मोदी अब पूरी तरह उनके भरोसे हैं। उन्हें उनकी कृपा चाहिए।

**कांग्रेस ने कहा मोदी को संघ की कृपा चाहिए**

## ईडी की तमिलनाडु के मंत्री पेरियासामी के परिसरों पर छापेमारी

**एजेंसी, तूतीकोरिन।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को तमिलनाडु के मंत्री और वरिष्ठ डीएमके नेता आई पेरियासामी और उनके विधायक पुत्र आईपी सेंथिलकुमार से जुड़े परिसरों पर छापामारी की। पेरियासामी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी पर डीएमके नेता कनिमोझी ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आयकर और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए हथियार बना लिया है। मंत्री आई पेरियासामी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी से डीएमके डरने वाली नहीं है। कनिमोझी ने आरोप लगाया कि केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा आयकर, प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल डीएमके के वरिष्ठ मंत्रियों के खिलाफ भी किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# बेंगलुरु में बिल्डिंग में लगी आग राजस्थान के पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, जालोर**

बेंगलुरु में स्टील मार्केट की एक बिल्डिंग में लगी आग में राजस्थान के 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में जालोर जिले के 2 बिजनेसमैन हैं। हादसे में भीनमाल के रहने वाले बिजनेसमैन मदन सिंह राजपुरोहित, उनकी पत्नी और 2 नाबालिग बेटे भी जिंदा जल गए। वहीं, हादसे में रानीवाड़ा के रहने वाले एक अन्य बिजनेसमैन की दम घुटने से मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को भी बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह तक बिल्डिंग जलती रही। आग इतनी भीषण थी कि इसे बुझाने में 18 दमकल गाड़ियां जुटी थीं। संकरी गलियों के कारण फायर ब्रिगेड को घटनास्थल तक पहुंचने में परेशानी हुई। हादसे में रानीवाड़ा (जालोर) के भादरूणा गांव के सुरेश कुमार (25) की भी मौत हुई है। सुरेश कुमार की मार्केट में क्रॉकरी की दुकान थी। सुरेश भी उसी बिल्डिंग में दूसरी मंजिल पर बने एक गोदाम में सो रहा था। सुरेश का परिवार बेंगलुरु में ही रहता है। (अनंत ज्ञान)



**मृतकों में जालोर जिले के दो बिजनेसमैन**

### 15 साल से बेंगलुरु में ही रह रहे थे बिजनेसमैन राजपुरोहित

**जानकारी** के अनुसार मदन सिंह राजपुरोहित जालोर के मोदरान के रहने वाले थे। वह 15 साल से परिवार के साथ बेंगलुरु में रह रहे थे। उनका लकड़ी के बर्तनों का बिजनेस था। आग उनके गोदाम में लगी थी। इसके बाद बिल्डिंग के बाकी हिस्से में फैल गई। बिजनेसमैन की मौत गोदाम में हुई, जबकि पत्नी और दो बेटों की मौत फ्लैट में हुई। बिजनेसमैन के रिश्तेदार अनिल सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मदन सिंह के यहां शुक्रवार को कुछ रिश्तेदार आए थे। शाम को मदन सिंह परिवार के साथ रिश्तेदारों को एयरपोर्ट छोड़कर लौटे थे। दिन में गोदाम संभालने का टाइम नहीं मिला। इसलिए रात को डिनर के बाद गोदाम में काम करने के लिए गए थे। लौटने पर परिवार की नींद डिस्टर्ब न हो इसलिए फ्लैट का गेट बाहर से बंद कर दिया था। अनुमान है कि इसी कारण पत्नी और दोनों नाबालिग बेटे फ्लैट से बाहर नहीं निकल सके।

## एनडीए आज करेगा उपराष्ट्रपति प्रत्याशी की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए कैंडिडेट के नाम पर 17 अगस्त को मुहर लगेगी। सूत्रों के अनुसार, भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार शाम 6 बजे होगी, इसमें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम फाइनल किया जा सकता है। यह कैंडिडेट 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उधर, विपक्षी गठबंधन के नेता भी उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विपक्ष के लीडर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

## पाकिस्तान में बाढ़ से 320 लोगों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 320 लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में करीब 320 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 194 लोगों की मौत हुई। शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया।

## कोरियाई विदेश मंत्री ने जयशंकर से की भेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून पहली बार भारत दौरा कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय समकक्ष डॉ. एस जयशंकर के साथ बैठक की। दोनों देशों के मंत्रियों ने आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। जाहिर ह्यून ने भारत दौरे पर क्या बातें कीं और क्यों अहम है उनकी यह पहली यात्रा है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कोरियाई विदेश मंत्री से बैठक के बाद कहा, एक पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में मेजबानी करना बहुत विशेष सौभाग्य है। ह्यून के विदेश मंत्री बनने पर बधाई देते हुए जयशंकर ने कहा, हमारे स्वतंत्रता दिवस और कोरियाई राष्ट्रीय दिवस के केवल एक दिन बाद उनकी भारत यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को दिए जाने वाले महत्व के बारे में बहुत कुछ कहती है। जयशंकर ने कोरिया को राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। (अनंत ज्ञान)

## कोलकाता में 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर हंगामा

**एजेंसी, कोलकाता**

शनिवार को कोलकाता में फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान हंगामा हो गया। कार्यक्रम एक निजी होटल में रखा गया था। फिल्म के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में रुकावट डाली गई और कुछ ही देर बाद अचानक रोक दिया गया। विवेक ने कहा, 'अगर यह तानाशाही या फासीवाद नहीं है तो और क्या है? राज्य में कानून-व्यवस्था फेल हो चुकी है। इसी वजह से लोग द बंगाल फाइल्स को सपोर्ट कर रहे हैं। अभी मुझे पता चला है कि कुछ लोग यहां आए और सभी तार काट दिए। मुझे नहीं पता किसके आदेश पर यह हो रहा है। सभी टेस्ट और ट्रायल के बाद यह कार्यक्रम हो रहा था। होटल मैनेजमेंट भी हमें नहीं बता पा रहे कि हमें क्यों रोका गया।' (अनंत ज्ञान)

**डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने कहा कोलकाता में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल**



# दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में यमुना का जलस्तर 204.65 मीटर पहुंच गया, यह खतरे के निशान से ऊपर है। वहीं, मुंबई में शुक्रवार रात से तेज बारिश शनिवार को भी जारी रही। विक्रोली इलाके में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक 213 एमएम बारिश हुई। यहां जनकल्याण सोसाइटी के वर्षा नगर इलाके में लैंडस्लाइड की वजह से दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हैं। रविवार को भी मुंबई समेत महाराष्ट्र के छह जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। हार्बर लाइन पर रेलवे ट्रैक पानी में डूब गया है। सायन, वाशी, नवी मुंबई समेत कई इलाकों में करीब चार फीट तक पानी भर गया। प्रशासन ने जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने को कहा है। वहीं, बिहार के सीमांचल और पूर्वी जिलों में बाढ़ के हालात हैं। भागलपुर जिले में 6 लाख लोग इससे प्रभावित हैं। गंगा-कोसी का जलस्तर बढ़ने से फरक्का बैराज के सभी 109 गेट खोले गए। हालांकि, राज्य में सामान्य से कम बारिश हुई है। अब तक 647 एमएम सामान्य बारिश के मुकाबले केवल 492 एमएम बारिश हुई है। (अनंत ज्ञान)

## हफ्ते में 919 रुपए सस्ता हुआ सोना, चांदी चमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने के दाम में गिरावट रही, चांदी महंगी हुई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। 8 अगस्त को एक किलो चांदी की कीमत 1,14,732 रुपए थी। 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए और 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)



## प्रतिक्रिया

### अलास्का में ट्रंप और पुतिन की मुलाकात का भारत ने किया स्वागत

# संवाद से ही बनेगी शांति की राह: जायसवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है।



रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो।

रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप-पुतिन वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में हुई शिखर वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात हुई। हालांकि बैठक को उपयोगी बताते हुए भी डोनाल्ड ट्रंप ने यह साफ किया कि फिलहाल कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन अभी हम पूरी मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं।

### पुतिन और जेलेंस्की के बीच बैठक संभव: ट्रंप

**डोनाल्ड** ट्रंप ने बातचीत को बहुत सकारात्मक बताते हुए संकेत दिया कि जल्द ही पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बैठक हो सकती है, जिसमें वे खुद भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह बैठक कब और कहां होगी। पुतिन ने जेलेंस्की से मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका-रूस वार्ता को सकारात्मक रूप से देखेंगे और प्रगति में बाधा नहीं डालेंगे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन फाइनल में

**एजेंसी, बेगा (आस्ट्रेलिया)।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मिस्र की नूर काफागी को कड़े मुकाबले में हराकर एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई खेलों की दोहरी कांस्य पदक विजेता 17 वर्ष की अनाहत ने सेमीफाइनल में 3-2 (10-12, 11-5, 11-5, 10-12, 11-7) से जीत दर्ज की। पीएसए कूपर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय अनाहत का सामना अब मिस्र की हबीबा रानी से होगा जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके को 3-1 (11-9, 7-11, 12-10, 11-6 ) से हराया। अनाहत को मैच के दौरान चोट भी लगी, लेकिन वह खेलती रही। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेली वार्ड को 3-0 से हराया था। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का निधन

**एजेंसी, सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, कप्तान और कोच और आस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सबसे प्रभावी हस्तियों में से एक बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की उम्र में यहां निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को सिम्पसन के निधन की पुष्टि की। सिम्पसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 1957 से 1978 के बीच 62 टेस्ट और दो वनडे खेले थे। उन्होंने 4869 टेस्ट रन बनाए, जिसमें दस शतक और 27 अर्द्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 71 विकेट भी लिए और 39 टेस्ट में कप्तानी की। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में न्यू साउथ वेल्स के लिए विक्टोरिया के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह 1986 से 1996 के बीच ऑस्ट्रेलिया के कोच भी रहे। (अनंत ज्ञान)



### सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर

**एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)।** विश्व चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए। पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके। आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवा, जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया। आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24.5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40000 डॉलर मिले। (अनंत ज्ञान)

### स्मृति मंधाना का दिलकश अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना अपने खेल के साथ-साथ अपनी सुंदरता से भी फेंस का दिल जीतती रहती हैं। फेंस उनके यहां तक दीवाने हैं कि उन्हें नेशनल क्रश तक घोषित कर दिया है। स्मृति की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है उनके इंस्टाग्राम पर 12 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



## टी20 क्रिकेट — ग्लेन मैक्सवेल ने खेली एक और धमाकेदार पारी

# ऑस्ट्रेलिया ने द. अफ्रीका को हराकर 2-1 से जीती सीरीज

**एजेंसी, कार्न्स**

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया, जिसकी मदद से कंगारूओं ने दो विकेट से जीत दर्ज की। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने एक गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 173 रन बनाकर मैच तथा सीरीज अपने नाम कर ली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी की जिसे एडेन मार्करम ने हेड को आउट कर तोड़ा जो 19 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जोश इंग्लिस खाता खोले बिना आउट हुए और मार्श भी अर्द्धशतक लगाकर 37 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए।



मैच जीतने के बाद खुशी जाहिर करता ग्लेन मैक्सवेल।

### डेवाल्ड ब्रेविस ने खेली अर्द्धशतकीय पारी

**इससे** पहले, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने 49 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, लेकिन एक बार फिर डेवाल्ड ब्रेविस की धुआंधार बल्लेबाजी देखने मिली। ब्रेविस ने 22 गेंदों पर अर्द्धशतक पूरा किया, लेकिन 26 गेंदों पर एक चौका और छह छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर आउट हुए। वान डेर डुसेन ने 26 गेंदों पर तीन चौकों के सहारे नाबाद 38 रनों की पारी खेली जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 170 रन का स्कोर पार करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस ने तीन विकेट लिए, जबकि जोश हेजलवुड और एडम जैम्पा को दो-दो विकेट मिले।

### मैक्सवेल के तूफान को नहीं रोक सका दक्षिण अफ्रीका

**दक्षिण** अफ्रीका ने इसके बाद वापसी की और कैमरन ग्रीन (9) और टिम डेविड (17) को आउट कर 120 रन के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को पवेलियन भेजा। आरोन हार्डी (1) भी कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन फिर मैक्सवेल का तूफान दिखा, जिसे दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज काबू नहीं कर सके। एक छोर से जहां मैक्सवेल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे थे, वहीं दूसरे छोर से निचले क्रम के बल्लेबाज अपने विकेट गंवाते जा रहे थे। हालांकि, बेन ड्वारशुईस ने मैक्सवेल का साथ दिया। उन्होंने भले ही एक रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर टिके रहे। मैक्सवेल और ड्वारशुईस के बीच 7वें विकेट के लिए 41 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। मैक्सवेल 36 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने तीन विकेट झटके, जबकि कगिसो रबाडा और कवेना मफाका ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, मार्करम को एक सफलता मिली।

## भारतीय मुक्केबाज चीन में 'इंटरनेशनल यूथ गाला' में पेश करेंगे चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत का 40 खिलाड़ियों सहित 59 सदस्यीय दल चीन के झिंजियांग प्रांत के उरुमकी में 17 से 30 अगस्त तक चलने वाले तीसरे 'बेल्ट एवं रोड' 'इंटरनेशनल यूथ गाला' मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर एवं टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेगा।भारतीय दल में 20 लड़कों और 20 लड़कियों के अलावा 12 कोच, छह सहायक कर्मचारियों और एक रेफरी शामिल हैं। यह दल चीन पहुंच चुका है।



चीन मुक्केबाजी महासंघ और झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र सरकार द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरुआत 17 से 25 अगस्त तक उरुमकी में एक प्रशिक्षण शिविर से होगी। इसके बाद 26 से 29 अगस्त तक उरुमकी और यिली में प्रतियोगिता चरण आयोजित होंगे। भारत की ओर से इस आयोजन में सिर्फ अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भाग ले रहे हैं। मुक्केबाजों का चयन छठी अंडर-17 जूनियर लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया है, जिसमें एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों में स्वर्ण और रजत पदक विजेता और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों में स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। मुक्केबाज इस दौरान कई भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अंडर-17 लड़के और लड़कियां 46 किग्रा, 48 किग्रा, 50 किग्रा, 52 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा, 63 किग्रा, 66 किग्रा, 70 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा और 80 से अधिक किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगे।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिता में भाग लेने से भारत के युवा मुक्केबाजों को मजबूत वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बहुमूल्य अनुभव प्राप्त होने की उम्मीद है। भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष की शुरुआत में एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप में टीम 43 पदकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल से कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में नहीं ला रहा मेडल : अनुराग ठाकुर

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** पूर्व मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार देर शाम गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज हमीरपुर में जिमखाना कल्ब का शुभारंभ किया। इस संस्थान में एक ही छत के नीचे बैडमिंटन, पिक्कल बॉल, जिम, फिटनेस कोर्ट के अलावा क्रिकेट प्रैक्टिस करने की सुविधा खिलाड़ियों को मिलेगी।

इस अवसर पर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री सहित अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित रहे। गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज के सचिव डॉ. रजनीश गौतम ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। डॉ. गौतम ने कहा कि बच्चों को खेलों का नशा करना चाहिए और खेलों का नशा एक बार लग गया तो फिर इसे छोड़ना मुश्किल है।

**हमीरपुर में प्रदेश के पहले पिक्कल बाल कोर्ट का किया शुभारंभ**



अनुराग ठाकुर ने कहा कि ओलंपिक में हिमाचल प्रदेश का कोई भी खिलाड़ी मेडल नहीं ला पा रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने कांगू, हमीरपुर और एक अन्य संस्थान में शूटिंग रेंज खोली थी, बाल स्कूल में शूटिंग रेंज का कोई पता नहीं है। यहां पर हिमाचल के बच्चों ने ही खेलना था। हिमाचल से यदि कोई शूटर निकल आता जो इससे किसी को क्या परेशानी थी। उन्होंने कहा कि कुश्ती और वॉलीबॉल को बढ़ावा देने के लिए इनकी कमेटियों से बैठक की जाएगी। इनके साथ बातचीत करने के बाद कुश्ती और वॉलीबॉल के लिए खिलाड़ी तैयार किए जाएंगे जो आने वाले ओलंपिक में मेडल ला सकें।

## दहिया के शानदार प्रदर्शन से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स जीते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तेजस्वी दहिया के 30 गेंद में नाबाद 70 रन की मदद से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग के वर्षाबाधित मैच में आउटर दिल्ली वारियर्स को तीन विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 16 ओवर में 140 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरस्टार्स की शुरूआत खराब रही और शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाज पहले पांच ओवर में आउट हो गए।

दसवें ओवर में अनमोल शर्मा भी आउट हो गए जिससे आखिरी छह ओवर में 70 रन का लक्ष्य रह गया। पांचवें नंबर पर उतरे तेजस्वी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनगति को बढ़ाया। आखिरी दो गेंद में सात रन चाहिए थे, तब उन्होंने पांचवीं गेंद पर छक्का लगाया और लगातार दूसरे छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। अपनी पारी में उन्होंने चार चौके और छह छक्के जड़े। सुमित कुमार बेनीवाल ने सात गेंद में 19 रन बनाए। आउटर दिल्ली वारियर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ी सुयश शर्मा और अंशुमान हुड्डा ने दो दो विकेट लिए। वहीं, हर्ष त्यागी ने तीन ओवर में 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। इससे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई आउटर दिल्ली वारियर्स के लिए सनत सांगवान ने 14 गेंद में 26 और ध्रुव सिंह ने 31 गेंद में 42 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)



## प्रीमियर लीग: लिवरपूल ने बूर्नमाउथ को 4-2 से हराया

**एजेंसी, लिवरपूल**

गत चैंपियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रद्धांजलि दी, जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ।

दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनट में फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी। मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढ़त उतार दी थी।


जोटा को दी श्रद्धांजलि

पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। मैच शुरू होने से पहले प्रशंसकों ने हाथ में पुर्तगाल के इन दोनों खिलाड़ियों के लिये 'डीजे20 ' और 'एएस30' के प्लेकार्ड ले रखे थे। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया, जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। वह कोप स्टैंडके सामने खड़े रहे। उन्होंने मैच में अपने गोल के बाद जोटा की तरह जश्न भी मनाया। (अनंत ज्ञान)

## भाटिया बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप में संयुक्त 37वें स्थान पर

**एजेंसी, ओविंग्स मिल्स ( अमेरिका )**

भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ा दिया और वह बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप में संयुक्त 46वें से संयुक्त 37वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया का कुल स्कोर चार ओवर (75 और 69) है। टूर चैंपियनशिप के लिए शीर्ष 30 खिलाड़ी ही क्वालीफाई करते हैं। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकलिंटायर छह अंडर-64 और आठ अंडर-62 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। उनसे पांच शॉट पीछे स्कॉटी शेफलेर हैं। (अनंत ज्ञान)



### डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप

## वीर अहलावत का दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन, शुभंकर का खराब फॉर्म जारी



**एजेंसी, कोपेनहेगन।** भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपी वर्ल्ड टूर की डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप के कट में प्रवेश कर लिया। अहलावत एक अंडर (73 और 68) स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं । वहीं शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वह कट में जगह नहीं बना सके। रास्मस होगार्ड ने दूसरे दौर में सात अंडर 64 और कुल 12 अंडर स्कोर करके एकल बढ़त बना ली है। वह डेनमार्क के मार्को पेंगे से दो शॉट आगे हैं। (अनंत ज्ञान)

## अदिति ने पोर्टलैंड में कट में किया प्रवेश



**एजेंसी, पोर्टलैंड।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक में दूसरे दौर में दो अंडर-70 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश कर लिया। अदिति ने पांच बर्डी लगाए और तीन बोगी किए। वह अब संयुक्त 27वें स्थान पर है। भारतीय मूल की अमेरिकी गुरलीन कौर संयुक्त दूसरे स्थान पर है, जबकि भारतीय मूल की कनाडा की गोल्फर सावन्नाह ग्रेवाल संयुक्त 11वें स्थान पर है। कोरिया की जियोंगियुन ली ने छह अंडर 67 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली। (अनंत ज्ञान)

## फुटबॉलर मेसी का भारत दौरा तय प्रधानमंत्री मोदी करेंगे मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फुटबॉल की दुनिया के सुपरस्टार अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी के भारत दौरे को अंतिम मंजूरी मिल गई है। उनके इस दौरे को लेकर भारत के फुटबाल प्रेमियों में भारी उत्साह है। अक्सर टीवी और मोबाइल में उनके मुकाबले देखने वाली प्रशसंको को ले लिए यह अनोखा अनुभव होगा जब वह इस महान खिलड़ी को अपने सामने पाएंगे।



बात करे मेसी के टूर प्रोग्राम की तो तीन दिवसीय दौरे पर वह 12 दिसंबर को कोलकाता आएंगे। मेसी जीओएटी टूर आफ इंडिया 2025 कार्यक्रम के तहत आ रहे हैं। कोलकाता के बाद वह अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली जाएंगे। मेसी से सौरव गांगुली और कोहली की भी बातचीत हो सकती है। अपने दौरे के आखिर में मेसी प्रधानमंत्री आवास जाएंगे और पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। मेसी के आगमन को लेकर पीएमओ के ओर से भी व्यापक तैयारी किए जाने की उम्मीद है। मेसी पीएम से बातचीत करते हुए भारत में फुटबॉल खेल के विकास और आने वाले दिनों में बड़े आयोजनों को लेकर चर्चा कर सकते है। (अनंत ज्ञान)

### बंगाली फिश का चखेंगे स्वाद


**मीडिया** रिपोर्ट्स के मुताबिक मेसी अपने भारत दौरे की शुरुआत कोलकाता से करेंगे, जहां वे दो दिन रुकेंगे। इस दौरान वे बच्चों के लिए विशेष फुटबॉल मास्टरक्लास आयोजित करेंगे, ताकि युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग और प्रेरणा मिल सके। 13 दिसंबर की सुबह उनका मीट-एंड-ग्रीट सेशन होगा, जिसके साथ खास फूड और चाय फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। यहां मेसी के पसंदीदा अर्जेंटीना की माटे चाय और असम टी का अनोखा फ्यूजन परोसा जाएगा। साथ ही बंगाली फिश और पारंपरिक मिठाइयों का भी स्वाद चखाया जाएगा।

## क्रिकेट — जैकब रचेंगे इतिहास, आयरलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरते ही टूट जाएगा 136 साल पुराना रिकॉर्ड

# आयरलैंड टी20 सीरीज के लिए बेथेल बने इंग्लैंड के कप्तान

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने डबलिन में होने वाली तीन टी20 मैच की सीरीज के लिए 21 वर्षीय ऑलराउंडर जैकब बेथेल को कप्तान नियुक्त किया है। इस सीरीज की शुरुआत 17 सितंबर से हो रही है। पहले मैच में मैदान पर उतरते ही बेथेल इंग्लैंड के सबसे युवा पुरुष क्रिकेट कप्तान बनकर 136 वर्षों से कायम रिकॉर्ड तोड़ देंगे। इंग्लैंड के पिछले सबसे युवा कप्तान मोंटी बोडेन थे, जो 1889 में तब 23 वर्ष के थे। तब उन्होंने नियमित कप्तान ऑब्रे स्मिथ के बुखार से बीमार पड़ जाने के कारण दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैच में कप्तानी की थी। (अनंत ज्ञान)



### कुछ सीनियर खिलाड़ियों को दिया गया आराम

**इंग्लैंड** ने अपने कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आयरलैंड दौरे से विश्राम दिया है। इनमें सीमित ओवरों की टीम के नियमित कप्तान हैरी ब्रूक भी शामिल हैं, जो सितंबर की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में टीम की कमान संभालेंगे। बेथेल आईपीएल में विजेता टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा रहे थे। हालांकि, उन्हें ज्यादा मैच खेलने को नहीं मिला था।

### बेथेल भविष्य के सुपरस्टार

**बेथेल** को आने वाले समय का स्टार खिलाड़ी माना जा रहा है। वह बल्लेबाजी के साथ-साथ बाएं हाथ के स्पिनर भी हैं। बेथेल भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड की प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे थे। हालांकि, पिछले कुछ समय से उनका फॉर्म चिंता का विषय रहा है। इस साल चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन के बाद जोस बटलर ने सीमित प्रारूप की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था।

### 21 साल का खिलाड़ी करेगा कप्तानी

**इसके** बाद से टीम नए कप्तान की तलाश में थी। हैरी ब्रूक को सीमित ओवर का कप्तान बनाया गया, जबकि टेस्ट की कमान बेन स्टोक्स ही संभालेंगे। हालांकि, यह देखने वाली बात है कि टीम में फिल सॉल्ट भी हैं, जो टी20 में बटलर के उत्तराधिकारी माने जाते हैं, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने एक 21 साल के खिलाड़ी को कप्तानी सौंपी।

### बेथेल का अंतरराष्ट्रीय करियर

**बेथेल** ने अब तक इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट, 12 वनडे और 13 टी20 खेले हैं। चार टेस्ट में उनके नाम 38.71 की औसत से 271 रन और तीन विकेट हैं। टेस्ट में उन्होंने तीन अर्द्धशतक भी लगाए हैं। इसके अलावा वनडे में उन्होंने 35.22 की औसत से 317 रन बनाए हैं और सात विकेट लिए हैं। वनडे में बेथेल ने तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। टी20 में उन्होंने 40.14 की औसत और 154.40 के स्ट्राइक रेट से 281 रन बनाए हैं। इनमें दो अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा बेथेल ने चार विकेट भी लिए हैं।